श्रर्मा शर्डওবেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 226 | गुवाहाटी | शनिवार, 11 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



बजट सत्र : राज्यपाल ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां पेज 3 | इस साल का बजट महिला नेतृत्व को नई गति देगा : प्रधानमंत्री पेज 4 | योगी कैबिनेट ने कई अहम प्रस्तावों पर लगाई मुहर पेज 5 | पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी शरणार्थी व पाकिस्तानी कहना गलत पेज 8


# महाराष्ट्र के विधायक के बयान पर विस में हंगामा

## राज्यपाल को खत्म करना पड़ा अभिभाषण



**गुवाहाटी।** महाराष्ट्र के एक विधायक के विवादित बयान पर शुक्रवार को असम की विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्यों ने राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के अभिभाषण के दौरान व्यवधान पैदा किया। कटारिया को बजट सत्र के पहले दिन अपना अभिभाषण 15 मिनट में ही खत्म करना पड़ा, क्योंकि विपक्षी सदस्य खड़े हो गए और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों ने यह भी जानना चाहा कि महाराष्ट्र के विधायक के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य बच्चू कडू ने कथित तौर पर सदन में एक प्रस्ताव रखा था कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने के लिए उन्हें असम भेजा जाए, क्योंकि इस पूर्वोत्तर राज्य में स्थानीय लोग इसका सेवन करते हैं। कटारिया ने जैसे ही अपना अभिभाषण शुरू किया, कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने यह मामला उठाया। निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई ने भी कहा कि इस मुद्दे को राज्यपाल के अभिभाषण में शामिल किया जाना चाहिए। विपक्षी विधायकों द्वारा कार्यवाही में व्यवधान जारी रखने के कारण कटारिया को अपना अभिभाषण बीच में ही खत्म करना पड़ा। इसके अलावा, -शेष पृष्ठ दो पर

# मुख्यमंत्री ने प्रदान किए महियासी अवार्ड 2023



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** नगर के पांजाबारी स्थित श्रीमंत शंकरदेव कला क्षेत्र के श्रीमंत शंकरदेव अंतर्राष्ट्रीय ऑडिटोरियम में शुक्रवार को गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था *रत्नम* और असम राज्य महिला आयोग की पहल के तहत आयोजित *महियासी अवार्ड 2023* का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा समेत अन्य असम सरकार के मंत्रियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में साहित्यकार हेमप्रभा बोरा सोनोवाल, हथकरघा शिल्पी हेमंती दलै सुंगक्रंग, लोक कलाकार वैजयंती नाथ तालुकदार, चाय बागानों में नशा व बाल विवाह के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ने वाली सामाजिक कार्यकर्ता भानु तांती और 80 वर्ष की उम्र में भी समर्पित भाव से नर्सिंग के क्षेत्र में अवदान देने वाली स्नेहलता एन सांग्मा को मुख्यमंत्री ने महियासी अवार्ड 2023 प्रदान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सेवाभावी महिलाओं को देखकर मुझे बेहद खुश हो रही है। समाज को प्रकाश के मार्ग पर आगे बढ़ाने के अथक परिश्रम और सेवाभाव की मानसिकता ने इन महिलाओं के जीवन और कार्य को विशेष स्तर दिया है। मैं हर पुरस्कार प्राप्तकर्ता को लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। समाज में असाधारण योगदान और प्रचार से दूर रहने वाली महिलाओं को मान्यता और सम्मान देकर सही अर्थों में उन्हें विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। महान पुरस्कार के माध्यम से अपने कार्यस्थल में विशेष -शेष पृष्ठ दो पर

## आग लगाने को लेकर 13 गिरफ्तार

**शिलांग।** मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में एक पूर्व ग्राम प्रधान के घर में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिले के एसपी जगपाल सिंह ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि यह घटना आठ मार्च की रात करीब  की है। उस वक्त रिंबाई लॉपिनसिन गांव के पूर्व प्रधान के घर को कुछ लोगों के ग्रुप ने आग लगा दी थी। जिले के एसपी जगपाल सिंह ने बताया कि घटना के वक्त एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया गया था, वहीं बाकि के आरोपी अंधेरे का फायदा -शेष पृष्ठ दो पर

# त्रिपुरा सीएम ने किया विभागों का बंटवारा



**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को नए मंत्रियों को विभाग बांट दिए। वहीं सबसे महत्वपूर्ण गृह विभाग अपने पास ही रखा। मुख्य सचिव जेके सिन्हा द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, माणिक साहा ने गृह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और पीडब्ल्यूडी विभाग अपने पास रखा है, जबकि रतन लाल नाथ को बिजली, कृषि और किसान कल्याण का प्रभार दिया गया है। प्रणजीत सिंघा रॉय को योजना और समन्वय और सूचना प्रौद्योगिकी के साथ वित्त विभाग मिला है। सुशांत चौधरी खाद्य और नागरिक आपूर्ति, परिवहन और पर्यटन के नए प्रभारी मंत्री हैं जबकि सनातन चकमा को उद्योग और वाणिज्य का प्रभार दिया गया है। वहीं टिंकू रॉय खेल विभाग देखेंगे। साथ ही बिकाश देबबर्मा को आदिवासी कल्याण, हथकरघा, हस्तशिल्प और रेशम उत्पादन और सांख्यिकी मिला है जबकि सुधांशु दास अनुसूचित जाति कल्याण, पशु संसाधन और मत्स्य पालन के मंत्री हैं। आईपीएफटी के एकमात्र विधायक सुक्ला चरण नोतिया को सहकारिता, आदिम जाति कल्याण (टीआरपी एंड पीटीजी) और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग दिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि अन्य सभी विभाग जो किसी भी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा देखा जाएगा। साहा और उनके मंत्रियों को आठ मार्च को शपथ दिलाई गई थी। मुख्यमंत्री शिक्षा, सूचना और सांस्कृतिक मामले, शहरी विकास, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, -शेष पृष्ठ दो पर

## नगालैंड के सीएम ने वित्त विभाग रखा अपने पास



**कोहिमा।** नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने अपने दो उपमुख्यमंत्रियों और नौ मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया। रियो ने विपक्ष विहीन सरकार में 24 विधायकों को विभिन्न विभागों के सलाहकार के रूप में भी नियुक्त किया। रियो ने वित्त, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार जैसे विभागों को अपने पास रखा। उपमुख्यमंत्री तदितुई रंगकाऊ जेलियांग को योजना और परिवर्तन और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग आवंटित किए गए जबकि दूसरे उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन को गृह और सीमा मामलों के विभाग दिए गए। राज्य की पहली महिला मंत्री सल्हौतुओनुओ क्रूस को महिला संसाधन विकास और बागवानी विभाग दिया गया। संसदीय मामलों का विभाग के जी केन्ये को दिया गया जबकि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग पी पैवांग कोन्याक को दिया गया। सभी पक्षों को समायोजित करने के लिए, रियो ने 24 सलाहकारों -शेष पृष्ठ दो पर


पूर्वাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


# ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने भारतीयों की सुरक्षा का दिया आश्वासन : मोदी



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अलबनीज भारत दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने अपने समकक्ष अलबनीज के साथ शुक्रवार को संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान मोदी ने बताया कि ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के साथ उनकी कई मुद्दों पर बातचीत हुई। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने पर भी चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि मैंने ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की खबरें देखी हैं। मैंने पीएम अलबनीज को इस बारे में बता दिया है। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई उनके लिए प्राथमिकता है। मोदी ने आगे कहा कि मैं भारत में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अलबनीज का स्वागत करता हूं। पिछले साल दोनों देशों ने प्रधानमंत्रियों के स्तर पर वार्षिक समिट करने का निर्णय लिया था। प्रधानमंत्री एंथनी अलबनीज की इस यात्रा से इस श्रृंखला शुभारंभ हो रहा है। मोदी ने कहा कि भारत में उनका आगमन होली के -शेष पृष्ठ दो पर

## जेएनयू सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतिबिंब : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय एक अपेक्षाकृत युवा संस्थान है और यह भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है। विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि महिला शोधार्थियों की संख्या इस समय संस्थान में पुरुषों से अधिक है। यह -शेष पृष्ठ दो पर

## आरएसएस : संघ की शताब्दी वर्ष योजना पर लगेगी अंतिम मुहर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 12-14 मार्च को हरियाणा के समालखा, पानीपत में आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष (2025) को लेकर योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। शताब्दी वर्ष को लेकर बनाई गई पूर्व की योजनाओं की कार्य प्रगति के साथ नए वर्ष में योजनाओं के स्वरूप को अंतिम रूप दिया जाएगा। महर्षि दयानंद के जन्म को 2024 में 200 वर्ष पूरे -शेष पृष्ठ दो पर

## सुप्रभात

अपने मिशन में कामयाब होने का सिर्फ एक ही रास्ता है, किसी भी काम को पूरी लगन के साथ करो।
**अब्दुल कलाम**

# खालिस्तान समर्थक छह यूट्यूब चैनल ब्लॉक




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के अनुरोध के 48 घंटों के अंदर कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक भावनाओं को बढ़ावा देने वाले कम से कम छह यूट्यूब चैनल *ब्लॉक* किए गए हैं। सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने बताया कि विदेशों से संचालित किए जा रहे छह से आठ यूट्यूब चैनल पिछले 10 दिनों में ब्लॉक किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पंजाबी भाषा में सामग्री परोसने वाले ये चैनल सीमावर्ती राज्य में संकट पैदा करने की कोशिश कर रहे थे। हाल ही में, खालिस्तान समर्थक संगठन *वारिस पंजाब* दे के जत्थेदार अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा पंजाब के अजनाला में एक पुलिस थाने पर हमला करने के -शेष पृष्ठ दो पर

## आयरन की 45 गोलियां खाने से मौत

**ऊटी।** तमिलनाडु के ऊटी में आयरन की 45 टेबलेट एकसाथ खा लेने से 8वीं क्लास में पढ़ने वाली स्टूडेंट की मौत हो गई। छह दोस्तों के बीच सबसे ज्यादा गोलियां खाने की शर्त लगी थी। घटना ऊटी म्युनिसिपल उर्दू मिडिल स्कूल की है। मृतक का नाम जेबा फातिमा था। उम्र 13 साल थी। तबीयत बिगड़ने पर फातिमा को अस्पताल ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान तीसरे दिन उसकी मौत हो गई। 6 मार्च को स्कूल में पढ़ने वाले 6 दोस्त लंच के समय प्रिंसिपल के कमरे में गए थे। जहां स्टूडेंट्स ने आयरन की -शेष पृष्ठ दो पर

# एच3एन2 इन्फ्लुएंजा से देश में पहली बार 2 मौत



**नई दिल्ली।** देश में कोविड की तरह फैल रहे एच3एन2 इन्फ्लूएंजा से पहली बार मौतों की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स में हेल्थ मिनिस्ट्री के सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि हरियाणा और कर्नाटक में इन्फ्लुएंजा के एक-एक मरीजों की मौत हुई है। देश में अभी तक एच3एन2 के 90 केस सामने आए हैं। हरियाणा के मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कर्नाटक केस की जानकारी सामने आई है। मृतक का नाम हीरा गौड़ा है और उम्र 82 साल है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के मुताबिक, हीरा की एक मार्च को मौत हुई थी। वह डायबिटीज और हाइपरटेंशन का मरीज था। जांच के दौरान उनका सैंपल लिया गया था। 6 मार्च को सामने आया कि वह एच3एन2 से संक्रमित था। उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को देश में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के बढ़ते मामलों की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने राज्यों को अलर्ट रहने और स्थिति की बारीकी से निगरानी करने के लिए एडवाइजरी जारी की। मांडविया ने बताया कि सरकार स्थिति से निपटने के लिए राज्यों के साथ काम कर रही है। -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### अरुणाचल : 758.26 करोड़ के घाटे का बजट पारित

**इटानगर ( हि.स. )।** अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री चौना मीन द्वारा विधानसभा में पेश वर्ष 2023-24 के लिए 758.26 करोड़ रुपए के घाटे का बजट आज (शुक्रवार) चौथे दिन सभी विधायकों की सहमती से पारित किया गया। मुख्य मंत्री पेमा खांडू ने बजट भाषण में भाग लेते हुए कहा कि इस वर्ष का बजट केंद्र सरकार के केंद्रीय बजट की प्रणाली को देखते हुए राज्य के विकास, युवाओं के कल्याण को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और भाजपा सरकार का यह 7वां ऐसा बजट जिसे तैयार करने में -शेष पृष्ठ दो पर

# 28 साल पुराना एनकाउंटर केस एचसी ने किया बंद




**गुवाहाटी।** असम के 28 साल पुराने एनकाउंटर केस में गौहाटी हाई कोर्ट ने बड़ा आदेश जारी किया है। फरवरी 1994 में सेना ने ऑल असम स्टूडेंट यूनियन (आसू) के पांच स्टूडेंट को अल्फा चरमपंथी बताकर सेना ने गिरफ्तार किया और बाद में उनका एनकाउंटर कर दिया। इनमें प्रबीन सोनोवाल, प्रदीप दत्ता, देबजीत विश्वास, अखिल सोनोवाल और भाबेन मोरन शामिल थे। अब हाई कोर्ट ने केस को बंद करते हुए इनके परिवार वालों को 20-20 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। दरअसल, अल्फा द्वारा एक चाय बागान प्रबंधक की हत्या के बाद फरवरी 1994 में तिनसुकिया जिले के डूमडूमा सर्कल से सेना ने नौ लोगों को उठाया था, जिनमें से पांच लड़के ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के सदस्य थे, जिनका एनकाउंटर कर दिया गया था। हालिया फैसले के बाद याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि अदालत ने लंबा समय बीत जाने के मद्देनजर मामले को बंद घोषित कर दिया, क्योंकि मामले के सबूत या गवाहों को पेश करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि जस्टिस अचिंत्य मल्ला बुजोर बरुआ और जस्टिस रॉबिन फुकन की बेंच ने केंद्र सरकार को यह आदेश दिया। आसू के सदस्यों की सेना -शेष पृष्ठ दो पर




**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## लग्जरी वाहन से बकरी चोरी, तीन गिरफ्तार

**नगांव (हि.स.)।** स्थानीय पुलिस ने नगांव जिलांतर्गत रोहा के मनिपुरटोप में शुक्रवार तड़के तलाशी अभियान के दौरान बकरी चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान शहीदुल इस्लाम, अब्दुल अली और सबीकुल इस्लाम के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक यह रात को डॉटसन रेडिगो कार (एएस- 02आर-7168) से एक व्यक्ति के घर से बकरियां चुराकर ले जा रहे थे।

## आग में एक घर जलकर पूरी तरह राख

**शोणितपुर (हि.स.)।** शोणितपुर जिला के जामुगुरीहाट के बालीजुरी धुबीखोला में शुक्रवार को लगी भीषण आग के चलते इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग श्याम नेवार नामक एक व्यक्ति के घर में लगी। आग से व्यक्ति का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग में लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई।

# लालू के करीबियों के 15 ठिकानों पर रेड, 3 बेटियों के घर सर्च जारी



**पटना।** लैंड फॉर जॉब स्कैम केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को लालू यादव के करीबियों के दिल्ली, मुंबई, नोएडा और पटना में 15 जगहों पर छापेमारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पटना में आरजेडी के पूर्व विधायक के अबू दोजाना के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची है। यहां भी तलाशी ली जा रही है। पूर्व एमएलए अबू दोजाना लालू के करीबी हैं। पेशे से बिल्डर हैं। जानकारी है कि लालू यादव की तीन बेटियों के घर भी रेड की गई है। हेमा, रागिनी और चंदा का घर दिल्ली में है, जिनके घर पर ईडी की टीम मौजूद है। सूत्रों की मानें तो बिहार के उप मुख्यमंत्री और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव के दिल्ली आवास पर भी ईडी की टीम पहुंची है। अबू दुजाना के घर आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी ने रेड मारी है। सुबह 6 बजे ईडी के 12 अफसर उनके घर पहुंचे। छापेमारी के दौरान अबू दुजाना घर की बालकनी में आए और कहा कि ये कार्रवाई राजनीतिक साजिश है। इस दौरान अधिकारियों ने सभी लोगों को घर के अंदर ही रहने की हिदायत दी। इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। दुजाना आरजेडी के पूर्व विधायक हैं। वे सुरसंड से पिछला चुनाव हार गए थे। लालू प्रसाद यादव के समधी जितेंद्र यादव के गाजियाबाद (यूपी) स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा है। ईडी की टीम सुबह 8 बजे से जितेंद्र यादव के आवास पर जांच कर रही है। सबसे पहले सुबह के वक्त दो गाड़ियों में ईडी के 7-8 कर्मचारी-अफसर आए थे। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे एक और गाड़ी आई है, जिसमें ईडी के 3 सदस्य और आए हैं। घर का मुख्य गेट बंद करके ये सभी टीमें अंदर जांच कर रही हैं। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर आने या घर के सदस्य को बाहर जाने पर पाबंदी है। सूत्रों ने बताया, परिवार के सभी सदस्यों के फोन बंद करा दिए गए हैं। जितेंद्र यादव सपा के पूर्व एमएलसी हैं और गाजियाबाद के आरडीसी राजनगर इलाके में रहते हैं।

## केंद्र ने एच3एन2 के प्रति राज्यों को किया सावधान



**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को अलर्ट रहने और स्थिति की बारीकी से निगरानी करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस संबंध में शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और स्थिति का जायजा लिया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि भारत सरकार स्थिति से निपटने के लिए राज्यों के साथ काम कर रही है और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के लिए समर्थन दे रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को रोगियों के वर्गीकरण, उपचार प्रोटोकॉल और वेंटिलेटर प्रबंधन पर दिशा-निर्देश दिए हैं जो मंत्रालय की वेबसाइट और एनसीडीसी पर भी उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, आईसीएमआर ने एडवाइजरी भी जारी की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस वायरस के मामलों से निपटने वाले स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के टीकाकरण की सलाह दी है। नीति आयोग राज्यों में मौसमी इन्फ्लुएंजा की स्थिति की समीक्षा करने और बढ़ते मौसमी इन्फ्लुएंजा मामलों के प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों, प्रबंधन दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल के संदर्भ में 11 मार्च यानि शनिवार को अंतर-मंत्रालयी बैठक बुलाई है।

## ओयो के फाउंडर रितेश अग्रवाल के पिता का निधन

**गुरुग्राम।** देश के चर्चित ओयो रूम्स चैन के फाउंडर रितेश अग्रवाल के पिता रमेश अग्रवाल की शुक्रवार को मौत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक गुरुग्राम स्थित एक बिल्डिंग के 20वें माले से गिरकर उनकी मौत हुई है। दोपहर करीब एक बजे डीएलएफ सुरक्षा टीम से पुलिस को हादसे की सूचना मिली कि गुरुग्राम के सेक्टर 54 स्थित डीएलएफ की द क्रेस्ट सोसायटी की 20वीं मंजिल से एक व्यक्ति गिर गया है। व्यक्ति को पारस अस्पताल ले जाया गया। बाद में पुष्टि हुई कि व्यक्ति ओयो रूम्स के संस्थापक के पिता हैं। सेक्टर-53 के एसएचओ के साथ एक टीम ने घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में मृतक पुत्र आशीष अग्रवाल के बयान के बाद धारा 174 सीआरपीसी के तहत जांच रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बता दें कि रितेश की शादी इसी हफ्ते हुई थी। सात मार्च को दिल्ली के पांच सितारा ताज पैलेस होटल में एक हाई-प्रोफाइल शादी का रिसेप्शन हुआ था। बता दें कि उद्यमी रितेश अग्रवाल देश के सबसे कम उम्र के अरबपतियों में से एक हैं।

## आजीविका उत्पादन के लिए डिजिटल डिजाइन लैब का उद्घाटन

**शिलांग (हि.स.)।** उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) के सचिव के। मोसेस चालाई ने शुक्रवार को यहां डॉन बॉस्को टेक्निकल स्कूल में आजीविका सृजन के लिए डिजीटल डिजाइन लैब नामक परियोजना का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में शेरी ललथांगजो, आर्थिक सलाहकार (ईएंडएम), एनईसी, एस सुंदर, एमडी, एमट्रॉन, गुवाहाटी, डॉन बॉस्को टेक्निकल स्कूल के फादर सगी स्टीफन, तनुंग जमोह, निदेशक (एसएंडटी), एनईसी, एलिम्को के अधिकारी और एनईसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस परियोजना को संयुक्त रूप से एनईसी और एसीसी संस्थान, सेनापति, मणिपुर की ओर से लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से वित्तपोषित किया जा रहा है। विकसित केंद्र हाई एंड सॉफ्टवेयर्स के साथ ग्राफिक डिजाइनिंग और एनिमेशन जैसी तकनीकों के लिए यूज केस डिप्लॉयमेंट का प्रशिक्षण देंगे। बाद में यह स्थानीय उत्तर पूर्वी भाषाओं सहित विभिन्न भाषाओं में 3डी प्रिंटिंग, 5जी एप्लिकेशन, प्रशिक्षण/अनुदेशात्मक वीडियो/3डी एनिमेशन की डिजिटल डिजाइनिंग की ओर बढ़ेगा। इस अवसर पर प्रशिक्षक और संरक्षक में से एक लीहाओथाबम जॉनसन शर्मा ने बात की। वे एक प्रसिद्ध डिजिटल डिजाइनर हैं, जिन्होंने प्रसिद्ध हॉलीवुड, बॉलीवुड परियोजनाओं और प्रसिद्ध टीवी कार्यक्रमों में भाग लिया है। वर्तमान में वह विदेशों सहित जाने-माने संस्थानों के साथ डिजिटल शिक्षा में समर्पित है। उन्होंने एनईआर के युवाओं के लिए इस परियोजना द्वारा लाए जाने वाले व्यापक अवसरों पर अपने विचार साझा किए। यह दिन डिजिटल और 4.0 उद्योग यात्रा की दिशा में एनईआर में एक मामूली पहल के रूप में चिह्नित है जो आने वाले दिनों में डिजिटल स्पेस में बड़े दायरे और अवसरों के लिए खुलेगा। एनईसी आईबी मंत्रालय के साथ मिलकर मार्च 2023 में दिल्ली में एनईआर के 100 युवाओं के लिए एनिमेशन 3डी कोर्स नामक एक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर रहा है। बहुत जल्द, एनईसी, डोनर मंत्रालय और एमट्रॉन के साथ मिलकर 8 एनईआर राज्यों में 3डी प्रिंटिंग प्रोजेक्ट शुरू करेगा, जो एक क्रांतिकारी कदम होगा। इसके अलावा, एमट्रॉन के साथ, एनईसी 8 एनईआर राज्यों में 5जी एप्लिकेशन प्रशिक्षण भी शुरू करेगा, जो अगले 2 या 3 महीनों में फिर से चालू हो जाएगा। हालांकि, 5जी पहले से ही चल रहा है। विशेष रूप से युवाओं के लिए आर्थिक परिवर्तन और नौकरी के अवसरों के मामले में एनईआर पहले से ही काफी चुनौतीपूर्ण कार्य कर रहा है। आज की पहल प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है जब उन्होंने 2016 में शिलांग में एनईसी प्लेनरी को संबोधित किया था और समय-समय पर एनईआर क्षेत्र में आर्थिक परिवर्तन की आवश्यकता पर जोर दिया था।

## सऊदी अरब का रमजान को लेकर नया आदेश

**अरब।** इस साल रमजान 22 मार्च 2023 से शुरू हो रहा है। सऊदी अरब ने रमजान को देखते हुए नए नियमों की घोषणा की है। इस्लामिक मामलों के मंत्री शेख डॉ. अब्दुल लतीफ बिन अब्दुल अजीज ने कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस आदेश के अनुसार, इस्लामिक मामलों के मंत्रालय ने इस साल रमजान प्रथाओं पर सख्त प्रतिबंध लगाए हैं। इस आदेश के तहत मस्जिदों में लाउडस्पीकरों पर पाबंदी है जबकि नमाजियों को मस्जिदों के अंदर इफ्तार करने का आदेश दिया गया है। सऊदी अरब के इस्लामी मामलों के मंत्री अब्दुल लतीफ अल-शेख ने 10 सूत्री दस्तावेज जारी किया और 3 मार्च को अपने मंत्रालय के ट्विटर हैंडल से इसे साझा भी किया। इस दस्तावेज में सऊदी अरब में रमजान समारोह के संबंध में 10 प्रमुख निर्देश हैं। इस आदेश के अनुसार रमजान के पवित्र महीने में इमाम और मुअज्जिन अनुपस्थित नहीं रहना चाहिए। यदि आवश्यक हो, तो उन्हें मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा की अनुमति से अनुपस्थिति के लिए कार्य करने वाले को सौंपना चाहिए, और उनकी ओर से कार्य करने वाले व्यक्ति ने दायित्व का उल्लंघन नहीं करने पर सहमति व्यक्त की है। अनुपस्थिति के अनुमत समय को पार नहीं किया जा सकता है। आदेश में इमामों और मुअज्जिनों को महीने के दौरान सभी प्रार्थनाओं के कैलेंडर और समय का पालन करने का निर्देश दिया गया है। उन्हें शाम की नमाज को छोटा रखने और रात की नमाज को पर्याप्त समय के साथ पूरा करने के लिए कहा जाता है ताकि उपासकों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# अवैध रूप से 30 मवेशियों को ले जा रहा ट्रक जब्त

**उदालगुड़ी (हि.स.)।** उदालगुड़ी जिला के माजबाट पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर अवैध रूप से 30 मवेशियों को ले जा रहे एक ट्रक को जब्त किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आज तड़के माजबाट के ओरांग रूपा पथ के लामाबारी इलाके में चलाए गए अभियान के दौरान अरुणाचल प्रदेश की ओर से आ रहे ट्रक (एएस-27सी-8028) से 30 मवेशियों को जब्त किया गया। इस मामले में दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार पशु तस्करों की पहचान सफीकुल इस्लाम और जहीदुल हक के रूप में की गई है। यह अभियान माजबाट थाना प्रभारी संजीव गोहाई के नेतृत्व में चलाया गया था। वहीं पुलिस ने अन्य एक अभियान के दौरान जिला के माजबाट के भास्कबारी इलाके में अवैध तरीके से लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक (एएस-25एफसी-1983) को जब्त किया है। दोनों मामलों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## पृष्ठ एक का शेष

### महाराष्ट्र के विधायक...

असम सरकार ने आज राज्य विधानसभा में एक विधेयक पेश किया, जिसमें सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों को लगाना अनिवार्य करने की बात कही गई है। प्रस्तावित कानून के अनुसार, संबंधित स्थानों के मालिकों को एक निर्धारित अवधि के भीतर निगरानी उपकरण स्थापित करना होगा, ऐसा नहीं करने पर स्थानीय अधिकारियों द्वारा परिसर को सील किया जा सकता है। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री अशोक सिंघल ने सदन में असम जन सुरक्षा (उपाय) प्रवर्तन विधेयक, 2023 पेश किया। एक बयान में विधेयक के उद्देश्यों और कारणों का जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रस्तावित अधिनियम अपराध के खिलाफ एक कवच के रूप में काम करेगा और यह लागू होने से वाणिज्यिक स्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों, खेल परिसरों, आवासीय भवनों आदि जैसे क्षेत्रों में सार्वजनिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### मुख्यमंत्री ने प्रदान...

प्रदर्शन करने वाली विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को पहचान कर महिलाएं भी समाज के विकास में मजबूत भागीदार हैं, इस आयोजन ने इस बात को चरितार्थ किया है। इस कार्यक्रम में असम सरकार के मंत्री जयंत मल्लबरुवा, विधायक बलिन चेतिया, प्रसिद्ध अभिनेत्री मलाया गोस्वामी, प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक मंजू बोरा, असम राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. हेमप्रभा बरठाकुर, रत्नम की अध्यक्ष परवीन हुसैन और सचिव बबिता शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आग लगाने को ...

उठाकर भागने में कामयाब रहे थे। पूर्व प्रधान ने ख्लेरियत पुलिस स्टेशन नें एफआइआर दर्ज करई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। उन्होंने आगे बताया कि जांच के दौरान यह पता चला कि एमइसीएल कंट्रोल रूम में काम करने वाले एक अधिकारी ने आग लगने से पहले ही बिजली की लाइन को काट दिया था। एसपी ने बताया कि जांच के क्रम में घटना में शामिल सभी 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनमें से तीन एमइसीएस के कर्मचारी भी इस घटना में शामिल थे। अब पुलिस आग लगाने की वजह जानने की कोशिश में जुटी हुई है।

### त्रिपुरा सीएम ने ...

कानून और संसदीय मामलों जैसे विभाग भी देखेंगे क्योंकि ये किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं। माकपा, भाकपा और कांग्रेस के नेताओं वाला आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल त्रिपुरा में चुनाव बाद हुई हिंसा का जायजा लेने के लिए तथ्यान्वेषी मिशन पर शुक्रवार को यहां पहुंचा। टीम के 12 मार्च तक राज्य में रहने की उम्मीद है, जिसके बाद वह एक रिपोर्ट सौंपेगी और इस मुद्दे को संसद में उठाया जाएगा, जो 13 मार्च से बुलाई जाएगी। इसको लेकर सीपीआई सांसद बिनॉय विस्वास ने गुरुवार को ट्वीट भी किया था। राज्य के वरिष्ठ माकपा नेता, पबित्रा कर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल को तीन टीमों में विभाजित किया जाएगा, जो पश्चिमी त्रिपुरा, सिपाहीजाला और खोवाई के प्रभावित जिलों का दौरा करेगा। पबित्रा कार ने दावा किया कि दो मार्च को विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से राज्य में हिंसा के बाद की करीब 1,200 घटनाएं हुई हैं। साथ ही कहा कि घायलों की सही संख्या के साथ-साथ क्षति की सीमा का पता नहीं लगाया जा सका क्योंकि चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद से अनगिनत घटनाएं हुई हैं। चुनाव के बाद की हिंसा पर एक प्रामाणिक रिपोर्ट संकलित करने के लिए एक प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है। वहीं जीबीपी अस्पताल में शुक्रवार को घायलों से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री माणिक साहा ने पुलिस से अमन-चैन बनाए रखने के लिए उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा।

### ऑस्ट्रेलिया के पीएम...

दिन हुआ, उसके बाद हमने मिलकर खेल के मैदान में कुछ समय बिताया। रंग, संस्कृति और क्रिकेट का कार्यक्रम भारत और ऑस्ट्रेलिया की मित्रता के जोश का उत्तम प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में हमने पिछले कुछ सालों में उल्लेखनीय समझौते किए हैं, जिसमें एक दूसरे की सेनाओं के लिए लॉजिस्टिक्स सपोर्ट भी शामिल है। हमारी सुरक्षा एजेंसियों के बीच भी नियमित और उपयोगी सूचना का आदान-प्रदान और हमने इसे और सुदृढ़ करने पर चर्चा की है। आज हमने विश्वस्त और मजबूत वैश्विक सप्लाई चेन को विकसित करने के लिए भी आपसी सहयोग पर विचार विमर्श किया। हम क्लीन हाइड्रोजन और सोलर में भी साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मोदी ने बताया कि सुरक्षा सहयोग हमारी व्यापक सामरिक साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा में सहयोग सुनिश्चित करने पर व्यापक चर्चा की।

### जेएनयू सांस्कृतिक ...

सामाजिक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण संकेतक हैं। उन्होंने कहा कि जेएनयू एक अपेक्षाकृत युवा विश्वविद्यालय है। मैं इसे एक सार्थक और ऐतिहासिक महत्व के रूप में देखती हूं कि जेएनयू ने 1969 में महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी समारोह के वर्ष में कार्य करना शुरू किया था। यह सुंदर अरावली पहाड़ियों में स्थित है। राष्ट्रपति ने कहा कि पूरे भारत के छात्र विश्वविद्यालय में पढ़ते हैं और कैंपस में एक साथ रहते हैं। वे परिसर में एक साथ रहते हैं, जो भारत और दुनिया के बारे में उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद करता है। विश्वविद्यालय विविधता के बीच भारत की सांस्कृतिक एकता पर एक जीवंत प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है। दीक्षांत समारोह में अन्य लोगों के अलावा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार, ए के सूद और जेएनयू के चांसलर विजय कुमार सारस्वत ने भाग लिया। प्रधान ने जेएनयू को सबसे बहु-विविधता वाला संस्थान करार दिया, जहां देश के सभी हिस्सों से छात्र आते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में बहस और चर्चा के महत्व पर भी जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह एक शोध विश्वविद्यालय है। देश में जेएनयू जैसा कोई बहु-विविध संस्थान नहीं है। भारत सबसे पुरानी सभ्यता है और जेएनयू इस सभ्यता को आगे ले जा रहा है। देश में बहस और चर्चा महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर बोलते हुए, जेएनयू के कुलपति संतश्री धूलिपुदी पंडित ने इस तथ्य पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय में 52 प्रतिशत छात्र आरक्षित श्रेणियों- एससी, एसटी और ओबीसी से हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारा छठा दीक्षांत समारोह है। इस बार कुल 948 शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई हैं। महिला शोधार्थियों की संख्या पुरुषों से अधिक है। बावन प्रतिशत छात्र एससी एसटी और ओबीसी जैसे आरक्षित वर्गों से आते हैं। हम खेलों में भी अच्छा कर रहे हैं।

### आरएसएस : संघ की ...

होने जा रहे हैं। भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण वर्ष के बारे में भी प्रतिनिधि सभा से विशेष वक्तव्य जारी किए जाएंगे। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने शुक्रवार को कहा कि इस सभा में संघ के 34 अनुषांगिक संगठनों के 1400 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इससे पहले 11 मार्च को अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक होगी। इसमें प्रतिनिधि सभा में आने वाले प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। प्रतिनिधि सभा के अंतिम दिन 14 मार्च को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले प्रस्ताव के बारे में जानकारी देंगे।

### नगालैंड के सीएम ...

की नियुक्ति की और उन्हें जनजातीय मामलों, कृषि, नगरपालिका मामलों, श्रम और उद्योग और वाणिज्य जैसे विभिन्न विभाग आवंटित किए गए हैं। एनडीपीपी के वरिष्ठ विधायक शेरिंगैन लोंगकुमेर को कोई पोर्टफोलियो नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि उन्हें स्पीकर बनाए जाने की संभावना है। एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन नगालैंड में लगातार दूसरी बार भारी बहुमत के साथ सत्ता में लौटा है। एनसीपी, एनपीपी, नगा पीपुल्स फ्रंट, आरपीआई (ए), एलजेपी (रामविलास), जेडी (यू) और निर्दलीय विधायकों ने समर्थन दिया है। नियम के अनुसार, 60 सदस्यीय विधानसभा वाले नागालैंड में मुख्यमंत्री सहित 12 से अधिक मंत्री नहीं हो सकते हैं।

### खालिस्तान समर्थक छह ...

मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है। सिंह के समर्थक हथियारों से लैस थे और वे अपने एक साथी की रिहाई की मांग कर रहे थे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि चैनल को ब्लॉक करने के संबंध में सरकार के अनुरोध पर यूट्यूब 48 घंटों के अंदर कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने यूट्यूब से आपत्तिजनक सामग्री की स्वत: पहचान करने और इसे ब्लॉक करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और गणितीय पद्धति का उपयोग करने का आग्रह किया है। हालांकि, भारतीय संदर्भ में यूट्यूब समस्याओं का सामना कर रहा है क्योंकि सामग्री क्षेत्रीय भाषाओं में अपलोड की जा रही है और सामग्री की जांच करने के लिए लगाई गई प्रणाली अंग्रेजी भाषा पर आधारित है।

### आयरन की 45 ...

गोलियों का डिब्बा रखा देखा तो उन्होंने शर्त लगाई कि देखें कौन कितनी ज्यादा गोलियां खा सकता है, जो जितनी गोलियां खाएगा वो उतना हिम्मती माना जाएगा। इसके बाद कमरे में मौजूद 2 लड़कों और 4 लड़कियों ने आयरन की गोलियां खाना शुरू कर दीं। इस दौरान कक्षा 8 में पढ़ने वाली जेबा फातिमा ने सबसे ज्यादा 45 गोलियां खा लीं। इससे फातिमा की तबीयत बिगड़ गई। स्कूल ने मामले की जानकारी परिवार को दी और फातिमा को कोयम्बटूर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से डॉक्टरों ने उसे चेन्नई रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान तीसरे दिन स्टूडेंट की मौत हो गई। उसकी मां स्कूल में उर्दू पढ़ाती हैं। फातिमा के अलावा तीन अन्य लड़कियों ने करीब 10-10 गोलियां खाई थीं और दोनों लड़कों ने दो या तीन गोलियां खाई थीं। उन्होंने भी चक्कर आने की शिकायत की। इस पर लड़कों को ऊटी के सरकारी मेडिकल कॉलेज में, जबकि तीनों लड़कियों को कोयम्बटूर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। इस मामले में शिक्षा विभाग ने स्कूल के 8 टीचर्स और प्रिंसिपल से स्पष्टीकरण मांगा है। अधिकारियों ने बताया कि सरकारी स्कूलों में आठवीं से बारहवीं कक्षा की छात्राओं को हफ्ते में एक बार आयरन की गोलियां दी जाती हैं। यह काम एक नोडल शिक्षक को सौंपा गया है। घटना के दिन नोडल शिक्षक छुट्टी पर थीं।

### एच3एन2 इन्फ्लुएंजा...

शनिवार को एच3एन2 और सीजनल इन्फ्लूएंजा को लेकर नीति आयोग बैठक करेगा। एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने पिछले दिनों एच3एन2 इन्फ्लूएंजा से लोगों को सावधान रहने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि यह कोरोना के जैसे ही फैलता है। इससे बचने के लिए मास्क पहनें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और बार-बार हाथ धोते रहें। बुजुर्गों और पहले से ही किसी बीमारी से परेशान लोगों को इससे ज्यादा परेशानी हो सकती है।

### 28 साल पुराना ...

द्वारा *हत्या* के बाद राज्यभर में खूब विरोध प्रदर्शन हुए और दोषी सैन्यकर्मियों को सजा की मांग की गई। विरोधों के बाद कार्रवाई में शामिल सेना के अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट मार्शल किया गया, जहां आर्मी कोर्ट ने सात कर्मियों को दोषी पाया।बाद में 2018 में आर्मी कोर्ट मार्शल में दोषी सेना के अधिकारियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इनमें 18 पंजाब रेजिमेंट के मेजर जनरल एके लाल, कर्नल थॉमस मैथ्यू, कर्नल आरएस, सिबिरेन, कैप्टन दिलीप सिंह, कैप्टन जगदेव सिंह, नाइक अलबिंदर सिंह और नाइक शिवेंद्र सिंह शामिल थे। चाय बगान प्रबंधक की हत्या मामले में सेना ने चार अन्य लोगों को उठाया था, जिसमें प्रकाश शर्मा, गुनिन हजारिका और नोटेश्वर मोरन भी शामिल थे। इनमें प्रकाश शर्मा चाय बगान में ईंट पहुंचाने के लिए गए थे और उनका नाम रजिस्टर में देखा गया था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रकाश सहित सभी चार लोगों को पंजाब रेजिमेंट के सैन्यकर्मियों ने चार दिनों की पूछताछ और टॉर्चर के बाद छोड़ दिया। अन्य के बारे में बताया जाता है कि उन्हें डिब्रू -साइखोवा रिजर्व फॉरेस्ट में गोली मार दी गई थी। हैरानी की बात ये है कि एनकाउंटर के बाद उनकी बॉडी भी परिवार वालों को नहीं सौंपी गई। बाद में ऑल असम स्टूडेंट यूनियन ने गौहाटी हाई कोर्ट में याचिका दायर की, जिसके बाद पांचों लड़के की बॉडी सामने लाई गई।

### अरुणाचल : 758.26 ...

राज्य के सभी समुदाय, छात्र संघ, हितधारकों से सुझाव लिया गया है। अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा अयोग (एपीपीएससी) परीक्षा में गड़बड़ी के संबंध में कुल 11 अरोपितों को गिरफ्तार किया गया है और छात्रों की मांग के अनुसार सरकार ने यूपीएसई को एपीपीएससी की परीक्षा कराने का सरकार ने प्रस्ताव भेजा है। सरकार ने ईडी को भी इस मामले पर जांच के लिए पत्र भेजा है। वित्त मंत्री ने चोना मीन ने बजट भाषण में उठाये गए प्रश्नों का जबाव देते हुए कहा कि इस बजट को राज्य के सभी क्षेत्रों के विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। राज्य के युवाओं के विकास, सड़क, पर्यटन, हाईड्रोपावर, शिक्षा, स्वस्थ्य आदि सभी क्षेत्रों के विकास पर ध्यान दिया गया है। *सुखी* समाज की मजबूत नींव रखने के लिए हमारे द्वारा चुने गए छह स्तंभ, जो रचनात्मक रूप से हमारे प्रिय राज्य के सतत विकास में लगे हुए हैं। बजट चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस के विधायक निनोंग इरिंग ने राज्य सरकार द्वारा पेश घाटे के बजट का स्वागत किया और कहा कि इस बजट में कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल नहीं किया गया है, जैसे राज्य में युवाओं की बेरोजगारी पर कोई बजट नहीं रखा गया है। उन्होंने सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी में कोष कटौती पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह कोष राज्य के गरीब ग्रामीणों के लिए केंद्र सरकार के कोष आंविटत होता है। उन्होंने राज्य सरकार को विधानसभा स्थानीय क्षेत्र विकास कोष को बढ़ा के 4 करोड़ रुपए करने का अनुरोध किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र में समान रूप से बजट का आवंटन नहीं करने पर दुख व्यक्त किया। भाजपा विधायक रोदे बुई ने बजट भाषण में भाग लेते हुए बजट का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार केंद्र की सहायता से सभी क्षेत्रों का विकास कर रही है और आज की तारीख में राज्य के सभी कोने में बुनियादी सुविधाएं मुहैया हो रही हैं। कांग्रेस विधायक नाबम तुकी ने कहा कि सरकार पिछले दो वर्षों 2021-22 और 2022-23 में स्वास्थ्य और शिक्षा बजट बता कर बजट पारित किया गया था लेकिन आज तक मेरे विधानसभा क्षेत्र में न ही स्वास्थ्य क्षेत्र का विकास हुआ और न ही शिक्षा क्षेत्र का विकास हुआ, सरकार देखने में अच्छा बजट तो लाती है लेकिन जमान पर नहीं पहुंच पा रहा है। एनपीपी के विधायक तारिन दाकपे, भाजपा की विधायक केंतो रीना, हायंग मांगफी, बोकार बासर आदि विधायकों ने भी बजट चर्चा में भाग लिया। बीती 7 मार्च को वित्त मंत्री चौना मीन ने 2023-24 के लिए 758.26 करोड़ रुपए के घाटे का बजट को पेश किया था। वहीं विधान सभा में पेश किए गए सभी बिल और बजट पारित होने के बाद अध्यक्ष पिडी सोना ने सत्र के समापन की घोषणा की।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**(संत)**

**दुख सुख एक समान है, हानि लाभ नहिं कोय।**
**निन्दा अस्तुति सम गिने, हर्ष विषाद न होय॥ 15॥**

**शब्दार्थ :** (हर्ष) उत्साह (विषाद) दु:ख।

**भाष्य :** विरक्त संत के लिए दु:ख-सुख एक समान होते हैं उनमें हानि-लाभ का भाव नहीं होता। वे निंदा एवं-स्तुति को समान गिनकर हर्ष और विषाद से रहित हो जाते हैं।

**धीर ज्ञान विज्ञान में, शिल सन्तोष असंग।**
**दया क्षमा वेशन रहित, अन्तर प्रेम अभंग॥ 16॥**

**शब्दार्थ :** (धीर) धैर्यवान (ज्ञान) जानना (विज्ञान) अपरोक्ष साक्षात्कार (शिल) सहनशीलता (सन्तोष) संतुष्टि, तृप्ति (असंग) त्याग (दया) अनुकंपा, देना (क्षमा) सहना, अपराध मार्जन, कृपा (अभंग) पूर्ण (वेशन)व्यसन रहित।

**भाष्य :** विरक्त संत धैर्य, ज्ञान, वैराग्य, शील, संतोष, त्याग, दया एवं क्षमा सहित और व्यसनों से रहित हो कर आत्मा के पूर्ण प्रेम से भक्ति में लवलीन रहते हैं।



# बजट सत्र : राज्यपाल ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां



**गुवाहाटी ( विभास )।** असम की 15वीं विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने अपना अभिभाषण पढ़ा। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में हाल के दिनों में असम सरकार के किए जा रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने लाचित दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय राजधानी में लाचित दिवस का आयोजन कर सरकार ने आहोम साम्राज्य के महान सेनापति के बारे में काफी जागरुकता पैदा की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में लाचित बोरफुकन की 400वीं जयंती थी और इस अवसर पर सरकार ने महान सेनानायक के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए नई दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित किया था। तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री ने भाग लिया। दूसरी ओर यह बहुत गर्व की बात है कि असम ने हाल ही में एक विश्व अभिलेख स्थापित करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्होंने कि कि लाचित बोरफुकन पर 42.94 लाख लेखन के साथ, असम ने ऑनलाइन प्रस्तुत हस्तलिखित लेखन अनुभाग में एक विश्व रिकॉर्ड बनाया है। राज्यपाल ने कहा कि इस उल्लेखनीय उपलब्धि को मान्यता देते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लिमिटेड ने 9 मार्च को असम के मुख्यमंत्री को रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र सौंपा। राज्यपाल कटारिया ने कहा कि प्रदेश का चराइदेव मैदाम यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त होने के कगार पर है। यह हमारे लिए गर्व और खुशी की बात है कि इस बार भारत से एकमात्र चराइदेव मैदाम को इस मान्यता के लिए नामित किया गया है और उन्होंने यूनेस्को सचिवालय की सभी आवश्यक शर्तों को पहले ही पूरा कर दिया है। असम सरकार और असम के लोगों की ओर से राज्यपाल ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। राज्यपाल ने कहा कि बिहू को विश्व पटल पर ले जाने और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल करने के लिए दस हजार से अधिक नृत्य कलाकारों की भागीदारी के साथ 14 अप्रैल को सोरूसजाई स्टेडियम परिसर में एक भव्य बिहू नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में पहली बार असम ने बजटीय व्यय के मामले में एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। वित्त वर्ष 2022-23 में समेकित निधि के रूप में बजट में कुल 1,27,793 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस निर्धारित राशि के मुकाबले, असम सरकार ने फरवरी 2023 तक 1,03,000.00 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इससे साबित होता है कि राज्य सरकार ने इस वित्तीय वर्ष के अंत से पहले बजट व्यय पर 1 लाख करोड़ रुपये की सीमा को पार कर लिया है।कटारिया ने कहा कि अगर यही प्रवृत्ति जारी रही तो सरकार इस साल कुल बजट में 1,20,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लेगी और यह राज्य के विकास को दर्शाता है। अपने बजट भाषण में राज्यपाल ने कहा कि मई 2021 से, राज्य सरकार संबद्ध क्षेत्रों में निवेश सहित नीति और संस्थागत सुधारों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ एक महत्वाकांक्षी सुधार कार्यक्रम के कार्यान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस सुधार कार्यक्रम के तहत, यह व्यापार के प्रसार, निवेश में वृद्धि, रोजगार सृजन और अक्सर होने वाले गंभीर जलवायु संबंधी मुद्दों को कम करना है। कटारिया ने अपने भाषण में कहा कि इस तरह के नए अधिग्रहित महत्व के परिणामस्वरूप, राज्य के अल्प-सहायता प्राप्त परियोजना क्षेत्र ने वर्ष 2022 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार के साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 में पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 के अंतिम वर्ष जनवरी तक विदेशी पर्यटकों के आगमन की वृद्धि दर 763 प्रतिशत और घरेलू पर्यटकों की वृद्धि दर 511 प्रतिशत है। पर्यटन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए नई पर्यटन नीति, 2022 तैयार की गई है। काजीरंगा, मनाह आदि स्थानों पर पर्यटन में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार ने बड़े आतिथ्य संयंत्र स्थापित करने के लिए कई प्रतिष्ठित होटल मालिकों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दी है। कटारिया ने कहा कि असम भारत के उन कुछ राज्यों में से एक है जिसने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है। इसी प्रकार, राज्यपाल ने विभिन्न मदों में सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ-साथ सरकार द्वारा किए गए कुछ विकास उपायों का उल्लेख किया।

# दस करोड़ की हेरोइन जब्त, तीन गिरफ्तार



**करीमगंज ( हि.स. )।** करीमगंज के नए पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने फिर से नशा (ड्रग्स) तस्करों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी दास के नेतृत्व में सिविल ड्रेस में पुलिस की विशेष टीम ने शुक्रवार को तड़के असम-मिजोरम सीमावर्ती इलाके में छापा मारा और 10 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद करने के साथ ही तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने शुक्रवार को बताया कि विशेष सूत्रों से जानकारी मिली थी कि मादक पदार्थ तस्करों का एक समूह मिजोरम से करीमगंज जिला के आसिमगंज इलाके में असम के सीमाई मार्ग से हेरोइन लेकर आ रहा है। इस पर बीती देर रात सिविल ड्रेस में पुलिस टीम को तीन राज्यों से लगने वाली सीमा के अलग-अलग स्थानों पर बाजारीछोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोंटेकछोरा बाजार से सटे स्थानों सहित नगर के इलाके में तैनात किया गया। शुक्रवार को तड़के तस्करों ने अपने वाहनों के साथ मिजोरम की सीमा पार की और मेडली होकर लॉयरपोआ कानमुन अंतरराज्यीय राजमार्ग पर आगे बढ़ना शुरू किया, तो पुलिसकर्मियों ने इनका पीछा किया। साथ ही चेकिंग प्वाइंट पर मौजूद पुलिसकर्मियों को भी सूचना दी गयी। बाजारीछोड़ा थाना अंतर्गत नगर पुलिस गश्ती चौकी के अंतर्गत कोंटेकछोरा इलाके में एसपी के नेतृत्व में सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों ने मारुति आल्टो कार (एएस-10एफ-5299) को रोका और तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान कार के दरवाजों में शातिराना तरीके से छुपाई गई 100 साबुनदानी बरामद की गई। जांच में बरामद हेरोइन का वजन 1 किलो 3 ग्राम है। इस मामले में कबीर अहमद, अल्ताफ उद्दीन और कादिर को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से कबीर अहमद कार का चालक है और उसका घर करीमगंज जिला के एरालीगुले में है। पूछताछ के दौरान तस्करों ने स्वीकार किया कि वे मिजोरम के चांपाई से ड्रग्स एकत्र कर करीमगंज जिला के आसिमगंज ला रहे थे। पुलिस तीनों तस्करों से बजारीछोरा थाने में पूछताछ कर रही है।

# मासूम पुत्र की हत्या में पिता गिरफ्तार

**विश्वनाथ ( हि.स. )।** अपने एक साल से भी कम उम्र के बेटे की हत्या मामले में आरोपी पिता को गहपुर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की करतूत से नाराज स्थानीय लोगों ने थाना के बाहर हंगामा कर उसे कड़ी सजा देने की मांग की। सोनालीबाड़ी गांव निवासी सचिन उर्फ नितुल बरदलै बीते बुधवार को अपने बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए उसे अपने साथ लेकर खरीदारी करने के लिए साइकिल से निकला था। रात तक वह लौट कर नहीं आया। बाद में पुत्र का शव गुरुवार की सुबह एक खेत में मिला। सचिन बरदलै का पता नहीं चला। मासूम की हत्या से इलाके सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों को आशंका थी उसके पिता ने ही मासूम की हत्या की है। पुलिस उसे तलाश रही थी। बताया गया कि बेटे के साथ गम में तड़प रही मां और उसकी दो अन्य बेटियां रात में एक पड़ोसी के घर शरण में थीं। तभी शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे सचिन बरदलै सोनालीबाड़ी में अपने घर पहुंचा और पत्नी और दोनों बेटियों को धारदार दाव दिखाकर धमकाने की कोशिश की। इसकी जानकारी जैसे ही स्थानीय लोगों को मिली तो किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही गहपुर पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंच कर सचिन बरदलै को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बेटे की हत्या में आरोपी सचिन बरदलै ने पुलिस को बताया कि लुटेरों ने उसके बेटे की हत्या कर दी है। पुलिस ने सचिन को स्थानीय कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुत्र की हत्या में आरोपी पिता सचिन की गिरफ्तारी की खबर सुनकर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोगों ने गहपुर थाने के सामने हंगामा किया। प्रदर्शनकारी न्याय की मांग करते हुए और हत्यारोपित को सख्त सजा की मांग की। पुलिस के अनुसार मासूम की हत्या पारिवारिक झगड़े के कारण हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पिता धेमाजी जिले के सिमेन चापरी की ओर भागने के प्रयास में था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बरपेटा रोड़ मारवाड़ी समाज का होली मिलन समारोह संपन्न




**बरपेटा रोड।** बरपेटा रोड मारवाड़ी समाज द्वारा होली मिलन समारोह स्थानीय श्री राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम विधिवत उद्घाटन राधा किशन चौधरीकुरेवतमल बेंगानी, नागरमल शर्मा, भीकमचंद डागाकुविजय कुमार जैन, शिवरतन राठी द्वारा सर्वप्रथम श्री गणेशजी महाराज को याद करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तदुपरांत असम के सुप्रसिद्ध राजस्थानी लोक गायक श्री बद्री व्यासकुपोंपी पल्लवी एंव उनकी टीम को राजस्थानी परंपरा अनुसार दुपट्टा से सम्मान किया गया। इस समारोह में होली गोठ का भी आयोजन किया गया जिसका समाज के सभी वर्गों के लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का खूब आनंद लिया। वहां पर उपस्थित सभी छोटों ने बड़ों के पांव छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान बद्री व्यास व पंपी पल्लवी ने अपने राजस्थानी लोक गीतों से एंव उनके साथ आए आमंत्रित नृत्यांगनाओं ने अपने मनोरंजक नृत्य के माध्यम से कार्यकर्म में उपस्थित सभी वर्ग के पुरुष महिलाओं एंव बच्चों द्वारा खूब झूम झूम कर नाचने पर मजबूर कर दिया। श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी का प्रांगण समाज के पुरुष, महिलाओं एंव बच्चों से खचाखच भरा था। इस दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्यों का होली मिलन समारोह समिति द्वारा राजस्थानी दुपट्टा से सम्मान किया गया। कार्यकर्म का संचालन भैरू शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष कैलाश सराफ, कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत बेंगानी, सचिव मुरलीधर अग्रवाल, सहसचिव बिनीत हरलालका, कोषाध्यक्ष बालकिशन शर्मा, एंव कमिटी के सदस्य अंजनी जाजोदिया कु राहुल अग्रवाल, संजय घिड़िया, अनिल जैना, संजय बजाज एंव समाज के सभी लोगों ने भरपूर सहयोग दिया। वर्षों उपरांत इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा होली मिलन समारोह का सुंदर आयोजन हेतु बरपेटा रोड वासियों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# मैट्रिक के परीक्षार्थी ने की आत्महत्या

**धेमाजी ( हि.स. )।** धेमाजी में मैटिक के एक परीक्षार्थी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया है कि धेमाजी जिला के नगाखेलिया गांव के छात्र बिराज दत्त ने गुरुवार की रात अपने घर के बाहरी इलाके में स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने गुरुवार को मैटिक की समाज विज्ञान की परीक्षा दी थी। छात्र बिराज के आत्महत्या की खबर से इलाके में सनसनी फैल गयी है। छात्र ने आत्महत्या क्यों की है, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

# अवैध रूप से रेत ले जा रहे दो वाहन जब्त

**ग्वालपाड़ा ( हि.स. )।** ग्वालपाड़ा जिला के कृष्णाई में बीती देररात वन विभाग ने छापा मारकर अवैध रूप से तस्करी कर लाए गए रेत से लदा डंपर और ट्रक जब्त किया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग-17 पर अवैध रूप से परिवहन किए गए वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान में बिना चालान के आपूर्ति किए गए एक डंपर (एएस-09एसी-3905) और एक ट्रक (एएस-01सीसी-2978) को जब्त किया गया। वन विभाग को शिकायत मिली थी कि कुछ रेत तस्कर बिना चालान के कृष्णाई नदी के वैध रेत महल (खदान) से रेत का परिवहन कर रहे हैं।

# नगरबेड़ा के पलाहरटारी में केबल तार चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार



**नगरबेड़ा ( निसं )।** कामरूप जिले के नगरबेड़ा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत 2नंबर पलाहरटारी गांव के (दो) 2को केबल तार चोरी करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह पता चला है कि नगरबेड़ा पुलिस ने कल एक गुप्त स्त्रोत पर छापा मारा और कथित तौर पर केबल तारों को चोरी करने आरोप में 2नंबर पलाहरटारी गांव के फुलचान आली के बेटे सैदुल आली (26) और जरिप उद्दीन के बेटे आब्बाछ आली (36) को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, पुलिस ने आरोपी आब्बाछ आली के घर पर अवैध रूप से संग्रहीत तस्करी के केबल तारों की एक बड़ी मात्रा बरामद की गई। पुलिस ने इस संबंध में मामला संख्या 42/23 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों आरोपियों को आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। केबल की चोरी में एक बड़े रैकेट के शामिल होने का संदेह है। कामरूप जिले के पुलिस अधीक्षक को घटना की जल्द से जल्द उच्च स्तरीय जांच और चोरी रैकेट में शामिल लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है जनता।

# गौरीपुर में भारी मात्रा में बर्मीज सुपारी जब्त

**धुबड़ी ( हि.स. )।** जिले गौरीपुर में कालीबाड़ी में पुलिस ने दो वाहनों से बर्मीज (म्यांमार) सुपारी की 101 बोरियां जब्त कीं। पुलिस के अनुसार जब्त बर्मीज सुपारी की कीमत 12 लाख रुपए के आसपास है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शुक्रवार को गौरीपुर पुलिस थाना क्षेत्र की पुलिस ने गौरीपुर कालीबाड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर छापा मारा और दो वाहनों से लगभग 101 बोरी बर्मीज सुपारी जब्त की। दोनों वाहन अवैध रूप से इस सुपारी को बरपेटा से पश्चिमी बंश की ओर ले जा रहे थे। वहीं नगांव पुलिस ने रोहा के मनिपुरटॉप में शुक्रवार तड़के तलाशी अभियान के दौरान बकरी चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान शहीदुल इस्लाम, अब्दुल अली और सबीकुल इस्लाम के रूप में हुई है।

# गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर खुला ट्रांस टी स्टॉल

## भारतीय रेल में पहली बार समावेशिता में एक नए युग का निर्माण



**गुवाहाटी ( निसं )।** ट्रांसजेंडरों को सशक्त बनाने के लिए, आज गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर एक ट्रांस टी स्टॉल खोला गया, जिसे पूरी तरह से ट्रांसजेंडर समुदाय द्वारा संचालित किया जाएगा। पू। सी रेल द्वारा भारतीय रेल में इस प्रकार का पहला कदम है। यह ऑल असम ट्रांसजेंडर एसोसिएशन के सक्रिय सहयोग से किया गया है। पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता ने असम के ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के सहायकउपाध्यक्ष स्वाति बिधान बरुआ की उपस्थिति में आज गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर ट्रांस टी स्टॉल का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान अंशुल गुप्ता ने कहा कि पूसी रेल ने ट्रांसजेंडरों के सशक्तिकरण के लिए यह कदम उठाया हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह कदम पूसी रेल के साथ-साथ भारतीय रेल में पहला कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि यह केंद्र सरकार के किसी भी संस्थान में इस तरह का उठाया गया पहला कदम है और पू। सी। रेल भविष्य में इस तरह के और भी कई कदम उठाएगी। स्वाति बिधान बरुआ ने पू। सी। रेल द्वारा उठाये गए इस कदम पर अपार प्रसन्नता व्यक्त की। भारत सरकार ने ट्रांसजेंडरों के लिए सपोर्ट फोर मार्जिनलाइज़्ड इंडिविजुअल फॉर लाइवलीहुड एंड इंटरप्राइज नामक एक व्यापक योजना को मंजूरी दी है जिसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण के लिए व्यापक पुनर्वास के लिए एक उप-योजना शामिल है। यह भारतीय रेल में इस तरह का पहला कदम है। पूर्वोत्तर सीमा रेल इस क्षेत्र के अन्य रेलवे स्टेशनों पर इस तरह के ट्रांस टी स्टॉल संचालित करने की योजना बना रही है।

# पर्वतझोरा महकमा कार्यालय में बाढ़ संबंधी बैठक आयोजित



**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** कोकराझार जिला के पर्वतझोरा महकमा कार्यालय में कोकराझार जिला की अतिरिक्त उपायुक्त और उप महकमाधिपति अंशुला बसुमतारी की अध्यक्षता में आगामी बाढ़ के मद्देनजर आज (शुक्रवार) एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बसुमतारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बाढ़ के दौरान उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा की और सभी से सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से होने वाले अनुमानित नुकसान के जल्द संपर्क में आने का भी पता लगाने आह्वान किया, ताकि बाढ़ पीड़ितों को समय पर तुरंत मदद मिल सके। कृषि भूमि आमतौर पर बाढ़ के दौरान विशेष रूप से प्रभावित होती है। बसुमतारी ने कृषि विभाग से कड़ी निगरानी रखने का भी आग्रह किया ताकि किसानों को इस संबंध में उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने संबंधित विभागों से भी सतर्क रहने और स्वास्थ्य, परिवहन, पशुधन आदि की बाढ़ से पहले और बाद में उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों के बारे में काम करने का आग्रह किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।


# सीआरपीएफ के 175 व 152 बटा. ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**गुवाहाटी ( निसं )।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, मुख्यालय- 175 बटालियन, रानी (असम) में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सुसज्जित तरीके से मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेधा झा, पत्नी राजीव कुमार झा, कमांडेंट 175 बटालियन की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया था, जिसमें मीरा धीमान, पत्नी कृष्ण लाल धीमान, द्वितीय कमान अधिकारी, 175 बटालियन, अजीजा सेहेनार बेगम, बीडीओ, रानी ब्लॉक (ग्रामीण) (असम), डॉ। दिप्थी बुर्ले, चिकित्सा अधिकारी, 175 बटा एवं केरिपुबल के कार्मिकों के पत्नियों जो कैंप परिसर के आस-पास एरिया में अपना परिवार रखे हुए हैं, उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मेधा झा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की महत्वता के बारे में सभी को जागरूक कराते हुए कहा कि पुरूषों के समानांतर चलते हुये देश के विभिन्न चुनौतियों से लड़ने में महिलाओं की अग्रिम भागीदारी है। उन्होंने देश की विभिन्न महिलाओं जिन्होंने देश में ख्यातियां प्राप्त की हैं, के बारे में विशेष रूप से अवगत कराया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाग लेने वाली सभी महिलाओं के लिए जलपान का उत्तम प्रबंध बटालियन मुख्यालय- 175 बटा, केरिपुबल की ओर से किया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाग लेने वाली सभी महिलाओं के लिये मनोरंजन के रूप में प्रतियोगिता का व्यवस्था किया गया था जिसमें सभी महिलाओं ने खूब बढ़-चढ़ कर आनंदित होते हुए भाग लिया। तदोपरांत मेधा झा के द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली केरिपुबल के कार्मिकों के पत्नियों को पुरस्कृत कर उनके मनोबल को बढ़ाया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस - 2023 के दौरान उपरोक्त के अलावा निम्नलिखित गतिविधियां (जैसे कि सीआरपीएफ में कार्यरत महिलाओं के द्वारा देश के विभिन्न स्थानों में निर्वहण किए जा रहे ड्यूटी संबंधित बैनर तथा डॉ। दिप्थी बुर्ले, चिकित्सा अधिकारी द्वारा रानी हाई स्कूल में अध्ययनरत बालिकाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से भाषण प्रदर्शन) को इस वाहिनी द्वारा आयोजित किया गया। इस वाहिनी के नजदीकी एरिया में रहने वाले आस-पास के गरीब महिलाओं के बेहतर ईलाज हेतु एवं उनके स्वास्थ्य का उचित देख-भाल करने हेतु एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का अयोजन भी किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 के अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं के लिए विशेष रूप से रात्रि भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त इस वाहिनी के सभी कंपनियों में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 धूम-धाम से मनाया गया। वहीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा शास्त्री नगर, गोलपाड़ा में स्थित मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री देव शंकर मिश्र कमांडेंट-152 बटा ने महिला शक्ति को सम्बोधित करते हुए वर्तमान में महिला शक्ति द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में पुरुष से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने एवं नये कीर्तिमान स्थापित करने पर महिला शक्ति की प्रशंसा की एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। श्री मिश्र ने कहा कि आज की नारी शक्ति को अपने जीवन में सदैव आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर रहने हेतु प्रेरित किया एवं महिला शक्ति द्वारा प्रशासनिक सेवा से लेकर सुरक्षा सेवा एवं समुद्री सतह से लेकर अंतरिक्ष तक के सफर में सफलता अर्जित की है। इस अवसर पर महिला मण्डल की अध्यक्षा कल्पना मिश्रा ने महिला शक्ति को सम्बोधित करते हुए महिलाओं को अपने आप में शसक्त एवं प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी महिला शक्ति को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया एवं सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री देव शंकर मिश्र कमाण्डेण्ट-152 एवं समस्त महिला शक्ति उपस्थित रहीं।

# इस साल का बजट महिला नेतृत्व को नई गति देगा : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले नौ साल में देश महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है और इसे वैश्विक मंच पर ले जा रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन में महिलाओं के नेतृत्व में विकास महत्वपूर्ण विषयों में से एक है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट महिला नेतृत्व वाले विकास के इन प्रयासों को नई गति देगा। प्रधानमंत्री शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण विषय पर बजट के बाद के वेबिनार में अपनी बात रख रहे थे। सरकार द्वारा आयोजित 12 पोस्ट-बजट वेबिनार की श्रृंखला का आज यह 11वां वेबिनार है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि देश ने इस वर्ष के बजट को 2047 तक विकासित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक शुभ शुरूआत के रूप में देखा है। प्रधानमंत्री ने 'मातृ शक्ति' के प्रतिबिंब के रूप में नारी शक्ति की दृढ़ संकल्प, इच्छा शक्ति, कल्पना, लक्ष्यों के लिए काम करने की क्षमता और अत्यधिक कड़ी मेहनत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ये गुण इस सदी में भारत की गति और पैमाने को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के परिणाम दिखाई दे रहे हैं और हम देश के सामाजिक जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, और पिछले 9-10 वर्षों में हाई स्कूल और उसके बाद तक पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या तीन गुना हो गई है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में लड़कियों का नामांकन आज 43 प्रतिशत है, जो अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों से अधिक है। चिकित्सा, खेल, व्यापार या राजनीति जैसे क्षेत्रों में न केवल महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है बल्कि वे आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुद्रा ऋण की 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। इसी प्रकार, स्वनिधि के तहत संपार्श्विक मुक्त ऋण को बढ़ावा देने की योजनाओं और पशुपालन, मत्स्य पालन, ग्रामोद्योग, एफपीओ और खेल में प्रोत्साहन योजनाओं से महिलाओं को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि हम देश की आधी आबादी के सहयोग से कैसे देश को आगे बढ़ा सकते हैं और नारी शक्ति की क्षमता को कैसे बढ़ा सकते हैं, इसका प्रतिबिंब इस बजट में दिखाई दे रहा है। उन्होंने महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना का जिक्र किया जिसमें महिलाओं को 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलना है। मोदी ने कहा- प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 80 हजार करोड़ रुपये भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम है क्योंकि 3 करोड़ घरों में से अधिकांश महिलाओं के नाम पर हैं। प्रधानमंत्री ने पीएम आवास के सशक्त पहलू पर जोर दिया, जहां पारंपरिक रूप से महिलाओं के नाम पर कोई



संपत्ति नहीं थी। उन्होंने कहा, "पीएम आवास ने महिलाओं को घर के आर्थिक फैसलों में एक नई आवाज दी है।" प्रधानमंत्री मोदी ने एसएचजी के बीच नए यूनिकॉर्न बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को समर्थन देने की घोषणा की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने बदलते परिदृश्य के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए देश के विजन की ताकत का उदाहरण दिया। आज 5 में से 1 गैर-कृषि व्यवसाय एक महिला द्वारा चलाया जाता है। पिछले 9 वर्षों में 7 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। उनके मूल्य निर्माण को उनकी पूंजी की आवश्यकता से समझा जा सकता है क्योंकि इन स्वयं सहायता समूहों ने 6.25 लाख करोड़ रुपये का ऋण लिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये महिलाएं न केवल छोटे उद्यमियों बल्कि सक्षम संसाधन व्यक्तियों के रूप में भी योगदान दे रही हैं। उन्होंने बैंक सखी, कृषि सखी और पशु सखी कार्यक्रमों का उल्लेख किया जो गांवों में विकास के नए आयाम बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सहकारी क्षेत्र में परिवर्तन और इस क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में दो लाख से अधिक बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियों, डेयरी सहकारी समितियों और मत्स्य सहकारी समितियों का गठन किया जाना है। एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। महिला किसान और उत्पादक समूह इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। मोदी ने श्री अन्ना के प्रचार में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि श्री अन्ना में पारंपरिक अनुभव वाली 1 करोड़ से अधिक आदिवासी महिलाएं इन स्वयं सहायता समूहों का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि हमें श्री अन्ना से बने प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के विपणन से संबंधित अवसरों का दोहन करना है। कई जगहों पर सरकारी संस्थाएं लघु वनोपज को संसाधित कर बाजार में लाने में मदद कर रही हैं। आज दूर-दराज के इलाकों में इतने स्वयं सहायता समूह बन गए हैं, हमें इसे व्यापक स्तर पर ले जाना चाहिए। कौशल विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में लाई गई विश्वकर्मा योजना एक प्रमुख भूमिका निभाएगी और एक सेतु के रूप में कार्य करेगी और महिला सशक्तिकरण के लिए इसके अवसरों का लाभ उठाने की आवश्यकता है। इसी तरह जेम और ई-कॉमर्स महिलाओं के व्यवसाय के अवसरों के विस्तार का जरिया बनते जा रहे हैं, स्वयं सहायता समूहों को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उसमें नई तकनीकों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश की बेटियों को राष्ट्रीय सुरक्षा की भूमिकाओं में और राफेल विमान उड़ाते हुए देखा जा सकता है, और जब वे उद्यमी बन जाती हैं और निर्णय और जोखिम लेती हैं, तो उनके बारे में सोच बदल जाती है।

उन्होंने नगालैंड में पहली बार दो महिला विधायकों के हाल के चुनाव का उल्लेख किया, उनमें से एक ने मंत्री के रूप में भी शपथ ली। उन्होंने कहा- महिलाओं के सम्मान और समानता की भावना के स्तर को बढ़ाकर ही भारत आगे बढ़ सकता है। मैं आप सभी का आह्वान करता हूं कि सभी महिलाओं-बहनों-बेटियों के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा लिखे गए लेख को उद्धृत करते हुए अपनी बात समाप्त की। राष्ट्रपति ने लिखा है- "हम सबकी, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की ये जिम्मेदारी है कि इस प्रगति को तेज गति प्रदान की जाए। इसलिए आज, मैं आप सबसे, प्रत्येक व्यक्ति से अपने परिवार, आप सबसे आस-पड़ोस या कार्यस्थल में एक बदलाव लाने के लिए स्वयं को समर्पित करने का आग्रह करना चाहती हूं।"

# ईडी का दिल्ली-बिहार समेत लालू परिवार से जुड़े 15 ठिकानों पर छापा

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती जार रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लालू परिवार और उनसे जुड़े बिहार व दिल्ली स्थित 15 ठिकानों पर छापेमारी की है। इसी क्रम में पूर्व राजद विधायक सैयद अबू दोजाना के आवास पर छापेमारी की कार्रवाई हो रही है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जमीन के बदले नौकरी मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में एक साथ 15 ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी की छापेमारी दिल्ली में लालू प्रसाद की बेटियों के आवास, गुरुग्राम में एक प्राइवेट बिल्डर के दफ्तर समेत बिहार में अलग-अलग शहरों में चल रही है। राजद नेता अबू दोजाना के फुलवारी शरीफ स्थित आवास पर छापेमारी




चल रही है। अबू दोजाना राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के काफी करीबी माने जाते हैं। वे लालू परिवार के पटना के सगुना मोड़ स्थित बन रहे बिहार के सबसे बड़े मॉल का काम देख रहे थे।

दरअसल जिस अबू दोजाना के घर ईडी की छापेमारी हुई है, उनपर लालू परिवार की कई और कारोबारी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान नौकरी के बदले जमीन मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम ने सोमवार को उनके आवास पर बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ की थी। जांच एजेंसी ने नौकरी के बदले जमीन मामले में पहले ही आरोप-पत्र दाखिल कर दिया है। इस मामले में विशेष अदालत ने लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों सहित अन्य सभी आरोपियों को 15 मार्च को तलब किया है।

# ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीस का राष्ट्रपति भवन में किया गया औपचारिक स्वागत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस का शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया। यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के अपने समकक्ष एंथनी अल्बनीस की अगवानी की। इस दौरान अल्बनीस को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मैं यहां गर्मजोशी से स्वागत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को



धन्यवाद देता हूं। ऑस्ट्रेलिया और भारत बहुत अच्छे दोस्त हैं। हम भागीदार हैं और उस साझेदारी को हर दिन अधिक मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम क्रिकेट के मैदान पर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, लेकिन साथ मिलकर हम एक बेहतर दुनिया का निर्माण भी कर रहे हैं। अल्बनीज ने कहा कि हम भारत के साथ सहयोग करना चाहते हैं और संस्कृति, आर्थिक संबंधों और सुरक्षा के क्षेत्र में संबंध बनाना चाहते हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भ्रष्टाचार में लिप्त है पूरी आप : कांग्रेस

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। यह पार्टी सिर्फ नाम की ईमानदार पार्टी रह गई है। कांग्रेस प्रवक्ता अलका लांबा ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि आप भ्रष्टाचार के विरोध में उपजी पार्टी है, लेकिन पंजाब से लेकर दिल्ली तक आप के कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं। अलका ने कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, गीता रावत, संदीप रावत सहित दिल्ली और पंजाब के




कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद को कट्टर ईमानदार कहते हैं। आगे अलका ने कहा कि गिरफ्तार हुए मनीष सिसोदिया ही अरविंद केजरीवाल के राजदार हैं, जो ज्यादा वक्त तक चुप नहीं रह पाएंगे। जिस दिन उनकी चुप्पी टूटेगी, वह अरविंद केजरीवाल की कुर्सी तक पहुंचेगी, क्योंकि शराब नीति से जुड़े फैसले मुख्यमंत्री की जानकारी में हो रहे थे।

# 'प्रहलाद को वो तब न रोक पाए थे, न अब रोक पाएंगे: मुख्यमंत्री

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को ट्वीट कर केंद्र सरकार को हिरण्यकश्यप बताया है, और मनीष सिसोदिया को प्रह्लाद बताते हुए कहा है कि न प्रहलाद को वो तब रोक पाये थे, न अब रोक पायेंगे। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर लिखा है कि हिरण्यकश्यप अपने आपको भगवान मान बैठा था। उसने प्रह्लाद को ईश्वर की राह पर रोकने के अनेक प्रयत्न किये, जुल्म किये। आज भी कुछ लोग अपने आपको भगवान मान बैठे हैं। देश और बच्चों की सेवा करने वाले प्रह्लाद को कारागृह में डाल दिया है। पर न प्रहलाद को वो तब रोक पाये थे, न अब रोक पायेंगे। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने सिसोदिया को शराब नीति को लागू करने में अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने उन्हें 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। वहीं जमानत से सुनवाई से एक दिन पहले ईडी ने भी सिसोदिया को



गिरफ्तार कर लिया। वहीं गुरुवार को मनीष सिसोदिया ने जेल से देश के नाम पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने कहा कि दिल्ली के शिक्षा मंत्री के रूप में काम करते हुए बहुत बार ये सवाल मन में उठता है कि देश और राज्य की सत्ता तक पहुंचे नेताओं ने देश के हर बच्चे के लिए शानदार स्कूल और कॉलेज का इंतजाम क्यूं नहीं किया। उन्होंने अपने पत्र में आगे लिखा, एक बार अगर पूरा देश, पूरी राजनीति तन-मन-धन से शिक्षा के काम में जुट गई होती तो आज हमारे देश के हर बच्चे के लिए विकसित देशों की तरह अच्छे से अच्छे स्कूल होते। फिर क्यूं शिक्षा को सफल राजनीति ने हमेशा हाशिए पर रखा? आज जब कुछ दिनों से जेल में हूं तो इन सवालों के जवाब खुद मिल रहे हैं। देख पा रहा हूं कि जब राजनीति में सफलता जेल चलाने से मिल जा रही है तो स्कूल चलाने से राजनीति की जरूरत भला कोई क्यूं महसूस करेगा। सिसोदिया ने तीन पन्नों की चिट्ठी में लिखा कि भारत की आज की राजनीति में जेल की राजनीति का पलड़ा भारी जरूर है लेकिन आने वाला कल शिक्षा की राजनीति का होगा।

# भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है जेएनयू : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) अपेक्षाकृत एक युवा संस्थान है और यह भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतिबिंब प्रस्तुत करती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जेएनयू के छठे दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए अपनी बात रख रही थीं। राष्ट्रपति ने पीएच-डी की डिग्री पाने वाले सभी 948 विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि यह एक प्रकार का राष्ट्रीय कीर्तिमान है। मैं इसके लिए भी जेएनयू परिवार को बधाई देती हूं। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज के दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने इसे सामाजिक बदलाव का एक महत्वपूर्ण संकेत करार दिया। उन्होंने कहा, जेएनयू अपेक्षाकृत युवा विश्वविद्यालय है। मैं इसे एक सार्थक ऐतिहासिक संयोग के रूप में देखती हूं कि जेएनयू ने 1969 में महात्मा गांधी के शताब्दी समारोह के वर्ष में काम करना शुरू किया था। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि जेएनयू सुंदर अरावली पहाड़ियों पर स्थित है। विश्वविद्यालय में पूरे भारत के छात्र पढ़ते हैं। वे परिसर में एक साथ रहते हैं। इससे भारत और दुनिया के बारे में उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद मिलती है। विश्वविद्यालय विविधताओं के बीच भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि जेएनयू अपनी प्रगतिशील प्रणालियों और सामाजिक संवेदनशीलता, समावेशन और महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में समृद्ध योगदान के लिए विख्यात है। जेएनयू के छात्रों और शिक्षकों ने शिक्षा और अनुसंधान, राजनीति, सिविल सेवा, कूटनीति, सामाजिक कार्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, मीडिया, साहित्य, कला और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान दिया है। आगे राष्ट्रपति ने कहा यह जानकर खुशी हुई कि जेएनयू 'नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क' के तहत देश के विश्वविद्यालयों के बीच वर्ष 2017 से लगातार दूसरे स्थान पर है। राष्ट्रपति ने कहा कि जेएनयू के विजन, मिशन और उद्देश्यों को इसके संस्थापक कानून में व्यक्त किया गया था।

# महिला आरक्षण बिल के समर्थन में भूख हड़ताल पर बैठीं के. कविता, समर्थन में आए कई नेता

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और भारत राष्ट्र समिति दल की नेता के. कविता शुक्रवार को महिला आरक्षण बिल के समर्थन में दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठीं। इस मौके पर के. कविता ने कहा कि महिला आरक्षण बिल महत्वपूर्ण है। इसे जल्द लाने की जरूरत है। जब तक यह विधेयक संसद में पेश नहीं किया जाता है, तबतक इसकी मांग नहीं रुकेगा। विधेयक राष्ट्र के विकास में सहायक होगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से संसद में इस विधेयक को पेश करने का अनुरोध किया। जंतर-मंतर पर आयोजित धरने में विपक्षी दलों और अन्य महिला संगठनों ने भाग लेकर पूरे भारत से महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन किया है। प्रदर्शन में माकपा महासचिव सीताराम येचुरी भी शामिल हुए। प्रदर्शन में शामिल हुए अन्य नेताओं में समाजवादी पार्टी की नेता सीमा शुक्ला, तेलंगाना की शिक्षा



मंत्री सविता इंद्रा रेड्डी और राज्य की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री सत्यवती राठौर शामिल रहीं। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के अतिरिक्त नरेश गुजराल (अकाली दल), अंजुम जावेद मिर्जा (पीडीपी), शमी फिरदौस (एनसी), सुष्मिता देव (टीएमसी), केसी त्यागी (जेडीयू), सीमा मलिक (एनसीपी), नारायण के (सीपीआई), श्याम रजक (आरएलडी), प्रियंका चतुर्वेदी (शिवसेना) ने प्रदर्शन में शामिल होने की सहमति जताई है। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय शनिवार को के. कविता से शराब घोटाले से जुड़े मामले में पूछताछ करने वाली है। महिला आरक्षण बिल संविधान के 85वें संशोधन का विधेयक है। इसके अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटों के आरक्षण का प्रावधान रखा गया है।

# सत्तापक्ष के लिए चीयरलीडर नहीं हो सकते उपराष्ट्रपति : जयराम रमेश

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को किसी पार्टी का पक्ष नहीं रखना चाहिए। वह अब एक संवैधानिक पद पर हैं। असल में धनखड़ ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में बिना राहुल गांधी का नाम लिए कहा था कि विदेशी धरती से यह कहना गलत है भारतीय संसद में विपक्ष का माइक बंद कर दिया जाता है। यह कहना देश और संविधान का अपमान करना और मिथ्या प्रचार करना है। इस मुद्दे पर जयराम रमेश ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति ने राहुल गांधी द्वारा यूनाइटेड किंगडम में दिए गए भाषण पर कुछ टिप्पणी की। कुछ पद ऐसे होते हैं जिन पर आसीन होने पर हमें अपने पूर्वाग्रह, पार्टी विशेष के प्रति निष्ठाओं को त्यागना होता है। भारत के उपराष्ट्रपति का पद भी ऐसा ही पद है, जिसे हमारा संविधान



राज्यसभा के सभापति होने की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी प्रदान करता है। ऐसे में उपराष्ट्रपति को राजनीतिक बयान से बचना चाहिए। रमेश ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में ऐसा कुछ नहीं कहा है जो उन्होंने यहां कई बार नहीं कहा हो। राहुल गांधी का बयान तथ्यात्मक और जमीनी वास्तविकता को दर्शाता है। पिछले दो सप्ताह में संसद के 12 से ज्यादा विपक्षी सदस्यों को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया, क्योंकि उन्होंने संसद के भीतर एक ऐसे मुद्दे पर अपनी आवाज दबाए जाने का विरोध किया था, जो सत्ता पक्ष के लिए असुविधाजनक है। पिछले आठ सालों में, चैनलों और समाचार पत्रों को ब्लैक आउट किया गया है, छापे मारे गए हैं, और इस हद तक धमकाया गया है कि अब केवल सरकार की ही आवाज सुनाई देती है। रमेश ने कहा कि आपातकाल भले ही घोषित नहीं किया गया है, लेकिन सरकार के कदम वैसे नहीं हैं जैसा कि संविधान का सम्मान करने वाली सरकार के होते हैं। राज्यसभा के सभापति, यद्यपि, सभी के लिए अंपायर, रेफरी, मित्र और मार्गदर्शक हैं। वह किसी सत्तापक्ष के लिए चीयरलीडर नहीं हो सकते। उल्लेखनीय है कि धनखड़ गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान बिना राहुल गांधी का नाम लिए कहा था कि विदेशी धरती से यह कहना मिथ्या प्रचार और देश का अपमान है कि भारतीय संसद में विपक्ष का माइक बंद कर दिया जाता है। धनखड़ के इस बयान पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उपराष्ट्रपति सत्ता पक्ष का मत रख रहे हैं।

# एजेंडा चला रहे विदेशी मीडिया संस्थानों से हमें लोकतंत्र समझने की जरूरत नहीं : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अमेरिकी समाचार पत्र न्यूयार्क टाइम्स में छपे कश्मीर में पत्रकारिता की स्वतंत्रता विषय पर लेख की आलोचना करते हुए कहा कि हमें एजेंडा चलाने वाले मीडिया संस्थानों से लोकतंत्र का व्याकरण सीखने की जरूरत नहीं है। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को एक वक्तव्य में कहा कि न्यूयार्क टाइम्स और उसके जैसे विदेशी मीडिया संस्थान गलत मंशा के साथ भारत के खिलाफ मनगढ़ंत प्रोपेगंडा चलाते हैं। इन संस्थानों में बैठे भारत के प्रति द्वेष पाले कुछ लोग सिलसिलेवार ढंग से भारतीय लोकतंत्र और बहुलतावादी समाज के बारे में झूठ फैला रहे हैं।




उन्होंने कहा, कुछ विदेशी मीडिया भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ द्वेष पाले बैठे हैं। यही लोग लंबे समय से व्यवस्थित रूप से हमारे लोकतंत्र और बहुसंख्यक समाज के बारे में झूठ फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत में प्रेस की स्वतंत्रता अन्य मौलिक अधिकारों की तरह ही पवित्र है। ठाकुर ने कहा कि भारत में पत्रकारिता की स्वतंत्रता मूलभूत अधिकारों की तरह है, जिसका संरक्षण किया जाता है। न्यूयार्क टाइम्स बहुत पहले ही भारत के बारे में रिपोर्टिंग से जुड़े तटस्थता के मानदंड त्याग चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ यह गलत मंशा से चलाया जा रहा एजेंडा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बीएसएफ भर्तियों में पूर्व-अग्निवीरों को मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में होने वाली भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया है। इसके लिए बीएसएफ के जनरल ड्यूटी कैडर रिक्रूटमेंट रूल्स, 2015 में संसोधन किया है। मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से 6 मार्च का इसमें बदलाव की जानकारी दी थी। नए नियम गुरुवार (9 मार्च) से लागू हो गये है। गृह मंत्रालय के अनुसार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की भर्तियों में पूर्व-अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी का आरक्षण दिया जाएगा। केन्द्र सरकार पूर्व अग्निवीरों के लिए ऊपरी आयु-सीमा मानदंडों में ढील भी दे रही है। जो इस बात पर निर्भर करेगा कि




वे पहले बैच का हिस्सा हैं या बाद के बैचों का हिस्सा हैं। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, कॉस्टेबल के पद के लिए पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच के उम्मीदवारों को आयु सीमा में पांच साल की छूट रहेगी। जबकि पूर्व अग्निवीरों के बाद के सभी बैचों को उम्र में तीन साल की छूट मिलेगी। इन अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता परीक्षण से भी छूट मिलेगी।

# रिटायर्ड चीफ आर्किटेक्ट के घर से लाखों की चोरी

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाके सैनिक फार्म का है। यहां एक घर से लाखों की ज्वैलरी और कैश चोरी होने का मामला सामने आया है। जिनके घर पर वारदात हुई है, वह एनडीएमसी से रिटायर्ड चीफ आर्किटेक्ट हैं। फिलहाल नेबसराय थाना पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित वीके बंसल परिवार के साथ सैनिक फार्म में रहते है। वह एनडीएमसी से चीफ आर्किटेक्ट रिटायर्ड है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उनके घर में रंगाई - पुताई चल रही थी लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उनके घर की अपराधी के आंखों से रेकी हो रही है। घर में मजदूर काम कर रहे थे और वो अपने कमरे में सो रहे थे। घर का काम खत्म होने के बाद जब उन्होंने घर को चेक किया तो पता चला घर में चोरी हुई है। वहीं



चोरी की पूरी वारदात घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वहीं चोरी का आरोप एक डेली वेजेज पेंटर पर लगा है। जिसकी पहचान ब्रह्मदेव यादव के रूप में हुई है। जो दो मार्च की शाम में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था। चोरी करते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़ित द्वारा पुलिस में दी गई शिकायत के अनुसार घर से डेढ़ लख रुपे कैश के अलावा 50 से 60 तोला गोल्ड की ज्वेलरी चोरी हुई है। पीड़ित ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि जो ज्वैलरी चोरी की गई है, वह उनकी स्वर्गीय पत्नी की थी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज की लेकिन मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

# कार्यभार संभालने से पहले सौरभ भारद्वाज पहुंचे कालकाजी मंदिर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के नवनियुक्त मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने शुक्रवार से कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने से पहले कालकाजी मंदिर जाकर सौरभ भारद्वाज ने देवी के दर्शन किये। इससे पहले गुरुवार को केजरीवाल सरकार ने अपने कैबिनेट में दो नए मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को शामिल किया था, जिन्हें उपराज्यपाल ने मंत्री पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमारे यहां परंपरा है कि जब कोई नया या अच्छा काम शुरू किया जाता है तो माता के दर्शन किए जाते हैं। इसलिए हम माता के दर्शन के लिए कालकाजी मंदिर आए हैं। उन्होंने कहा कि हमें लोगों की सेवा करने का मौका मिला है। वहीं मनीष सिसोदिया के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई के पास कोई सबूत नहीं था और भाजपा को यह पता था कि उनकी बेल हो जाएगी। आज उनकी बेल पर सुनवाई होनी थी, इसलिए ईडी ने पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दोनों ही सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया के कामों को आगे बढ़ाएंगे। कैबिनेट मंत्री आतिशी को शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, बिजली और पर्यटन विभाग तो सौरभ भारद्वाज को स्वास्थ्य, शहरी विकास,



पानी और औद्योगिक विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि सौरभ भारद्वाज मंत्री पद की शपथ लेने के बाद नई दिल्ली के हनुमान मंदिर भी गए थे। जिसके बाद उन्होंने चिराग दिल्ली गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भी मत्था टेंका था। वहीं आज सुबह सौरभ भारद्वाज ने मंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने से पहले दिल्ली के प्रसिद्ध कालकाजी मंदिर पहुंचे।

## संपादकीय

# मोदी सरकार को हटाने की साजिश

**विश्व** पटल पर भारत की बढ़ती भूमिका एवं स्वतंत्र नीति वैश्विक ताकतों को चुभ रही है। ये ताकतें नहीं चाहती कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटें। इसके लिए इंग्लैंड और अमेरिका से लेकर अन्य देशों में भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हो गई हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि ऐसी ताकतों को भारत के प्रमुख विपक्षी दलों एवं वामपंथी लॉबी का भरपूर सहयोग मिल रहा है। भारत के लोकतंत्र को कमजोर करनेवाली ताकतों को भारतीय राजनीति में हस्तक्षेप करने के लिए हमारे ही नेता आमंत्रित कर रहे हैं। कभी पाकिस्तान में जाकर वहाँ के लोगों से गुहार लगाते हैं कि मोदी को सत्ता से हटाने में हमारी मदद करो, तो कभी ब्रिटेन में जाकर यूरोपीय देशों के निहोरे करते हैं कि वे भारत की राजनीति में दखल दें। बहरहाल, सेंटर फॉर रिसर्च ऑन ग्लोबलाइजेशन के एफ. विलियम एंगडाहल ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए अमेरिका और इंग्लैंड ने एक अभियान शुरू किया है। अपने इस दावे को आधार देते हुए एंगडाहल ने लिखा है कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों में भारत के प्रधानमंत्री मोदी के रुख से अमेरिका और यूरोपीय देश प्रसन्न नहीं हैं क्योंकि यूक्रेन युद्ध को लेकर वाशिंगटन और यूरोपीय संघ के लगाए गए अभूतपूर्व आर्थिक प्रतिबंध लगा रखे हैं, लेकिन भारत रूस का सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार बना हुआ है। ऐसे में रूस के विरुद्ध लगाए गए प्रतिबंध प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं। स्मरण रखें कि अमेरिका सहित यूरोप के कई देशों ने रूस का साथ न देने की अपील भारत से की थी लेकिन भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेशनीति को अपनाते हुए किसी खेमे में शामिल होना स्वीकार नहीं किया अपितु अनेक अवसरों पर यूरोपीय देशों को ही आईना दिखा दिया कि एक तरफ वे रूस से आर्थिक संबंध खत्म करने के लिए अन्य देशों पर दबाव बना रहे हैं जबकि अपने लिए तेल वहीं से खरीद रहे हैं। जब प्रभावशाली देशों की मंशा के विरुद्ध जाकर मोदी सरकार ने अपनी स्वतंत्र नीति अपनाई तब ये देश भीतर ही भीतर भारत से चिढ़ने लगे हैं। उनके लिए यह स्वीकार करना कठिन हो गया कि भारत देश का नेतृत्व अब उनका पिछलग्गू नहीं है। एंगडाहल ने अपनी लेख में इस साजिश की ओर संकेत करते हुए बीबीसी की डाक्युमेंट्री और हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट का उल्लेख भी किया है। इसके साथ ही उसने अमेरिका के विवादित व्यवसायी जॉर्ज सोरोस के विचारों को भी मोदी विरोधी साजिश के संकेत रूप में देखा है। यहाँ यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि पिछले दिनों ही ब्रिटेन के प्रतिष्ठित समाचारपत्र 'द संडे गार्जियन' में भी इस आशय की रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, जिसके अनुसार आम चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए लंदन से दिल्ली तक ताकतें सक्रिय हो गई हैं। गुप्त रूप से उनका मिलना-जुलना और रणनीति बनाने का कामकाज भी शुरू हो चुका है। एंगडाहल हों या फिर द संडे गार्जियन की रिपोर्ट, दोनों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। किसी भी सूरत में भारतीय राजनीति में विदेशी ताकतों के हस्तक्षेप को रोकना आवश्यक है। यदि यह प्रयोग सफल हो गया, तब भारत के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकते हैं।

> भारत रूस का सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार बना हुआ है। ऐसे में रूस के विरुद्ध लगाए गए प्रतिबंध प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं। स्मरण रखें कि अमेरिका सहित यूरोप के कई देशों ने रूस का साथ न देने की अपील भारत से की थी लेकिन भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेशनीति को अपनाते हुए किसी खेमे में शामिल होना स्वीकार नहीं किया अपितु अनेक अवसरों पर यूरोपीय देशों को ही आईना दिखा दिया कि एक तरफ वे रूस से आर्थिक संबंध खत्म करने के लिए अन्य देशों पर दबाव बना रहे हैं जबकि अपने लिए तेल वहीं से खरीद रहे हैं। जब प्रभावशाली देशों की मंशा के विरुद्ध जाकर मोदी सरकार ने अपनी स्वतंत्र नीति अपनाई तब ये देश भीतर ही भीतर भारत से चिढ़ने लगे हैं। उनके लिए यह स्वीकार करना कठिन हो गया कि भारत देश का नेतृत्व अब उनका पिछलग्गू नहीं है। एंगडाहल ने अपनी लेख में इस साजिश की ओर संकेत करते हुए बीबीसी की डाक्युमेंट्री और हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट का उल्लेख भी किया है।

## कुछ अलग

# विकास के मुहाने पर एयरपोर्ट

**विकास** जनता के लिए और जनता विकास के लिए किस मानसिक धरातल पर विकसित हो रही है, इसकी पड़ताल केवल सामाजिक नहीं, राजनीतिक व आर्थिक तौर पर भी कहीं ज्यादा प्रभाव रखती है। विकास अब मात्रात्मक विषयों की खूंटी तोडक़र भविष्य को रेखांकित कर रहा है, तो संवेदना के कसाईघर तय करेंगे कि विकास के धरातल पर विविध विषयों का सामंजस्य कैसे सुरक्षित रहेगा। इसी तासीर की परख फोरलेन व अन्य सडक़ परियोजनाओं के साथ-साथ अब कनेक्टिविटी की सबसे बड़ी परियोजना यानी कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की रूपरेखा में हाजिर है। सोशल इंपेक्ट रिस्पांसबिलिटी के मुहाने पर खड़ा कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार आने वाली सदियों से इस क्षेत्र की मुलाकात है तथा नई संभावनाओं के अक्स में, नए क्षितिज को छूने का शीर्षासन भी है। विस्थापन के मानवीय पक्ष और विकास के वास्तविक अर्थ को धरातल पर उकेरने के लिए सिर्फ हाथ नहीं, सहभागिता का जज्बा तैयार करना पड़ता है और इन्हीं कसरतों में यह दौर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक परीक्षा ले रहा है। एक दौर वो भी था जब इसी क्षेत्र के ताज बदलते फरमानों में जमीन पर अधिकार की सदियां बदली थीं। लैंड सीलिंग एक्ट के मार्फत मुजारों की शक्ति में बंटी धरती अगर सामाजिक उत्थान था, तो प्रदेश की आर्थिक तरक्की में जमीन की नई पैमाइश के तर्क भी कुछ तो हिसाब रखते हैं। सवाल घर से घर तक गिनें तो कांगड़ा जिला की अदालतों में सबसे अधिक मामले जमीनों के आपसी बंटवारे के ही होंगे। जमीन पर अपराध की प्रवृत्ति या बिक्री के मसौदे न होते, तो मुजारा कानून के तहत बंटी जमीनें इतना अनाज पैदा कर देतीं कि रिटेल स्टोरों में बाहरी राज्यों से आयातित अनाज, दालें, दूध या ब्रेड न बिकते। आश्चर्य यह कि जिस राज्य में तूड़ी भी आयात होती हो या जहां सरकारी राशन की वजह से खेत का सूखा फायदेमंद है, वहां राजनीतिक लोरियां केवल जनमानस के कर्म क्षेत्र में सुला रही हैं। खैर यहां मसला उन औपचारिकताओं का है जो सदी के सबसे अहम व निर्णायक मोड़ पर यह तय कर रही हैं कि प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए परिपाटी के हर सुर्ख पन्ने पर नए अक्षर कैसे लिखे जाएं। यहां विस्थापन के बदले पुनर्वास की आशा को यथार्थ का संबल कैसे मिले या अब तक के रोजगार व व्यापार में भविष्य के रोजगार के साथ कैसे तालमेल पैदा किया जाए। जाहिर है यह एक नए घर का प्रश्न भी नहीं है, लेकिन आर्थिक करवटों की मांग पर होती कुर्बानियों को अंगीकार करते हुए, नए सवेरे के आगाज को पुनर्वास की किरणें चाहिएं। कांगड़ा एयरपोर्ट की वजह से हुआ उत्थान अब अपनी नई पारी में एक विस्तृत आधार की तरफ अग्रसर हो रहा है, तो सामाजिक संरचना के ताजा फलक पर राज्य की जवाबदेही की नींव ढूंढी जाएगी। यानी कनेक्टिविटी और अधोसंरचना निर्माण की वजह से विस्थापित हो रहे समाज को केवल आसरा नहीं, मुकम्मल संदेश व स्पर्श चाहिए और इसके लिए नए पुनर्वास परिसर, उपग्रह नगर या निवेश केंद्र विकसित करने होंगे।

> सोशल इंपेक्ट रिस्पांसबिलिटी के मुहाने पर खड़ा कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार आने वाली सदियों से इस क्षेत्र की मुलाकात है तथा नई संभावनाओं के अक्स में, नए क्षितिज को छूने का शीर्षासन भी है। विस्थापन के मानवीय पक्ष और विकास के वास्तविक अर्थ को धरातल पर उकेरने के लिए सिर्फ हाथ नहीं, सहभागिता का जज्बा तैयार करना पड़ता है और इन्हीं कसरतों में यह दौर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक परीक्षा ले रहा है। एक दौर वो भी था जब इसी क्षेत्र के ताज बदलते फरमानों में जमीन पर अधिकार की सदियां बदली थीं। लैंड सीलिंग एक्ट के मार्फत मुजारों की शक्ति में बंटी धरती अगर सामाजिक उत्थान था, तो प्रदेश की आर्थिक तरक्की में जमीन की नई पैमाइश के तर्क भी कुछ तो हिसाब रखते हैं।

## संविधान न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उपयुक्त व्यवस्था उपलब्ध करवाने में असफल रहा है

# 'बुनियादी संरचना सिद्धांत' संविधान के दोष दूर नहीं करता

भानु धमीजा

> भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने 22 जनवरी को जवाब देते हुए कहा कि पूर्व न्यायिक निर्णयों पर आधारित 'बुनियादी संचरना सिद्धांत' संविधान की 'आत्मा' चबाए रखने के लिए आवश्यक है। ये दोनों ही मोर्चे अपुष्ट, अपनाने में अव्यावहारिक, और अविवेचित हैं। 'बुनियादी संचरना सिद्धांत' पर लड़ाई के बजाय भारत के संवैधानिक अधिकारी इस विवाद की जड़ – दोषपूर्ण संविधान – का परीक्षण कर देश का अधिक भला कर सकते हैं। यदि धनखड़ का दृष्टिकोण मानें, तो संसद संविधान की आधारभूत विशेषताओं, जैसे कि शक्तियों का पृथ्थकरण या संवैधानिक अधिकारों में बदलाव कर सकती है।संविधान का अनुच्छेद 368 जो संशोधन प्रक्रिया को स्पष्ट करता है, के अनुसार, ''संसद की संविधान निर्माण की शक्ति पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए।''

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने 11 जनवरी को संविधान के 'बुनियादी संरचना सिद्धांत' (Basic Structure Doctrine) की वैधता पर प्रश्न उठाया। यह डॉक्ट्रिन एक अलिखित नियम है कि संसद संविधान की कुछ बुनियादी विशेषताओं को परिवर्तित नहीं कर सकती। धनखड़ ने तर्क दिया कि देश का प्रधान निर्वाचित निकाय होने के नाते संसद सर्वोच्च है और इसकी संविधान परिवर्तन की शक्तियां कम नहीं की जा सकतीं। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने 22 जनवरी को जवाब देते हुए कहा कि पूर्व न्यायिक निर्णयों पर आधारित 'बुनियादी संरचना सिद्धांत' संविधान की 'आत्मा' बचाए रखने के लिए आवश्यक है। ये दोनों ही मोर्चे अपुष्ट, अपनाने में अव्यावहारिक, और अविवेचित हैं। 'बुनियादी संरचना सिद्धांत' पर लड़ाई के बजाय भारत के संवैधानिक अधिकारी इस विवाद की जड़ – दोषपूर्ण संविधान – का परीक्षण कर देश का अधिक भला कर सकते हैं। यदि धनखड़ का दृष्टिकोण मानें, तो संसद संविधान की आधारभूत विशेषताओं, जैसे कि शक्तियों का पृथ्थकरण या संवैधानिक अधिकारों में बदलाव कर सकती है। संविधान का अनुच्छेद 368 जो संशोधन प्रक्रिया को स्पष्ट करता है, के अनुसार, ''संसद की संविधान निर्माण की शक्ति पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए।'' प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 42वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया यह अनुच्छेद अभी भी संविधान में है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने इसे 1980 में अमान्य ठहराया था। अगर चंद्रचूड़ की चले, तो एक अनिर्वाचित निकाय यानी सुप्रीम कोर्ट किसी भी संशोधन को असुविधाजनक पाए जाने पर अस्वीकृत कर सकता है। इसने संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित 99वें संशोधन अधिनियम के साथ वर्ष 2014 में ठीक यही किया था। इस अधिनियम से 'राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्तियां आयोग' की स्थापना होती। इससे न्यायाधीशों की तैनाती में सरकार की भूमिका बढ़ती और वर्तमान कॉलेजियम व्यवस्था जो वरिष्ठ न्यायाधीशों को बिना सार्वजनिक समीक्षा नियुक्तियों की अनुमति देती है, वह बदल जाती। 'बुनियादी संरचना सिद्धांत' यह भी कहता है कि भारतीयों की एक पीढ़ी भविष्य की समस्त पीढियों के हाथ बांध सकती है। जबकि इसमें कोई संदेह नहीं कि संविधान सर्वोच्च है और संसद इसे पैरों तले नहीं रौंद सकती, पर यह भी सच्चाई है कि संविधान एक 'जीवित दस्तावेज' है। जैसा



कि अमरीका के निर्माताओं में एक, थॉमस जेफरसन, ने लिखाः ''कुछ व्यक्ति संविधान को पूज्य सम्मान देते हैं और इतना पवित्र मानते हैं कि इसे छुआ भी न जाए। वे गुजरे समय के व्यक्तियों की बुद्धिमता को आज के लोगों की समझ से अधिक श्रेय देते हैं, और मानते हैं कि वे जो कर गए उसमें संशोधन नहीं हो सकता।'' भारत के निर्माताओं का भी यही मानना था। प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि उन्होंने जिस संविधान के निर्माण में मदद की वह केवल ''आगामी कार्य का आधार'' था। वल्लभभाई पटेल ने स्पष्ट कहा, ''यह संविधान केवल 10 वर्ष के अंतराल के लिए है।'' 'बुनियादी संरचना सिद्धांत' की एक और समस्या है कि यह दोषपूर्ण रूप से परिभाषित है। सर्वाधिक मान्य बुनियादी विशेषताएं केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य सरकार के मामले में 1973 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में न्यायमूर्ति सिकरी द्वारा बताई गई पांच विशेषताएं हैंः संविधान का प्रभुत्व, गणतंत्रवादी और लोकतांत्रिक सरकार, धर्मनिरपेक्षता, संघवाद, और शक्तियों का पृथ्थकरण। इस निर्णय में पीठ ने 7-6 के साधारण बहुमत से कहा कि संसद संविधान को संशोधित तो कर सकती है, पर इसकी बुनियादी संरचना को बदल नहीं सकती। परंतु इन विशेषताओं पर एक राय नहीं है। कोई बहुमत का निर्णय समस्त बुनियादी विशेषताएं सामने नहीं रखता। न्यायाधीशों ने अपनी व्यक्तिगत पसंद पर कई विशेषताएं विभिन्न प्रकार से, जैसे ''बुनियादी विशेषताएं,'' ''तत्त्व'', ''ढांचा'' या ''चरित्र'' के रूप में पेश की हैं। कुछ उदाहरणों पर गौर करें कि न्यायाधीशों ने संविधान के विषय में क्या-क्या अपरिवर्तनीय माना हैः ''एक कल्याणकारी राज्य,'' ''स्थिति और अवसर की समानता,'' ''एक समानाधिकारवादी समाज,'' ''बुनियादीभूत अधिकारों और निर्देशक सिद्धांतों के मध्य संतुलन,'' और ''समाजवाद''। यहां तक कि केशवानंद केस में प्रगणित पांच बुनियादी विशेषताओं में भी समस्या है, क्योंकि वे खराब तरीके से परिभाषित हैं। उदाहरणस्वरूप, ''शक्तियों का पृथ्थकरण'' स्पष्ट रूप से नहीं बताता कि इसे हासिल कैसे करना है। मैं पहले भी लिख चुका हूं कि क्योंकि भारत की संसदीय प्रणाली कार्यकारी और विधायी शक्तियों को एक अधिकारी को सौंपती है, इसलिए सख्त पृथ्थकरण उपलब्ध करवाने वाली अमरीकी राष्ट्रपति प्रणाली इस मूल विशेषता के लिए अधिक सही होगी। इसी प्रकार, एक अन्य मूल विशेषता, ''संविधान का संघीय चरित्र,'' स्वतंत्र राज्य सरकारों वाली अमरीका-सदृश व्यवस्था के साथ ज्यादा ठीक बैठती है। न्यायमूर्ति सिकरी की विशेषताओं की सूची में, ''संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र'' संरचनात्मक है ही नहीं, क्योंकि इसके लिए कई कानून बनाने की आवश्यकता है। भारत में 'बुनियादी संरचना सिद्धांत' की आवश्यकता इसलिए महसूस हुई कि भारतीय संविधान उपयुक्त संस्थागत क्रम, शक्तियों का निरूपण, और नियंत्रणों व संतुलनों को स्पष्ट रूप से बताने में असफल रहा है। इन उदाहरणों पर विचार करेंः राष्ट्रपति सर्वोच्च पदाधिकारी है, परंतु संविधान उन्हें प्रधानमंत्री के अधीन बनाता है। शक्तियां केंद्र व राज्य सरकारों के मध्य विभाजित हैं, परंतु 50 से अधिक विषय समवर्ती सूची में हैं जिससे दोनों सरकारें जिम्मेदारी से पल्लू झाड़ सकती हैं। संसद के पास विधायी निरीक्षण का अधिकार है, परंतु दलबदल विरोधी कानूनों के तहत संविधान सरकार को बहुमत की गारंटी देता है। स्वयं 'बुनियादी संरचना सिद्धांत' पहली बार 1967 में गोलक नाथ केस में लागू किया गया था। कारण था न्यायिक समीक्षा की शक्ति के प्रति संविधान की अस्पष्टता। यह मामला मूल अधिकारों को संशोधित करने की संसद की शक्तियों से संबंधित था। आज बुनियादी संरचना को न्यायपालिका एक ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रही है क्योंकि संविधान न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उपयुक्त व्यवस्था उपलब्ध करवाने में असफल रहा है। 'बुनियादी संरचना सिद्धांत,' या ऐसा कोई भी अस्पष्ट नियम, संविधान में नहीं होना चाहिए। एक संविधान का मुख्य कार्य सरकारी संस्थाओं के ढांचे और शक्तियों को परिभाषित करने में स्पष्ट व सटीक होना है। समय आ गया है कि भारत के संविधान को भी ऐसा करने के लिए ठीक किया जाए।

# महिलाओं में वित्तीय साक्षरता की जरूरत

> आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कदम से कदम मिला कर चल रही हैं, मगर फिर भी कई मामलों में वे पीछे रह जाती हैं।उनमें एक मुख्य क्षेत्र है महिलाओं की वित्तीय साक्षरता का। इस मामले में न केवल गरीब, ग्रामीण और अनपढ़ महिलाएं पीछे हैं, बल्कि शहरी मध्यवर्ग और उच्च वर्ग की पढ़ी-लिखी महिलाओं में भी वित्तीय साक्षरता और जानकारी का अभाव देखा जाता है। 'ग्लोबल फाइनेंशियल लिटरेसी एक्सीलेंस सेंटर' (जीएफएलई) द्वारा 2020-21 में जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय वयस्क आबादी का केवल चौबीस प्रतिशत वित्तीय मामलों में साक्षर है। अन्य प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की वित्तीय साक्षरता दर सबसे कम है। महिलाओं के मामले में तो स्थिति और चिंताजनक है।यह राज्यवार चार प्रतिशत से 50 प्रतिशत के बीच है। महाराष्ट्र, दिल्ली और पश्चिम बंगाल जैसे महानगरीय क्षेत्रों में क्रमशः 17 प्रतिशत, 32 और 21 प्रतिशत की वित्तीय साक्षरता दर है। बिहार, राजस्थान, झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य, जहां गरीबी अधिक है, वहां साक्षरता दर कम है। ये आंकड़े अंतरराज्यीय असमानताओं को भी प्रदर्शित करते हैं।

**महिलाओं** में वित्तीय साक्षरता न होने के दो तरह के प्रभाव होते हैं। एक तो यह कि महिलाएं रुपए-पैसे के लेनदेन में पूरी तरह पुरुष रिश्तेदारों पर निर्भर हो जाती हैं। उनको ऐसा कुछ भी काम करने का आत्मविश्वास ही नहीं रहता और किसी वजह से वे रिश्तेदार नहीं रहते, तो उनका पूरा वित्तीय कामकाज ठप्प हो जाता है। दूसरे, वित्तीय साक्षरता की कमी की जिम्मेदार कई बार खुद कुछ महिलाएं भी होती हैं। वे इस काम को सीखने और करने में आलस करती हैं। आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कदम से कदम मिला कर चल रही हैं, मगर फिर भी कई मामलों में वे पीछे रह जाती हैं। उनमें एक मुख्य क्षेत्र है महिलाओं की वित्तीय साक्षरता का। इस मामले में न केवल गरीब, ग्रामीण और अनपढ़ महिलाएं पीछे हैं, बल्कि शहरी मध्यवर्ग और उच्च वर्ग की पढ़ी-लिखी महिलाओं में भी वित्तीय साक्षरता और जानकारी का अभाव देखा जाता है। 'ग्लोबल फाइनेंशियल लिटरेसी एक्सीलेंस सेंटर' (जीएफएलई) द्वारा 2020-21 में जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय वयस्क आबादी का केवल चौबीस प्रतिशत वित्तीय मामलों में साक्षर है। अन्य प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की वित्तीय साक्षरता दर सबसे कम है। महिलाओं के मामले में तो स्थिति और चिंताजनक है। यह राज्यवार चार प्रतिशत से 50 प्रतिशत के बीच है। महाराष्ट्र, दिल्ली और पश्चिम बंगाल जैसे महानगरीय क्षेत्रों में क्रमशः 17 प्रतिशत, 32 और 21 प्रतिशत की वित्तीय साक्षरता दर है। बिहार, राजस्थान, झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य, जहां गरीबी अधिक है, वहां साक्षरता दर कम है। ये आंकड़े अंतरराज्यीय असमानताओं को भी प्रदर्शित करते हैं। गोवा में महिलाओं की पचास प्रतिशत की उच्चतम वित्तीय साक्षरता दर है, जबकि छत्तीसगढ़ में वित्तीय साक्षरता की भारी कमी है। वहां वित्तीय साक्षरता दर सबसे कम, मात्र चार प्रतिशत, है। आजकल जब बैंकों के माध्यम से लेनदेन बढ़ रहा है, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड का चलन आम हो गया है और अब तो इसके आगे 'कैशलेस' लेनदेन पर जोर बढ़ रहा है, तब महिलाओं का एक बहुत बड़ा वर्ग बैंक के सामान्य कामकाज भी नही कर पाता। बैंक में रुपया जमा कराने या निकालने का काम हो या एटीएम कार्ड का उपयोग करना, सभी कामों के लिए अधिकांश महिलाएं अपने पति, पुत्र, भाई या किसी अन्य रिश्तेदार पर निर्भर हैं। इसका महिलाओं को कई बार खमियाजा भी भुगतना पड़ता है। उनके खाते से बड़ी रकम का गबन भी हो जाता है। कम निकालने का कह कर ज्यादा रकम उनके खाते से निकाल ली जाती है। एटीएम का गलत उपयोग कर लिया जाता है। बिना उस महिला की जानकारी के उसके खाते में अपना नामांकन करा लिया जाता है। खाली चेक पर हस्ताक्षर करा लिए जाते हैं, फिर मनमानी रकम भरकर निकाल ली जाती है। थोड़ा बहुत आनलाइन व्यवहार करने वाली महिला को 'रिवार्ड पाइंट' के आधार पर या नकद राशि मिलने के नाम पर 'ओटीपी' मांग कर या कोई लिंक भेज कर उस पर क्लिक करवा कर उसके बैंक खाते में जमा रकम साफ कर दी जाती है। इस तरह की बहुत-सी घटनाओं की खबरें आए दिन अखबारों में छपती रहती हैं। अधिकतर मामलों में कोई कार्रवाई नहीं होती और पीड़तिा का पैसा डूब जाता है। कई बार महिला के पुरुष रिश्तेदार जानबूझ कर उसे बैंक की कार्यप्रणाली से परिचित होने नहीं देते। महिलाओं में वित्तीय साक्षरता न होने के दो तरह के प्रभाव होते हैं। एक तो यह कि महिलाएं रुपए-पैसे के लेनदेन में पूरी तरह पुरुष रिश्तेदारों पर निर्भर हो जाती हैं। उनको ऐसा कुछ भी काम करने का आत्मविश्वास ही नहीं रहता और किसी वजह से वे रिश्तेदार नहीं रहते, तो उनका पूरा वित्तीय कामकाज ठप्प हो जाता है। दूसरे, वित्तीय साक्षरता की कमी की जिम्मेदार कई बार खुद महिलाएं भी होती हैं। वे इस काम को सीखने और करने में आलस करती हैं। कुछ तकनीकी बातें सीखने और समझने की कोशिश ही नहीं करतीं। इस उदासीनता का नुकसान भी उनको उठाना पड़ता है। जब बैंक आदि के सामान्य कामों में महिलाओं की यह स्थिति है तो भला वे निवेश कहां करना है, कब करना है, कितना करना है और कैसे करना है, कितना बीमा करवाना है जैसी बातों की उनसे जानकारी की अपेक्षा करना तो बेमानी है। इस कारण भी महिलाएं गलत जगह और गलत आदमी के माध्यम से निवेश करके या तो अपना पैसा डुबा देती या फंसा लेती हैं। आजकल विधवा और परित्यक्ता महिलाओं द्वरा एकाकी जीवन बिताने की प्रवृत्ति भी बढ़ती जा रही। ऐसे में उनको अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, शादी विवाह, आवास निर्माण आदि कार्यों के लिए बड़ी धनराशि की जरूरत पड़ती है। बचत न होने के कारण उनको ऋष्ा लेने की आवश्यकता पड़ती रहती है। वित्तीय साक्षरता के अभाव में वे सेठ-साहूकारों या निजी संस्थाओं के चंगुल में फंस जाती हैं। वहां उनको भारी ब्याज दरों पर ऋण लेना पड़ सकता है, जिसको चुकाना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि उनकी संपति कुर्क होने की नौबत आ जाती है। एक मजबूत वित्तीय शिक्षा की व्यवस्था महिलाओं को प्रभावी ढंग से अपनी बचत और निवेश का प्रबंधन करने में सहायक हो सकती है। इससे वे अपनी बचत को इस प्रकार निवेश कर सकती हैं, जिससे उन्हें अपने अधिक से अधिक लाभ मिल सके और जमा राशि भी सुरक्षित रहे। इसी प्रकार महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से उनका उपयुक्त बीमा कवर होना भी जरूरी है। बीमारी की दशा में इलाज पर खर्च होने वाली भारी-भरकम राशि की व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य बीमा का कवर भी जरूरी है, ताकि उनको और उनके परिवार को बीमारी की दशा में इलाज करवाने में कठिनाई का सामना न करना पड़े। यह भी महिलाओं की वित्तीय साक्षरता द्वारा ही संभव है। केंद्र सरकार ने इस वर्ष के आम बजट में लोगों में आर्थिक साक्षरता बढ़ाने के लिए गैर-सरकारी स्वयात्तशासी संस्थाओं के माध्यम से इस दिशा में प्रयास के प्रावधान किए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने 'वित्तीय साक्षरता योजना' नामक एक परियोजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य स्कूल और कालेज के छात्रों, महिलाओं, ग्रामीण और शहरी गरीबों, रक्षाकर्मियों और वरिष्ठ नागरिकों सहित विभिन्न लक्षित समूहों में केंद्रीय बैंक और सामान्य बैंकिंग अवधारणाओं के बारे में जानकारी का प्रसार करना है। वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय रणनीति 2020-2025 बनाई गई है। इसके अंतर्गत डिजिटल लेन-देन की सुविधा, डिजिटल लेन-देन की सुरक्षा, लेन-देन में सावधानी, ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं करने के प्रावधान किए गए हैं।



## देश दुनीया से

# करो योग और रहो निरोग

**विकसित** देशों की तरक्की में वहां के फिट नागरिकों का बड़ा योगदान है। जब तक ग्रामीण परिवेश में अधिकांश जनसंख्या रही तब तक अलग से किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी। जब से दैनिक जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं का विकास हुआ है तभी से फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत महसूस हो रही है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। बिना अच्छे स्वास्थ्य के धन दौलत, पद प्रतिष्ठा व अन्य भौतिक सुख सुविधाएं सब बेमानी लगते हैं। जन मानस का स्वास्थ्य उत्तम हो, इस सबके लिए इस कॉलम के माध्यम से बार बार योग के बारे में जानकारी देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नए नए शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए आज अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है। समय बचाती दुनिया के लिए योग मुख्य विकल्प है जो कम श्रम कर अधिक फिटनेस दे सकता है। अब आम जन मानस के लिए योग के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। पहले भी कई बार इस कॉलम के माध्यम से योग के बारे में लिखा जाता रहा है ताकि आम जनमानस इसे अपना कर स्वास्थ्य लाभ कर सकें। सैकड़ों वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग सूत्र की रचना की। योग सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का जनक कहा जाता है। योग के महान ग्रंथ में योग के बारे में कहा गया है कि मन की वृतियों में नियंत्रण करना ही योग है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि यह अष्टांग योग के आठ सूत्र हैं। आठों अंगों में प्रथम दो यम व नियम को नैतिक अनुशासन, आसन, प्राणायाम व प्रत्याहार को शारीरिक अनुशासन व धारणा, ध्यान, समाधि को मानसिक अनुशासन बताया गया है। योग हमें यम एवं नियम द्वारा व्यक्ति के मन और मस्तिष्क को ठीक करने की सलाह देता है। आसन और प्राणायाम करने से पूर्व यदि व्यक्ति यम एवं नियमों का पालन नहीं करता है तो उसे योग से पूर्ण स्वास्थ लाभ नहीं मिल सकता है। यम और नियम की विस्तार से चर्चा जरूरी है। संयम मन, वचन और कर्म से होना चाहिए। इसका पालन न करने से व्यक्ति का जीवन व समाज दोनों दुष्प्रभावित होते हैं। इससे मन मजबूत और पवित्र होता है तथा मानसिक शक्ति बढ़ती है। सत्य, अहिंसा, असतेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह यह नियम व्यक्तिगत नैतिकता के हैं। मनुष्य को कर्तव्य परायण बनाने तथा जीवन को सुव्यवस्थित करने हेतु पांच नियमों का विधान किया गया है । ये नियम हैं शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वर प्राणिधान। यम यानि मन, वचन एवं कर्म से सत्य का पालन व मिथ्या का त्याग। जिस रूप में देखा, सुना एवं अनुभव किया हो उसी रूप में उसे बतलाना सत्य है। अहिंसा दूसरा सूत्र है। इस में किसी को मारना ही केवल हिंसा का रूप नहीं है, बल्कि किसी भी प्राणी को कभी भी किसी प्रकार का दुख न पहुंचाना अहिंसा है। असतेय अर्थात चोरी न करना। छल से, धोखे से, झूठ बोलकर, बेईमानी से किसी चीज को प्राप्त करना भी चोरी है। जिस पर अपना अधिकार नहीं उसे लेना भी इसी श्रेणी में आता है। ब्रह्मचर्य मन, वचन एवं कर्म से यौन संयम अथवा मैथुन का सर्वथा त्याग करना ब्रह्मचर्य है। सभी इंद्रिय जनित सुखों में संयम बरतना। अपरिग्रह अपने स्वार्थ के लिए धन, संपति एवं भोग की सामग्री में संयम न बरतना परिग्रह है। इसका अभाव अपरिग्रह है। आवश्यकता से अधिक संचय करना अपरिग्रह है। दूसरों की वस्तुओं की इच्छा न करना। मन, वचन एवं कर्म से इस प्रवृति को त्यागना ही अपरिग्रह है। नियमों में शौच के अंतर्गत पानी मिट्टी आदि के द्वारा शरीर, वस्त्र, भोजन, मकान आदि के मल को दूर करना बाह्य शुद्धि माना जाता है। सद्भावना, मैत्री, करुणा आदि से की जाने वाली शुद्धि आंतरिक शुद्धि मानी जाती है। केवल अपने भौतिक शरीर का ध्यान रखना पर्याप्त नहीं है। बल्कि अपने मन के विचारों को पहचान कर उन्हें दूर करने का प्रयास करना जरूरी है।

> स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। बिना अच्छे स्वास्थ्य के धन दौलत, पद प्रतिष्ठा व अन्य भौतिक सुख सुविधाएं सब बेमानी लगते हैं। जन मानस का स्वास्थ्य उत्तम हो, इस सबके लिए इस कॉलम के माध्यम से बार बार योग के बारे में जानकारी देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नए नए शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए आज अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है।

## नागरिक बोध

# गुजरात कोष्ट गार्ड ने ईरान से लाई जा रही 425 करोड़ की हेरोइन पकड़ी

**गुजरात** के तट पर कोष्टगार्ड ने ईरान से लाया जा रहा 425 करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ हेरोइन चुनौती के जोर पर पकड़ी है। पुलिस ने 61 किलो हेरोइन जब्त की है। यह पहली और आखरी नही है। पाकिस्तान का गुजरात बॉर्डर तटीय क्षेत्र होने के कारण असानी से बॉर्डर पार कर दिया जाता है। नाव में रखी 425 करोड़ की लागत मूल्य की हेरोइन पकड़ी।इससे देश के युवाओ को नशीले पदार्थ का सेवन कराकर बर्बाद करनना चाहते है। चुनौती देने के बाद हरकत में आया कोष्टगार्ड ने नशीले पदार्थ हेरोइन को पकड़ा है। लिहाजा,इस वर्ष और बीते 2022 में अनेक बार पुलिस ने ड्रग्स पकड़ी है। करोड़ो रुपए की ड्रग्स पकड़े जाने के बाद पुलिस को सतर्क रहने की जरूरत है। नशे के नाम पर करोड़ो रुपए की हेरोइन सप्लाई कर देश की आर्थिक व्यवस्था पर सीधी चौट करने का इरादा हमेशा उनके जेहन में रहता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों देश ड्रग्स सप्लाई के मुख्य केंद्र बिंदु है। नशीला पदार्थ केवल इसलिए सेहत को नुकसान नही पहुंचाता क्योकि वह नशा होता है। इन पदार्थों को दिनरात सेवन करने से मस्तिष्क और शरीर को असंतुलन कर देता है। नशीले पदार्थ का सबसे बुरा असर दिमाग पर असर करता है। जब दिमाग नशे के शिकंजे में आता है तो काम करना बन्द कर देता है। देश को गर्त में डुबोने और युवाओ की जिंदगी को नर्कागार बनाने के लिए विदेशी ताकत सक्रिय है।हेरोइन के सेवन से मस्तिष्क डोपामाइन का उत्पादन करना बन्द कर देता है। हेरोइन के आदि लोगो की समस्या बन जाती है। हेरोइन के आदि कोई युवक सुख प्राप्त करना चाहता है तो हेरोइन के सेवन से आ जा सकता है। सड़को पर बेची जाने वाली हेरोइन का दुष्प्रभाव मन मस्तिष्क पर पड़ता है। वह व्यक्ति हमेशा के लिए अपाहिज हो जाता है। भारत मे तेजी से नशीले पदार्थों का सेवन बढ रहा है। यह चिंता का विषय है। भारत मे पचास लाख युवा हेरोइन जैसे नशीले पदार्थ का सेवन करते है। ड्रग्स की तस्करी पुराना अवैध व्यापार है।भारत मे अफगानिस्तान, ईरान,भूटान,म्यांमार, कम्बोडिया थाईलैंड और लाओस आदि से लाया जाता है। ड्रग्स आतंकवाद का नाम दिया गया है। ड्रग्स तस्करी के माध्यम से आता है। युवाओ को बर्बाद किया जाता है और देश की करंसी पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिसका असर लोगो की आजीविका पर देखने को मिलता है।



# इमरान खान पर हत्या-आतंकवाद का केस: रैली के दौरान पीटीआई कार्यकर्ता की मौत के बाद एक्शन, 100 पार्टी वर्कर्स गिरफ्तार

**लाहौर।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमारन खान और उनके 400 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मर्डर और आतंकवाद का केस दर्ज हुआ है। लाहौर पुलिस ने 100 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार भी किया है। ये कार्रवाई इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं की रैली में पुलिस के साथ हुई झड़प के बाद की गई है। झड़प के दौरान पीटीआई के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्यकर्ताओं के खिलाफ ही केस दर्ज कर दिया। इस पर पीटीआई के नेता फवाद चौधरी ने कहा- पुलिस ने हमारे कार्यकर्ता की हत्या के आरोप में अपने साथियों पर एफआईआर दर्ज करने की जगह इमरान और 400 कार्यकर्ताओं पर मर्डर का आरोप लगाया है।

**झड़प में पीटीआई कार्यकर्ता अली बिलाल की हत्या-** दरअसल, 8 मार्च को पीटीआई के कार्यकर्ता इमरान के घर से एक रैली निकालने वाले थे, जिसे देखते हुए लाहौर में धारा 144 लगा दी गई थी। इसके बाद जमान पार्क के बाहर इकट्ठा हुए पीटीआई कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प हो गई। पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए आंसू गैस और वॉटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। झड़प को बढ़ता देख इमरान ने रैली वापस लेने की घोषणा की थी। पीटीआई के मुताबिक, झड़प में पुलिस ने एक कार्यकर्ता अली बिलाल की हत्या कर दी थी और कई कार्यकर्ता घायल हुए थे। वहीं एफआईआर के मुताबिक, पीटीआई के मेंबर्स ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेके, जिसमें 11 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इमरान ने कहा- सरकार पंजाब में चुनाव टालने का बहाना ढूंढ रही है और इसके लिए उसे शवों की जरूरत है। पुलिस ने हमारे 100 कार्यकर्ताओं को उठा लिया है। हम सरकार और उनके नेताओं के नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। शाहबाज शरीफ की पार्टी के सत्ता में आने के 11 महीनों में इमरान के खिलाफ ये 80वां केस दर्ज हुआ है। पीटीआई ने इस मामले में पंजाब के केयरटेकर चीफ मिनिस्टर मोहसिन नकवी सहित गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह, पंजाब आईजी उसमान अनवर और लाहौर पुलिस के चीफ बिलाल कामयान के खिलाफ केस दर्ज करवाने की घोषणा की है।

## न्यूज ब्रीफ

### अधिकारी ने कहा- विदेश मंत्री बिलावल की भारत यात्रा को लेकर अभी कोई फैसला नहीं, एससीओ में होना है शामिल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने गुरुवार को कहा कि शंघाई सहयोग संगठन की एक उच्च स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए उसके विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की भारत यात्रा पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। बिलावल और चीन के विदेश मंत्री किन गैंग शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों में शामिल हैं, जिन्हें भारत ने मई में होने वाली बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। भारत आठ देशों के एससीओ का वर्तमान अध्यक्ष है। पाक विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान एससीओ को एक महत्वपूर्ण संगठन मानता है और सभी गतिविधियों में भाग लेना जारी रखेगा और इसके परिणामों में रचनात्मक योगदान देगा। विदेश मंत्रियों की आगामी एससीओ परिषद में भागीदारी के संबंध में साप्ताहिक ब्रीफिंग के दौरान मुमताज ने कहा कि जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, मामला विचाराधीन है और जब भी इस बारे में निर्णय लिया जाएगा, हम इसे सभी के साथ साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे लिए इन बैठकों के बारे में अटकले लगाना थोड़ी जल्दबाजी होगी। बता दें कि यदि पाकिस्तानी विदेश मंत्री व्यक्तिगत रूप से बैठक में भाग लेते हैं, तो यह 2011 के बाद से इस्लामाबाद की तरफ से भारत की पहली ऐसी यात्रा होगी। 2011 में पाकिस्तानी विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार ने भारत का दौरा किया था। खार वर्तमान में विदेश मामलों की राज्यमंत्री के रूप में सेवारत हैं। मई 2014 में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया था। इसके बाद दिसंबर 2015 में भारत की तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान का दौरा किया था और कुछ दिनों बाद पीएम मोदी ने पड़ोसी देश का संक्षिप्त दौरा किया था।

### चीन पर माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति का बड़ा आरोप: बोले- हमारे अफसरों को घूस देता है चीन, मेरी जान को भी खतरा



**पालीकिर।** चीन पर माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति डेविड पैनुएलो ने बड़ा आरोप लगाया है। पैनुएलो ने कहा कि चीन प्रशांत क्षेत्र में राजनीतिक युद्ध में लगा है। वह हमारे देश के नेताओं और अधिकारियों को रिश्वत देकर खरीदने की कोशिश करता है। पैनुएलो ने चीन से खुद की जान को भी खतरा बताया। राष्ट्रपति डेविड पैनुएलो का कार्यकाल दो महीने में खत्म हो रहा है। इसके पहले उन्होंने एक पत्र लिखकर चीन पर बड़ा हमला किया। डेविड पैनुएलो के पत्र में आरोप लगाया गया है कि चीन ताइवान के द्वीप पर संघर्ष की तैयारी कर रहा था। चीन का उद्देश्य फेडरेटेड स्टेट्स ऑफ माइक्रोनेशिया में हस्तक्षेप करके किसी भी संभावित प्रशांत क्षेत्र में युद्ध कराना था। माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति ने कहा, चीन यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि माइक्रोनेशिया के रिश्ते अमेरिका से बिगड़ जाएं। उन्होंने कहा कि माइक्रोनेशिया अमेरिका का एक पुराना सहयोगी है। राष्ट्रों के पास एक औपचारिक मुक्त संघ का संघ है और इसकी रक्षा के लिए अमेरिका पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। माइक्रोनेशिया की कांग्रेस और राज्य के राज्यपालों को लिखे अपने पत्र में पैनुएलो ने खुले तौर पर देश की राजनयिक मान्यता को बीजिंग से ताइपे में बदलने का सुझाव दिया। कहा कि उन्होंने इस साल फरवरी में ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू से मुलाकात की थी। इस दौरान हमने उनको बताया कि हम चीन के बजाय उन्हें समर्थन देने के लिए राजनयिक संबंधों को बदल दें सकते हैं। इसके बदले में वह हमें 50 मिलियन डॉलर के इंजेक्शन देने के लिए भी तैयार हैं। जिससे भविष्य की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि माइक्रोनेशिया को वार्षिक 15 मिलियन डॉलर का सहायता पैकेज भी प्राप्त होगा।

### भारत में अमेरिकी राजदूत पद पर नियुक्ति के करीब पहुंचे एरिक गार्सेटी, संसद में पेश हुआ विशेष प्रस्ताव

**वॉशिंगटन।** भारत में अमेरिकी राजदूत के पद पर एरिक गार्सेटी की नियुक्ति लगभग तय हो गई है। बता दें कि अमेरिका की संसद में क्लोचर प्रस्ताव पेश किया गया है। इसका मतलब है कि अमेरिकी संसद में सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी के पास पर्याप्त बहुमत है, जिससे एरिक गार्सेटी को भारत में अमेरिका का राजदूत नियुक्त किया जा सके और अब एरिक गार्सेटी की नियुक्ति का और विरोध नहीं हो सकता। सांसद चक शूमर ने यह प्रस्ताव पेश किया।

## अमेरिका ने कहा-

# भारत-पाकिस्तान के बीच रचनात्मक बातचीत का समर्थन करते हैं, लेकिन फैसला उन्हें खुद लेना होगा

**वाशिंगटन।**
अमेरिका ने गुरुवार को दोहराया कि वह लंबे समय से चले आ रहे विवादों को हल करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच रचनात्मक बातचीत का समर्थन करता है। अमेरिकी विदेश विभाग की एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि हम रचनात्मक बातचीत का समर्थन करते हैं। हम लंबे समय से चले आ रहे विवादों को हल करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीति का समर्थन करते हैं। हम एक भागीदार हैं, और हम किसी भी तरह से उस प्रक्रिया का समर्थन करने के इच्छुक हैं जो उन्हें उचित लगे। हालांकि, प्राइस ने यह भी कहा कि निर्णय भारत और पाकिस्तान द्वारा खुद किए जाने हैं। नेड प्राइस ने कहा कि अंततः ये ऐसे निर्णय हैं जो भारत और पाकिस्तान को स्वयं करने होंगे... यह संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए नहीं है कि वह तौर-तरीकों या जिस तरह से भारत और पाकिस्तान एक दूसरे से जुड़ते हैं, उसका निर्धारण करें। पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद के मुद्दों के संबंध में दोनों देशों के बीच संबंध कई वर्षों से अनिश्चित रहे हैं, यहां तक कि इस्लामाबाद किसी भी वार्ता के लिए पूर्व भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर के लिए अनुच्छेद 370 की बहाली की मांग कर रहा है। भारत द्वारा आयोजित एससीओ की बैठक में शामिल नहीं होंगे पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ने गुरुवार को नई दिल्ली में 10-12 मार्च को होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मुख्य न्यायाधीशों की बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। विदेश



कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने एक बयान में कहा, एससीओ के सक्रिय सदस्यों में से एक के रूप में, पाकिस्तान नियमित रूप से सभी एससीओ गतिविधियों में भाग लेता है और उनके परिणामों में रचनात्मक योगदान देता है। पाकिस्तान अब एकमात्र देश है जो भारत द्वारा आयोजित एससीओ देशों के मुख्य न्यायाधीशों की बैठक में शामिल नहीं होगा। नए सदस्य, ईरान सहित अन्य सभी सदस्य व्यक्तिगत रूप से बैठक में भाग लेंगे। बयान में कहा गया है कि निर्धारित बैठक की तारीखों पर अपनी अपरिहार्य प्रतिबद्धताओं के कारण पाकिस्तान के माननीय मुख्य न्यायाधीश 10-12 मार्च, 2023 से निर्धारित सर्वोच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की एससीओ बैठक में भाग नहीं ले पाएंगे। उन्होंने इसे लेकर अपने भारतीय समकक्ष, जो बैठक के वर्तमान अध्यक्ष हैं, को खेद व्यक्त किया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने पाकिस्तानी मुख्य न्यायाधीश को निमंत्रण दिया था, लेकिन इस्लामाबाद ने देश के शीर्ष न्यायाधीश के बारे में अंतिम समय में निर्णय लिया। भारत एससीओ का वर्तमान अध्यक्ष है। भारत ने इस साल मई में गोवा में होने वाली एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी को भी आमंत्रित किया है। हालांकि, पाकिस्तान को अभी यह तय करना है कि विदेश मंत्री भाग लेंगे या नहीं।

### अमेरिका ने कहा- भारत एक वैश्विक रणनीतिक भागीदार

अमेरिका ने गुरुवार (स्थानीय समय) को दोहराया कि भारत अमेरिका का वैश्विक रणनीतिक साझेदार है। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की हाल की भारत यात्रा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात पर जवाब देते हुए प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा, भारत और भारत के बारे में हमारा संदेश सुसंगत है। भारत अमेरिका का एक वैश्विक रणनीतिक साझेदार है। प्राइस ने कहा, ब्लिंकन ने पीएम मोदी के साथ तब मुलाकात की थी जब वह जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक और रायसीना डायलॉग में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली में थे। मैं विस्तार से बताने की स्थिति में नहीं हूं कि उनके बीच क्या बातचीत हुई थी। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा, मंत्रिस्तरीय स्तर पर, नेता स्तर पर, सभी स्तरों पर हमारे भारतीय सहयोगियों के साथ जो जुड़ाव हुआ है, वह हमारे दोनों देशों के बीच पहले से ही व्यापक संबंधों को और गहरा कर रहा है।

### नॉर्थ कोरियाई सेना जंग के लिए तैयार रहेः तानाशाह ने सैन्य अभ्यास तेज करने का आदेश दिया, बेटी के साथ मिसाइल टेस्ट देखा

**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन ने अपनी सेना को असली जंग के लिए मिलिट्री ड्रिल तेज करने का आदेश दिया है। किम पहले भी अपनी सेना को युद्ध अभ्यास का विस्तार करने और जंग की तैयारियों को मजबूत करने का आदेश दे चुके हैं। किम ने नया आदेश 9 मार्च को नॉर्थ कोरिया ने 6 मिसाइलों के परीक्षण के दौरान दिया। इस परीक्षण की तस्वीरें शुक्रवार को सामने आईं। तस्वीरों में किम जोंग अपनी बेटी के साथ नजर आए। इस दौरान कई सीनियर मिलिट्री ऑफिसर्स मौजूद रहे। तस्वीरें कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने जारी की हैं। इसमें किम जोंग और उनकी बेटी दोनों ही ब्लैक जैकेट पहने दिखे।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन को मात देने की योजना, बाइडन ने 25 अरब डॉलर खर्च करने का रखा प्रस्ताव

**वाशिंगटन।**
हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखलअंदाजी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बड़ा एलान किया। जो बाइडन ने गुरुवार को 25 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक खर्च करने का प्रस्ताव रखा, जिसमें से ज्यादातर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए हैं। यह राशि इस सामरिक क्षेत्र में बीजिंग की बढ़ती मुखर उपस्थिति के बीच विशेष रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और चीन से प्रतिस्पर्धा करने के लिए रक्षा के क्षेत्र में खर्च किए जाएंगे। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में 15 अरब डॉलर से ज्यादा का प्रस्तावित निवेश और क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा को मजबूत करने के लिए नौ अरब डॉलर का निवेश शामिल है। बाइडन ने कांग्रेस (अमेरिका की संघीय सरकार की द्विसदनी विधायिका) को अपने संदेश में कहा, यह बजट वैश्विक चुनौतियों का सामना करने और अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह वैश्विक स्तर पर चीन से प्रतिस्पर्धा करने और यूक्रेन के लिए अकारण रूसी आक्रमण का समर्थन जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण निवेश की रूपरेखा तैयार करता है।

बाइडन ने कहा कि यह अमेरिका के वैश्विक नेतृत्व को बहाल करने के लिए उनके प्रशासन के काम को भी जारी रखता है। जिसमें प्रमुख गठजोड़ और साझेदारी को पुनर्जीवित करना, सेना को मजबूत करना, लोकतंत्र और मानवाधिकारों को बढ़ावा देना, वैश्विक स्वास्थ्य की रक्षा करना, दिग्गजों का सम्मान करना, अमेरिका के आव्रजन प्रणाली को ठीक करना और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति के कार्यान्वयन के माध्यम से साइबर सुरक्षा को आगे बढ़ाना शामिल है।



कांग्रेस को भेजे गए बाइडन के बजटीय प्रस्तावों के अनुसार, चीन अमेरिका का एकमात्र प्रतियोगी है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को फिर से आकार देने के इरादे से और ऐसा करने के लिए आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और तकनीकी शक्ति दोनों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इन अभूतपूर्व और असाधारण समय के दौरान यह बजट चीन से प्रतिस्पर्धा करने और विश्व स्तर पर अमेरिकी समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए विवेकाधीन और अनिवार्य दोनों संसाधनों का अनुरोध करता है। व्हाइट हाउस ने कहा कि बजट में विदेश मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी एजेंसी का खुले एवं सुरक्षित तौर पर समर्थन करने के लिए और इंडो-पैसिफिक को जोड़ने और इंडो-पैसिफिक रणनीति को लागू करने के लिए इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में अमेरिका के गठजोड़ और साझेदारी को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए विवेकाधीन वित्त पोषण में 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक शामिल हैं।

व्हाइट हाउस के अनुसार, चीन को प्रतिस्पर्धा से बाहर करने का यह अनिवार्य प्रस्ताव इंडो-पैसिफिक में अमेरिकी भूमिका को मजबूत करेगा और हार्ड क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर का समर्थन करने के लिए एक नया इंटरनेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर फंड बनाने के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएगा।

# टोरंटो के स्कूलों में खत्म होगा जातिगत भेदभाव, स्कूल बोर्ड ने पास किया ये बड़ा प्रस्ताव

**टोरंटो।**
टोरंटो डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड ने ये माना है कि शहर के स्कूलों में जातिगत भेदभाव होते हैं। इसे खत्म करने के लिए बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। बोर्ड ने इस समस्या को हल करने के लिए प्रांतीय मानवाधिकार निकाय की मदद लेने का फैसला लिया है। मानवाधिकार निकाय से इसके लिए रूपरेखा भी बनाने को कहा है। बोर्ड ने ट्रस्टी यालिनी राजकुलासिंगम की ओर से पेश एक प्रस्ताव भी पास किया। 16 ट्रस्टियों ने इस प्रस्ताव के पक्ष में वोटिंग किया, जबकि पांच ने इसके खिलाफ। ऐसा करके टोरंटो स्कूल बोर्ड देश का पहला बोर्ड बन गया है, जिसने जातिगत भेदभाव खत्म करने के लिए ऐसा कदम उठाया है।

बोर्ड की ट्रस्टी यालिनी राजकुलासिंगम ने कहा, यह कदम क्षेत्र के दक्षिण एशियाई डायस्पोरा, विशेष रूप से भारतीय और हिंदू समुदायों के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करता है। भारत की जाति व्यवस्था कठोर सामाजिक स्तरीकरण के दुनिया के सबसे पुराने रूपों में से एक है। इस प्रस्ताव से समुदायों को सशक्त



बनाया जा सकेगा और उन्हें सुरक्षित स्कूल प्रदान किया जा सकेगा, जिसके वे छात्र पात्र हैं।

राजकुलासिंगम ने कनाडा के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत ओंटारियो के मानवाधिकार आयोग और टोरंटो के स्कूल बोर्ड के बीच साझेदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा, जाति व्यवस्था हजारों साल पहले की है और उच्च जातियों को कई विशेषाधिकार देती है लेकिन निचली जातियों का दमन करती है। दलित समुदाय हिंदू जाति व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर है और उन्हें अछूत माना जाता है। 70 साल पहले भारत में जातिगत भेदभाव को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था फिर भी पूर्वाग्रह बना हुआ है।

# चीन ने फिलीपींस कोस्ट गार्ड के प्लेन को धमकाया: साउथ चाइना सी के विवादित इलाके में घूम रहा था, कहा- यहां से तुरंत निकल जाओ

**मनिला।**
साउथ चाइना सी के विवादित हिस्से में घूम रहे एक फिलीपींस कोस्ट गार्ड के प्लेन को चीन के रेडियो ऑपरेटर ने धमकी दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक रेडियो ऑपरेटर ने 3500 फीट नीचे कोस्ट गार्ड के वेसल से अनाउंस करते हुए कहा- यहां से तुरंत निकल जाओ। दरअसल, फिलीपींस के इस प्लेन में दुनिया भर के पत्रकार थे। जिन्हें साउथ चाइना सी के विवादित इलाके को दिखाने के लिए बुलाया गया था। जिस समय इसे निकल जाने की धमकी दी गई उसे दौरान ये प्लेन स्प्रैटली इलाके में उड़ रहा था।

### खतरा पैदा करने का आरोप लगाया

चीन के कोस्ट गार्ड वेसल ने साउथ चाइना सी पर उड़ रहे प्लेन से



कहा कि वो चीन के इलाके में घूसे गए हैं और वहां की सुरक्षा के लिए खतरा बन गए हैं। चीन की तरफ से ये घोषणाएं चीनी और इंग्लिश भाषा में की गई। इसका पलटवार करते हुए फिलीपींस का प्लेन उड़ा रहे पायलट ने कहा- हम किसी चीनी इलाके में नहीं हैं हम फिलीपींस के इलाके में उड़ान भर रहे हैं। करीब चार घंटों की उड़ान में फिलिपींस के कोस्ट गार्ड ने उनके 9 आईलैंड और रीफ्स में 20 चीनी वेसल्स को देखा।

जिनमें मिलिशिया बोट्स भी शामिल थी। वहीं 17 मैरिटाइम मिलिशिया बोट्स को फिलीपींस के ही सबिना शोल में स्पॉट किया गया था। फिलीपींस ने पिछले महीने भी चीन पर साउथ चाइना सी में दादागिरी करने का आरोप लगाया था। फिलीपींस ने कहा था कि चीन ने एक लेजर लाइट से उनके वेसल को रोकने की कोशिश की। इससे फिलीपींस के जहाज में सवार चालक दल को दिखना बंद हो गया था। फिलीपींस ने कहा था कि चीन ने ऐसा जानबूझ कर किया था। जो साउथ चाइना सी में उनके अधिकारों का उल्लंघन है। इस पूरे मामले में अमेरिका के विदेश प्रवक्ता नेड प्राइस ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि इस मामले में उनका देश फिलीपींस के साथ खड़ा है। लेजर लाइट का इस्तेमाल कर उनके एक जहाज को रोकने की कोशिश की है। साउथ चाइना सी का लगभग 35 लाख स्क्वेयर किलोमीटर का एरिया विवादित है। इस पर चीन, फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ताइवान और ब्रुनेई दावा करते रहे हैं।

## यूएन की रिपोर्ट में खुलासा

# पांच साल में भारत के अंदर नशीले पदार्थों की बरामदगी तेजी से बढ़ी, कही गई ये बात

**संयुक्त राष्ट्र।**
संयुक्त राष्ट्र नारकोटिक्स वॉचडॉग के अनुसार, पिछले पांच साल में भारत में नशीले पदार्थों की जब्ती में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, डार्कनेट और समुद्री मार्ग तस्करों की पसंद बन चुकी है। यहां से आसानी से तस्कर नशीले पदार्थ सप्लाई करते हैं। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड ने गुरुवार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की। इसमें बड़ी मात्रा में सिंथेटिक दवाओं के अवैध निर्माण से निपटने के लिए भारत द्वारा सक्रिय नियमों का भी उल्लेख किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों में मादक पदार्थों की बरामदगी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, 2017 में जहां 2,146 किलोग्राम नशीले पदार्थ बरामद हुए थे, वहीं 2021 में 7,282 किलोग्राम पदार्थ जब्त किए गए। अफीम की जब्ती में भी 70 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। 2017 में 2,551 किलोग्राम अफीम जब्त की गई थी, जो 2021 में बढ़कर 4,386 किलोग्राम हो गई। भांग की बरामदगी में 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। 2017 में 3,52,539 किलोग्राम भांग जब्त की गई थी जो 2021 में बढ़कर 6,75,631 हो गई है। 2021 में कोकीन की बरामदगी 364 किलोग्राम थी। पिछले तीन वर्षों में इस तरह की बरामदगी का औसत लगभग 40 किलोग्राम था। 2021 में एक कंटेनर में पाए गए 300 किलोग्राम कोकीन से बरामदी का स्तर बढ़ गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बंदरगाह के अधिकारियों ने शिपिंग कंटेनरों में बड़ी मात्रा में हेरोइन की जब्ती की सूचना दी है। सितंबर 2021 में गुजरात में लगभग तीन टन हेरोइन जब्त हुई। इससे पता चलता है कि दक्षिणी मार्ग और इसके माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी का विस्तार हुआ है।

**रिपोर्ट में और क्या कहा गया** - मार्च 2022 में कोलंबो के बंदरगाह पर श्रीलंका सीमा शुल्क को एक कंटेनर में



350 किलोग्राम कोकीन मिला, जो बेल्जियम और दुबई, संयुक्त अरब अमीरात के रास्ते पनामा से आया था। इसकी सप्लाई भारत में होनी थी। 2020 में एशिया के नौ देशों ने कुल 1.2 टन ट्रामाडोल की जब्ती की सूचना दी। ये एक ऐसा पदार्थ है जो अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में नहीं है, जिसमें से लगभग पूरी मात्रा भारत में रोकी गई थी। 2019 की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि थी जब भारत ने 144 किलोग्राम ट्रामाडोल जब्त किया था। दक्षिण एशिया के अन्य देशों ने संयुक्त रूप से 70 किलोग्राम की बरामदगी की सूचना दी थी। इसमें कहा गया है, भारत में जब्ती की कार्रवाई से डार्कनेट का फायदा उठाने वाले ट्रामाडोल और अन्य साइकोएक्टिव पदार्थों की तस्करी करने वाले एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क को खत्म करने में मदद मिली। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि फार्मास्यूटिकल ओपिओइड और अवैध रूप से उत्पादित मेथामफेटामाइन, एमडीएमए और केटामाइन जैसी सिंथेटिक दवाओं की वैश्विक मांग बढ़ी है। इसके चलते तस्कर भी बढ़ गए हैं। इसकी सप्लाई भारत से होती है। भारत एक बड़े रासायनिक और दवा उद्योग का गढ़ है। हालांकि, भारत सरकार इसके खिलाफ कड़े और सख्त कदम उठा रही है। इससे नशे के कारोबारियों को नुकसान हुआ है।

**ऑनलाइन दवा बिक्री के नियमों में सुधार** - रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑनलाइन दवा बिक्री के नियमन में सुधार किया जा रहा है और पारंपरिक और डिजिटल जांच क्षमता दोनों को बढ़ाया जा रहा है। ताकि इसकी आड़ में नशीली दवाओं की सप्लाई न हो सके। रिपोर्ट में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट का भी जिक्र है। इसके अनुसार, 10 से 75 वर्ष की आयु के लगभग 23 मिलियन लोगों ने मुख्य रूप से हेरोइन और फार्मास्युटिकल ओपिओइड का उपयोग किया है। ओपियोड उपयोग विकारों के लिए अनुमानित आठ मिलियन लोग पंजीकृत थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान से यूरोप और उत्तरी अमेरिका में अवैध रूप से उत्पादित अफीम की तस्करी करने वालों के लिए दक्षिण एशिया एक महत्वपूर्ण पारगमन क्षेत्र बना हुआ है। इसके अलावा, दक्षिण एशिया के पांच तटीय राज्य, अर्थात् बांग्लादेश, भारत, मालदीव, पाकिस्तान और श्रीलंका, हिंद महासागर को पार करने वाले समुद्री तस्करी मार्गों के कारण तस्करी के संपर्क में हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत ने विशेष रूप से अफगानिस्तान में उत्पन्न होने वाली अफीम की तस्करी और दक्षिणी मार्ग के साथ पूर्व की ओर तस्करी की तीव्रता देखी है।

# पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी शरणार्थी व पाकिस्तानी कहना गलत

## पंजाबी खत्री समाज ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**फतेहाबाद ( हिंस )।** पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी, शरणार्थी व पाकिस्तानी कहे जाने का समस्त पंजाबी खत्री समाज फतेहाबाद ने विरोध किया है। इसको लेकर पंजाबी खत्री समाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्य विस्तारक अनिल वोहरा एवं जिला संयोजक रघुनाथ मेहता की अध्यक्षता में शुक्रवार को विधायक दुड़ाराम से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पंजाबी खत्री समाज ने पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी, शरणार्थी व पाकिस्तानी बोलने पर रोक लगाने और विशेष एक्ट बनाए जाने की मांग की है। विधायक से मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हमारे देश



भारत को 1947 में आजादी मिली थी। हमें अपने ही देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में स्थानांतरित किया गया। उस समय की सरकार द्वारा हमारे लिए शरणार्थी शिविरों में रहने की व्यवस्था की गई थी। अपने ही देश में हमें शरणार्थी, रिफ्यूजी व पाकिस्तानी कहलवाए गए जबकि वे दूसरे देश से नहीं अपने ही देश में रह रहे है। प्रतिनिधिमंडल ने आगे कहा कि हमारे लाखों लोगों को अपने धर्म को बचाने के लिए अपने घर, धन-दौलत सब कुछ छोड़ना पड़ा। इस त्रासदी में हमारे लाखों लोगों को शहादत भी देनी पड़ी, लेकिन अब उन्हें अपने ही देश में रिफ्यूजी, शरणार्थी, पाकिस्तानी जैसे शब्दों से बुलाया जाता है, जिससे पूरा समाज आहत है। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दुड़ाराम से मांग की कि वह इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से विधानसभा में उठाएं, ताकि समाज के लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिल सके।

## हरियाणा रोडवेजकर्मियों के गतिरोध पर सरकार करेगी कर्मचारी नेताओं से वार्ता

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा सरकार आज (शुक्रवार) रोडवेज कर्मचारियों के गतिरोध को खत्म करने के लिए कर्मचारी नेताओं से बैठक में वार्ता करेगी। बैठक में लंबित मांगों पर चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा करेंगे। बैठक शाम को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में होगी। हरियाणा सरकार ने रोडवेज कर्मचारियों के दस संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। रोडवेज कर्मचारी लंबे समय से संघर्षरत हैं। कई बार हड़ताल कर चुके हैं। परिवहन मंत्री शर्मा ने बताया कि बैठक में हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के प्रधान वीरेंद्र सिंगरोहा, कर्मचारी नेता इंद्र सिंह बधाना, विनोद शर्मा, कृष्ण कादयान, ओम प्रकाश ग्रेवाल, जयभगवान कादयान, आजाद सिंह गिल, रमेश श्योकंद, अशोक खोखर, हरिकृष्ण आदि को बुलाया गया है।

## पायलट के बंगले के बाहर बैठी वीरांगनाओं को देर रात पुलिस ने धरना स्थल से उठा दिया

**जयपुर ( हिंस )।** पिछले चार दिनों से पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बंगले के बाहर न्याय की मांग को लेकर गुहार कर रही पुलवामा शहीदों की तीन वीरांगनाओं को गुरुवार देर रात पुलिस ने धरना स्थल से उठा दिया। पुलिस ने तीनों वीरांगनाओं को उनके घरों तक पहुंचाया है। इसके अलावा उनके साथ धरना स्थल पर बैठे उनके समर्थक व अन्य लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस सेज थाने ले गई। राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा शुक्रवार सुबह अपने समर्थकों के साथ सेज थाने पहुंचे और उन्होंने वीरांगनाओं के साथ धरना देने वालों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सरकार पत्थर दिल हो गई है। कल वीरांगनाओं ने मुंह में दूब लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से गुहार की थी लेकिन इससे भी वे नहीं पिघले। उस गुहार को सुनने की जगह देर रात पुलिस ने वीरांगनाओं को जबरन धरने से उठवा दिया। तीनों वीरांगनाओं का कोई अता पता नहीं है कि पुलिस उन्हें कहां ले गई है। तीनों से मेरा संपर्क नहीं हो पा रहा है और उनके साथ वालों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकार पूरी तरह दमन पर उतर आई है, लेकिन इस तरह हम झुकेंगे नहीं। हम फिर धरना देंगे। गौरतलब है कि सीएम अशोक गहलोत ने साफ तौर पर मना कर दिया कि शहीदों के बच्चों का हक किसी दूसरे को नहीं दिया जाएगा। सीएम के इस बयान के बाद से ही वीरांगनाओं में नाराजगी जताते हुए गुरुवार दोपहर में मुंह में दूब लेकर सीएम आवास की तरफ कूच किया, मगर पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर रोक दिया। उन्होंने कहा कि हम अपनी मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलना चाहती हैं, मगर उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा है।

# स्कूलों में घटिया गेहूं आने पर विधायक ने जताई नाराजगी

**उदयपुर ( हिंस )।** उदयपुर ग्रामीण विधानसभा के ग्राम पंचायत बारापाल में राजकीय प्राथमिक विद्यालय निचला गोयरा में खराब पोषाहार वितरण एवं पर्याप्त कमरों का अभाव होने पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया और घटिया गेहूं का वितरण करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई एवं विद्यालय के लिए कमरों के निर्माण की मांग की। विधायक फूलसिंह मीणा ने ज्ञापन में बताया कि ग्रामीण विधानसभा में पंचायत समिति गिर्वा के ग्राम पंचायत बारापाल में ग्रामीणों की शिकायत पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय, निचला गोयरा में निरीक्षण किया जहां पर खराब सड़े-गले गेहूं एवं पाउडर का दूध बच्चों में वितरण किया जा रहा था एवं इस विद्यालय में कमरों की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उक्त विद्यालय कक्षा-5 तक संचालित है और कुल 110 बालक-बालिकाओं का नामांकन है, लेकिन यहां पर इनके बैठने की व्यवस्था नहीं है ओर केवल दो कमरे हैं जिसमें से भी एक कमरा क्षतिग्रस्त है और खाली है। दूसरे कमरे में विद्यालय रिकार्ड एवं राशन सामान पड़ा हुआ है। कक्षा-1 व कक्षा-2 के विद्यार्थी इसी कमरे में बैठ कर अध्ययन कर रहे हैं। कमरे के अभाव में कक्षा-3 से 5 तक के बालक-बालिकाओ को बाहर बरामदे में बैठ कर अध्ययन करना पड़ रहा है। पोषाहार के लिए यहां पर संबंधित अधिकारी द्वारा सड़ा-गला गेहूं डाल दिया जो कि पूरी तरह से खराब है। इस प्रकार खराब गेहूं को विद्यालय में डालना कहीं न कहीं भ्रष्टाचारियों से मिलीभगत की ओर इशारा करता है। ऐसे संबंधित लापरवाह अधिकारी के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जावे एवं इसकी विस्तृत रूप से जांच की जावे। विद्यालय कमरों के संबंध में पूर्व में भी आपको अवगत कराया था कि क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों को मरम्मत करवाया जावे एवं जहां पर कक्षा-कक्षों की कमी है, वहां पर डीएमएफटी फंड से निर्माण करवाया जावे, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई ध्यान नहीं दिया गया और न ही कोई कार्यवाही की गई जिससे जनजाति क्षेत्र के बालक-बालिकाएं व्यवस्थित अध्ययन करने से वंचित है।

# पंजाब : वर्ष 2023-24 के लिए 1 लाख 96 हजार 462 करोड़ रुपए का बजट पेश

## पिछले साल के मुकाबले इस साल बजट में की गई 26 फीसदी की बढ़ोतरी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार ने विधान सभा सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को अपना पहला पूर्ण बजट पेश किया। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बजट पेश करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान दी गई गारंटियों और वायदों के साथ बजट में हर वर्ग पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट पेश करते हुए चीमा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पंजाब का बजट 1 लाख 96 हजार 462 करोड़ रुपए का होगा जो पिछले साल से 26 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2022-23 में पंजाब का कुल बजट 1 लाख 55 हजार 860 करोड़ रुपए था। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आप सरकार ज्यादातर शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों पर ध्यान दे रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों पर भी उतना ही ध्यान दिया जा रहा है। चीमा ने कहा कि उनकी सरकार को विरासत में भारी कर्ज मिला था, जो पिछली सरकारों ने उठाया था। इसके बावजूद आप सरकार पंजाब को आगे बढ़ाने के लिए वचनबद्ध है। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि पंजाब में जल्द ही 17 रेत माइनिंग खनन शुरू होंगे। इसके



अतिरिक्त सड़क मरम्मत के लिए 1,992 करोड़ रुपए, पंजाब पुलिस को मजबूत करने और सुरक्षा व्यवस्था के लिए 10,523 करोड़ रुपए, अमृतसर में युद्ध स्मारक पर दो नई दीर्घाओं के निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपए, राज्य में 11 नए कॉलेजों के निर्माण के लिए 36 करोड़ रुपए तथा मौजूदा सरकारी कॉलेजों में पुस्तकालय निर्माण के लिए 68 करोड़ रुपए, कपूरथला और होशियारपुर में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए 17,072 करोड़ रुपए, स्कूलों और उच्च शिक्षा के लिए 17,072 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है। इसके अतिरिक्त वित्त मंत्री ने स्कूलों में रूफटॉप सोलर सिस्टम के लिए 100 करोड़ रुपए, अगले वित्तीय वर्ष में चिकित्सा शिक्षा के लिए 1,015 करोड़ रुपए, पंजाब में खेलों को बढ़ावा देने के लिए 258 करोड़ रुपए, मानसा जिले में दो तेल मिलें खोलने की घोषणा की। जिले के बुढलाडा एवं मुक्तसर जिले के गिद्दड़बाहा मिलों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य में पराली प्रबंधन के लिए 350 करोड़ रुपए, तकनीकी शिक्षा से संबंधित संस्थानों के सुधार के लिए 615 करोड़ रुपए, पूंजीगत व्यय के लिए 11,782 करोड़ रुपए खर्च करने का ऐलान किया गया है।

# स्कूलों में अभिभावकों का आर्थिक शोषण हो बंद : अभिभावक मंच

**यमुनानगर ( हिंस )।** अभिभावक सेवा मंच के आह्वान पर बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय में उप मंडल अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अभिभावक सेवा मंच के सचिव विपिन गुप्ता ने कहा कि नये नियमानुसार के. जी. कक्षा में बढ़ने वाले वो बच्चे जो आगामी नये सेशन में छ: साल से कम उम्र के हैं उन्हें पहली कक्षा में नहीं प्रवेश नहीं दिया जाएगा। निजी स्कूल और प्रशासन जिद पर अडे है कि सभी माता-पिता सरकार के इस आदेश पर अपनी सहमति दे कि वे इस आदेश को हर हाल में मानेंगे। इस पर अभिभावकों ने कहा है कि जब सरकार के आदेश आते हैं कि सभी स्कूलों में केवल एनसीईआरटी की ही किताबें लगेंगी। तब सरकार के आदेश न मानते हुए निजी प्रकाशकों



की पुस्तकें खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है क्योंकि उसमें आपको कमीशन मिलता है। कई स्कूलो में ही बेची जा रही निजी प्रकाशकों की किताबें, वर्दी भी एक ही दुकान से खरीदनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि अब बच्चों को दोबारा केजी की कक्षा करानी पड़ेगी। जिसमें स्कूल वाले अपना फायदा देख जबरन एक साल की स्कूल फीस, वार्षिक शुल्क, बस फीस, किताबें और कापियां आदि लगवा कर दोनों तरफ से अभिभावकों का आर्थिक शोषण करने पर तुले हुए हैं, यह घोर अन्याय है। मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेंद्र मित्तल, संजय मित्तल, किसान संघ के साहिब सिंह ने समर्थन देते हुए अभिभावकों के हक में उपरोक्त नियमों को आगामी दो तीन साल के लिए टालने की मांग की है ताकि लोगों का पैसा और बच्चों का साल खराब न हो। सरकार को चेतावनी देते हुए अभिभावक सेवा मंच के सदस्यों ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को जल्द नही माना तो अभिभावकों को मजबूरन कोर्ट में जाना पड़ेगा।

## अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

**धौलपुर ( हिंस )।** प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन को लागू करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का कार्य स्थगित कार्यक्रम जारी है। शुक्रवार को धौलपुर अभिभाषक संघ द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन के अंतर्गत मुख्यमंत्री की शवयात्रा निकाल कर पुतला दहन किया गया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर में प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुतले की शव यात्रा निकाली गई और सरकार विरोधी नारेबाजी की गई। अधिवक्ताओं में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराने को लेकर रोष देखा गया। अदालत परिसर मं जुलूस के बाद में अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार कुलश्रेष्ठ ने कहा कि पूरे प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर काफी रोष व्याप्त है। अगर शीघ्र सरकार ने एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल पास नहीं किया तो अधिवक्ताओं में आंदोलन और भी उग्र हो सकता है।

## आयुष्मान भारत के तहत पलवल में पहली बार हुई एंजियोप्लास्टी



**पलवल ( हिंस )।** जिले के एकमात्र गुरु नानक मल्टी सुपर स्पेशलिटी एवं हार्ट केयर अस्पताल में 69 वर्षीय मरीज की एंजियोप्लास्टी की गई। मरीज को गत 27 फरवरी को हार्ट अटैक आया था। जांच के बाद पता चला कि उसकी हार्ट की एक नस में 99 प्रतिशत ब्लाकेज है। इस पर कार्डियोलाजी विभाग के प्रमुख डॉ. हिमांशु अरोड़ा की टीम ने उसकी एंजियोप्लास्टी की और स्टंट भी डाला। खास बात यह कि पलवल में पहली बार आयुष्मान भारत के तहत इनका इलाज मुफ्त किया गया है। गुरु नानक अस्पताल के चेयरमैन डॉ अनूप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यहां पर आयुष्मान योजना के तरह मरीजों का मुफ्त ईलाज किया जाता है। डॉ. हिमांशु अरोड़ा ने बताया कि हथीन निवासी दीनू को 27 फरवरी को छाती में तथा हाथ में दर्द हो रहा था। भर्ती के दौरान पता चला कि उनकी एक नस 99 प्रतिशत ब्लाक है। उनके पास आयुष्मान कार्ड होने के कारण उनका इलाज अस्पताल में नि:शुल्क किया गया है। निशुल्क पहली एंजियोप्लास्टी पूरी तरह सफल रही। उनकी हालत अच्छी है तथा एक- दो दिन में उसे डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

## अंबाला में कंडक्टरों का प्रदर्शन

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला में रोडवेज कंडक्टरों ने जीएम ऑफिस पर प्रदर्शन किया। यहां अंबाला, नारायणगढ़ डिपो के परिचालकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पे-ग्रेड बढ़ाने की मांग रखी। इस दौरान परिचालकों ने जीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपा। परिचालकों ने कहा कि समय-समय पर विभिन्न पदों के वेतनमानों में सम्मानजनक बढ़ोतरी हुई है, लेकिन विडंबना है कि हरियाणा रोडवेज के परिचालकों के कार्य के अनुसार वेतनमान की कभी समीक्षा नहीं हुई है।

## राजस्थान : 11 ब्लॉक अध्यक्ष व 10 निकायों में नेता प्रतिपक्ष के नामों की घोषणा

**जयपुर ( हिंस )।** गत 19 फरवरी को एआईसीसी सदस्यों की सूची के बाद राजस्थान कांग्रेस संगठन में नियुक्तियों के दौर में एक बार छत्तीसगढ़ में हुए कांग्रेस के 85वें अधिवेशन के चलते ब्रेक लग गए थे, लेकिन अब एक बार फिर से राजस्थान कांग्रेस ने संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने 11 ब्लॉक अध्यक्षों और 10 निकायों के नेता प्रतिपक्ष की घोषणा कर दी है। आज बनाए गए 11 ब्लॉक अध्यक्षों के बाद राजस्थान कांग्रेस में अब तक 400 में से कुल 350 ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जा चुके हैं। ब्लॉक अध्यक्षों के साथ ही जयपुर ग्रेटर समेत राजस्थान कांग्रेस ने 10 निकायों में नेता प्रतिपक्ष भी बना दिये हैं। राजस्थान में 200 विधानसभा में 400 ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाते हैं। इनमें से ज्यादातर उन विधानसभाओं में ब्लॉक अध्यक्ष बना दिए हैं, जहां पर कांग्रेस के मंत्री या विधायक हैं। हालांकि अब भी 25 सितंबर को समानांतर विधायक दल की बैठक के चलते एआईसीसी कारण बताओ नोटिस पाने वाले जलदाय मंत्री महेश जोशी की विधानसभा हवामहल के दोनों ब्लॉक अध्यक्ष घोषित नहीं किए गए हैं। प्रदेश में शुक्रवार को अलवर की राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा के राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक से राजगृह रानी, हनुमानगढ़ की भादरा विधानसभा से भादरा सिटी ब्लॉक से रविंद्र मोटासरा और भादरा रूरल ब्लॉक से राजेश्वरी देवी, झालावाड़ जिले की झालरापाटन विधानसभा के झालरापाटन ब्लॉक से इम्तियाज हुसैन और पिडावा ब्लॉक से पूरीलाल डांगी, जोधपुर के फलोदी विधानसभा से बाप ब्लॉक से केशव राम मेघवाल और फलोदी ब्लॉक से इलामदिन मेंहर, जोधपुर जिले की ही सूरसागर विधानसभा के हाउसिंग बोर्ड ब्लॉक से परमसुख पुरोहित और सूरसागर ब्लॉक से त्रिलोक मेहरा और कोटा जिले की रामगंजमंडी विधानसभा से रामगंज मंडी ए ब्लॉक से शराफत मेव और रामगंजमंडी बी ब्लॉक से अजीत पारख को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस पार्टी ने 10 नगर निकायों में भी नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति की है। इनमें जयपुर नगर निगम ग्रेटर से राजीव चौधरी, अजमेर नगर निगम से द्रौपदी कोली, भीलवाड़ा नगर परिषद में धर्मेंद्र पारीक, कपासन नगर पालिका में कन्या देवी सोनी, बगरू नगरपालिका में नितिन कुमार भारद्वाज, जोधपुर नगर निगम दक्षिण में गणपत सिंह चौहान समेत आदि शामिल हैं।

## करनाल में सीएम मनोहर बोले

# पिता ने पढ़ाने से मना किया तो मां ने भेजा कॉलेज

**कैथल ( हिंस )।** शुक्रवार को यहां अनाज मंडी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। उन्होंने इस दौरान 40 महिलाओं और 62 प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जुड़ना था। लेकिन वह नहीं जुड़ पाए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सफलता का सफरनामा किताब का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर सफल व्यक्ति के पीछे एक महिला का हाथ होता है। मेरे पिता ने 10वीं के बाद पढ़ाने से मना कर दिया था। मेरी मां ने मुझे पैसे दिए और मैंने कॉलेज में पढ़ाई की। मेरी सफलता के पीछे मेरी मां का हाथ है। मैं आज जो हूं अपनी मां के कारण हूं। मां का स्नेह बच्चों के लिए ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अब शिक्षा, खेल, सामाजिक हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने



कई महिलाओं के नाम लेकर मिसाल दी कि जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में रिकॉर्ड बनाएं हैं। बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ की शुरुआत भी हरियाणा राज्य से हुई। 2014 में जब इस अभियान की शुरुआत हुई थी तो 1000 लड़कों के पीछे 871 लड़कियां थी और अब 923 लड़कियां है, लिंगानुपात में सुधार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की महिलाओं ने पूरी दुनिया में नाम कमाया है। सीएम ने बताया कि पहली महिला उपराज्यपाल चंद्रावती, पहली विधानसभा स्पीकर शन्नो देवी, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, साक्षी मलिक, गीता फौगाट, मानुषी चिल्लर समेत पहली महिला पायलट भी कविता बैनीवाल हरियाणा से ही है। सरकार ने महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट, महिला थाने, दुर्गा शक्ति जैसे कदम उठाए। हरियाणा पुलिस में महिलाओं की संख्या को छह से 10 फीसदी तक पहुंचाया। इस संख्या को 15 फीसदी करना उनका लक्ष्य है। प्रदेश का सेल्फ हेल्प ग्रुप का पहला सेंटर घरौंडा में खोला गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा लावारिस नहीं, सबका वारिस भगवान और सहायक सरकार है। महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहां कि प्रदेश में 4000 आंगनवाडी केंद्रों को प्ले स्कूल के तौर पर विकसित किया गया है, जबकि अगले दो साल में 4000 और आंगनवाडी केंद्रों को प्ले स्कूल के तौर पर विकसित किया जाएगा। प्रदेश में कामकाजी बहनों के बच्चों के देखभाल के लिए 500 बाल शिशु गृह करने का संकल्प लिया गया है।


No. CE/ARC-I/04/2023/3

**PRESS NOTICE (EOI)**

The Special Chief Engineer, P.W.D (Building), Health & Education, Assam, on behalf of the Governor of Assam invites Bids for Technical & Financial offer from Architects/ Architectural Consultants registered with Council of Architecture and empaneled with APWD (2018-22) for the following works :

| Name of Work | Approx. value of the project |
|---|---|
| Architectural Consultancy Services for "Establishment of 10 nos. of Government Model Degree Colleges in Assam Under NESID scheme" for | |
| 1. Govt. Model College, Mariani (Jorhat District) | 3300.00 Lakhs |
| 2. Govt. Model College, Kaliabor (Nagaon District) | 3300.00 Lakhs |
| 3. Govt. Model College, Dergaon (Golaghat District) | 3300.00 Lakhs |
| 4. Govt. Model College, West karbi Anglong (West karbi Anglong District) | 3300.00 Lakhs |
| 5. Govt. Model College, Dholai (Cachar District) | 3300.00 Lakhs |
| 6. Govt. Model College, Lakhipur (Cachar District) | 3300.00 Lakhs |
| 7. Govt. Model College, Kalaigaon (Udalguri District under BTC) | 3300.00 Lakhs |
| 8. Govt. Model College, Panbari, Bijni (Chirang District under BTC) | 3300.00 Lakhs |
| 9. Govt. Model College, Nayar Alga, West Bilasipara (Dhubri District) | 3300.00 Lakhs |
| 10. Govt. Model College, Merapani (Golaghat District) | 3300.00 Lakhs |

- The details may be seen in e-procurement portal website i.e. **www.assamtenders.gov.in.**
- The Work Order will be issued after receipt of Administrative Approval from concerned authority.
- The validity period of the Bid shall be 180 days from the date of submission.
- The Bidders must be registered with the E-tendering system (ETS) of the Govt. of Assam. (website: http//assamtenders.gov.in)
- The Special Chief Engineer, P.W.D (Building), Health & Education, Assam reserves the right to accept or reject any or all proposals without showing any reasons what so ever.

for, Spl. Chief Engineer, PWD (Bidg.),
Health & Education, Assam
Chandmari, Guwahati-3.

***-- Janasanyog /C/22378/22***




# होंडा का पाकिस्तान स्थित प्लांट 31 मार्च तक बंद: आर्थिक संकट के चलते ऑटो कंपनी ने शट डाउन करने का फैसला लिया, कहा- सप्लाई चेन पूरी तरह बाधित

**नई दिल्ली ।**

पाकिस्तान में आर्थिक संकट के चलते एक के बाद एक कंपनियां बंद हो रही हैं। अब खबर आई है कि जापान की कार मैकर कंपनी होंडा ने पाकिस्तान में स्थित प्लांट को 31 मार्च तक के लिए बंद करने का ऐलान किया है। इससे पहले सुजुकी ने भी पाकिस्तान में अपना प्लांट बंद कर चुकी है। पाकिस्तान में होंडा ऑटोमोबाइल्स की असेम्बलर होंडा एटलस कार्स का कहना है कि, कंपनी अपना प्रोडक्शन जारी नहीं रख पाएगी और 9 से 31 मार्च तक अपने प्लांट को बंद कर रही है।

**इन कारणों से कंपनी ने प्लांट बंद करने का फैसला लिया** – ऑटोमेकर ने पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज को एक नोटिस भेजा, जिसमें कहा गया कि कंपनी की सप्लाई चेन बुरी तरह से प्रभावित हो गई है। पाकिस्तान की सरकार ने कंप्लीटली नॉक-डाउन किट, रो मटेरियल के इम्पोर्ट के लिए लेटर ऑफ क्रेडिट को खोलने पर रोक लगाने और फॉरेन पेमेंट्स को रोकने सहित कड़े उपायों का सहारा लिया, कंपनी की सप्लाई चेन इस तरह के उपायों से भी गंभीर रूप से बाधित हुई है। **पाकिस्तानी रुपए में गिरावट के कारण कंपनी को नुकसान :** कंपनी के अनुसार पाकिस्तानी रुपए का डीवैल्युएशन और हाई टैक्स के बोझ के चलते वह अपना प्लांट बंद करने को मजबूर है। पाकिस्तानी रुपए में गिरावट आने से कंपनी को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विदेशों से इम्पोर्ट महंगा हो गया है। वहीं, हाई टैक्स के चलते कारों की मांग तेजी से कम हुई है। इसके चलते प्लांट को बंद करना ही एकमात्र ऑप्शन है। **ऑटो पार्ट्स इम्पोर्ट करना हुआ महंगा :** प्रोडक्शन एक्टिविटी पर प्रभाव के अलावा, सीकेडी की कीमत में वृद्धि ने पाकिस्तानी लोगों की पहले से ही घटती पर्चेजिंग पावर पर भी असर डाला है। पाकिस्तान हाई इनफ्लेशन रेट और उच्च उधारी लागत के प्रभाव से जूझ रहा है, जिसने मांग को कम कर दिया है और पाकिस्तानी रुपए को गिरा दिया है। ऑटोमोबाइल के पार्ट्स का इम्पोर्ट काफी महंगा हो गया है। पाकिस्तान में आर्थिक संकट के चलते टोयोटा मोटर्स, पाकिस्तान सुजुकी, इंडस मोटर कंपनी ने भी पहले ही अपने प्लांट बंद कर चुकी हैं, जिससे उनकी बिक्री प्रभावित हो रही है। एक स्थानीय ब्रोकरेज फर्म इस्माइल इकबाल सिक्योरिटीज के रिसर्च हैड फहद रऊफ ने कहा कि इन शटडाउन से न सिर्फ कॉर्पोरेट मुनाफे पर असर पड़ता है।

## न्यूज ब्रीफ

### फोनपे को मिलेगा बड़ा इन्वेस्टमेंट: फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर बिन्नी बंसल फोनपे में लगभग 1,230 करोड़ रुपए निवेश करेंगे




**नई दिल्ली ।** फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर बिन्नी बंसल फिनटेक प्लेटफॉर्म फोनपे में एक बड़ा इन्वेस्टमेंट करने का प्लान बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिन्नी बंसल की फोनपे में लगभग 100-150 मिलियन डॉलर (820-1230 करोड़ रुपए) निवेश करने के लिए कंपनी से बातचीत चल रही है। अगर ऐसा संभव होता है तो यह ट्रांजेक्शन न्यू-ऐज फर्म में सबसे बड़े व्यक्तिगत निवेशों में से एक होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया है कि डील में अब सिर्फ अमाउंट फाइनलाइज किया जाना बाकी रह गया है। हालांकि, इस इन्वेस्टमेंट को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही इस डील के क्लोज होने की उम्मीद है। फोनपे पहले ही पीई दिग्गजों जनरल अटलांटिक, टाइगर ग्लोबल, रिबिट कैपिटल और अन्य कई कंपनियों से 12 बिलियन डॉलर (98.44 हजार करोड़ रुपए) के वैल्यूएशन पर प्राइमरी कैपिटल में लगभग 450 मिलियन डॉलर (3,691 करोड़ रुपए) जुटा चुकी है। फोनपे में वॉलमार्ट 70प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़ा निवेशक है। इसके अलावा फ्लिपकार्ट के शेयर होल्डर्स टाइगर ग्लोबल, टेनसेंट, कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी और माइक्रोसॉफ्ट को फोनपे में नई हिस्सेदारी खरीदने की उम्मीद थी। क्योंकि फोनपे ने एक न्यू ओनरशिप स्ट्रक्चर बनाने का प्लान बनाया था। वॉलमार्ट इंटरनेशनल के सीईओ जूडिथ मैककेना ने पिछले महीने कहा था कि ऑनलाइन पेमेंट ऐप फोनपे के जरिए हर महीने लगभग 4 बिलियन (400 करोड़) ट्रांजेक्शंस होते हैं। यूपीआई नेटवर्क पर फोनपे का सीधा मुकाबला गुगल पे, अमेजन पे और वॉट्सऐप पे से है। फ्लिपकार्ट ने 2016 में फोनपे का अधिग्रहण किया था और बिन्नी बंसल ने इस डील को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बिन्नी बंसल फोनपे के बोर्ड में भी शामिल रहे हैं।

### 18 साल बाद टाटा ग्रुप पेश करेगी अपना आईपीओ




**मुंबई ।** टाटा ग्रुप की टेक कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीस घरेलू बाजार में लिस्ट होने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने आईपीओ के जरिए पैसे जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास एक ड्राफ्ट फाइल किया है। खबरों के मुताबिक, यह इश्यू ऑफर फॉर सेल का होगा। कंपनी इसके जरिए मौजूदा प्रमोटर्स और शेयरहोल्डर्स 9.57 करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। बता दें कि टाटा ग्रुप की एक और कंपनी टाटा प्ले भी आईपीओ लाने की तैयारी में है। समूह की जो भी कंपनी पहले इश्यू लाएगी, वह टाटा ग्रुप का 18 साल में पहला आईपीओ होगा।टाटा टेक्नोलॉजीज का इश्यू पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल का होगा। इस इश्यू के जरिए टाटा मोटर्स 8.11 करोड़, टाटा कैपिटल ग्रोथ फंड 1 अपने हिस्से के 48.6 लाख और अल्फा टीसी होल्डिंग्स 97.2 लाख इक्विटी शेयरों की सेल करेंगी। बता दें कि टाटा टेक में टाटा मोटर्स की 74.69 फीसदी, अल्फा टीसी होल्डिंग्स की 7.26 फीसदी और टाटा कैपिटल ग्रोथ फंड 1 की 3.63 फीसदी हिस्सेदारी है। इश्यू के लिए जेएम फाइनेंशियल, बोफा सिक्योरिटीज और सिटी ग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया लीड मैनेजर्स हैं।

### गर्मियों में बिजली की नहीं होगी किल्लत, सरकार ने लॉन्च किया एचपी-डेम पोर्टल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने पीक डिमांड सीजन में बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए स्पेशल पोर्टल लॉन्च किया है, जिसकी मदद से ऊर्जा कंपनियां बिजली की खरीद कर सकती हैं। इस पोर्टल पर एक विशेष श्रेणी के विक्रेताओं से बिजली खरीद की तय की गई अधिकतम 12 रुपये प्रति यूनिट से ज्यादा कीमत चुकाकर बिजली की खरीद की जा सकती है। केंद्र सरकार की ओर से ये पोर्टल ऐसे समय पर लॉन्च किया गया है, जब माना जा रहा है कि आनी वाली गर्मियों में बिजली मांग 239 गीगावॉट को छू सकती है। फरवरी की शुरूआत में पावर नियामक सीईआरसी ने एचपी-डेम पोर्टल को मंजूरी दी थी।

# महाराष्ट्र में महिलाओं को बस किराये में 50प्रतिशत छूट, 14 मेडिकल कॉलेज बनेंगे

**नई दिल्ली ।**

महाराष्ट्र सरकार के वित्तीय-वर्ष 2023-24 के बजट में वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कई बड़े एलान किए हैं। इनमें महिलाओं को बस किराये में 50 प्रतिशत की छूट, किसानों को किसान सम्मान निधि की तर्ज पर छह हजार रुपये सालाना देने और राज्य में 14 नए मेडिकल कॉलेज खोलने जैसी घोषणाएं शामिल हैं। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दोपहर दो बजे के बाद बजट पेश किया।



**1. महाराष्ट्र सरकार के बजट में हर व्यक्ति को घर मुहैया कराने का एलान** – महाराष्ट्र सरकार के बजट में हर व्यक्ति को घर मुहैया करने का एलान किया गया है। इस वर्ष 10 लाख घर मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 3 साल में 10 लाख घरों के लिए मोदी आवास घरकुल योजना का क्रियान्वयन होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 लाख घर (2.5 लाख आवास अनुसूचित जाति-जनजाति, 1.5 लाख अन्य वर्ग) बनेंगे। रमई आवास के तहत 1.5 लाख घर बनेंगे जिस पर 1800 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अंतर्गत मतंग समुदाय के लिए कम से कम 25 हजार घर उपलबध कराए जाएंगे। शबरी, पारधी, आदिम आवास योजना के अंतर्गत 1 लाख घर बनाए जाएंगे इसके लिए 1200 करोड़ रुपये आवंटित किये गए है। यशवंतराव चव्हाण फ्री कॉलोनी योजना के तहत 50,000 घर बनेंगे जिस पर 600 करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा।

**2. मुंबई के विकास के लिए नई परियोजनाओं की घोषणा, इन रूट्स पर दौड़ेगी मेट्रो** – बजट में मुंबई के लिए कई परियोजनाओं की घोषणा की गई है। 9.2 किमी के मुंबई मेट्रो 10 के लिए जो गायमुख से शिवाजी चौक, मीरा रोड के लिए चलेगी उस पर 4476 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मुंबई मेट्रो 11-वडाला से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बीच चलेगी। 12.77 किमी लंबी इस योजना के लिए 8739 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मुंबई मेट्रो 12-कल्याण से तलोजा के बीच चलेगी। 20.75 किमी की इस परियोजना पर 5865 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा नागपुर मेट्रो का दूसरा चरण के लिए 43.80 किमी लंबा होगा उस पर 6708 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं पुणे मेट्रो के लिए 8313 करोड़ खर्च का प्रावधान किया गया है। अन्य नई परियोजनाएं के तहत ठाणे सर्कल मेट्रो, नासिक निओ मेट्रो, पुणे मेट्रो के पिंपरी-चिंचवाड़ से निगडी कॉरिडोर और स्वारगेट से कात्रज मेट्रो के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**3. सोलापुर में श्री फूड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए 200 करोड़** – महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बजट 2023-24 में सोलापुर को भी सौगात दिया है। बजट में सोलापुर में श्री फूड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का एलान किया गया है। इसके लिए 200 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रावधान किया गया है।

**4. लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए भी बजट में की गई घोषणा** – लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए भी बजट में घोषणा की गई है। बजट के अनुसार लेक लाडकी योजना का कार्यान्वयन अब नए रूप में होगा। इसके तहत पीले और नारंगी रंग के राशन कार्डधारक परिवार की लड़कियों को लाभ दिया जाएगा। इन परिवारों को जन्म के बाद प्रति लड़की 5000 रुपये दिए जायेंगे। पहली कक्षा में पहुंचने पर 4000 रुपये, छठी कक्षा में पहुंचने पर 6000 रुपये जबकि ग्यारहवीं में पहुंचने पर 8000 रुपये दिए जायेंगे। बालिका के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 75,000 रुपये दिए जायेंगे। वहीं महिलाओं को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट देने की भी बात कही गई है।

**5. किसान सम्मान निधि की तर्ज पर किसानों को अतिरिक्त छह हजार रुपये देने का एलान** – महाराष्ट्र सरकार ने बजट में किसानों के लिए भी कई बड़े ऐलान किए गए हैं। केंद्र सरकार की पीएम किसान सम्मान निधि योजना की तर्ज पर अब महाराष्ट्र में नमो शेतकरी योजना चलाई जाएगी। इसके अंतर्गत किसानों को सालाना 6000 रुपये की राशि दी जाएगी। बता दें कि अभी केंद्र सरकार से किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना 6000 रुपये मिलते हैं। महाराष्ट्र सरकार की इस घोषणा के बाद अब महाराष्ट्र के किसानों को साल में कुल मिलाकर 12 हजार रुपये की नकद राशि मिलेगी।

**6. महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना का कवरेज 1.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया** – महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना में बीमा कवर 1.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया। अब आप 5 लाख रुपए तक का इलाज करा सकते हैं। इसमें 200 नए अस्पताल शामिल किए जाएंगे। किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी का लाभ 2.50 लाख से 4 लाख तक किया गया। राज्य भर में 700 स्व. बालासाहेब ठाकरे का अस्पताल शुरू किये जायेंगे।

# फॉरेक्स बाजार को करना होगा नई चुनौतियों का सामना, बाजारों के विकसित होने से पैदा होगा जोखिम


**मुंबई ।**

भारत को विदेशी मुद्रा बाजार में उभरने वाली अस्थिरता का प्रबंधन करने के लिए कमर कसने की जरूरत है, क्योंकि देश रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कहा, आने वाले समय में बाजार तेजी से विकसित होंगे। इससे एक दूसरे से उनका जुड़ाव बढ़ेगा और उत्पादों का भी विस्तार होगा। ऐसे में भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स) के लिए नई चुनौतियां पैदा हो सकती हैं।

भारतीय बैंक विदेश में अपने कारोबार का विस्तार कर रहे हैं। इससे नए मोर्चे पर उनको चुनौतियां मिलेंगी। मिस्र में फॉरेन एक्सचेंज डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एक कार्यक्रम में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर राव ने कहा, घरेलू बाजार में अप्रवासियों की भागीदारी बढ़ रही है। इससे टेक्नोलॉजी बदल रही है जिससे काम करने के तरीके में भी बदलाव आ रहा है। विदेशी विनिमय बाजार के भागीदारों को इस बदलाव और संबंधित जोखिम के प्रबंधन के लिए तैयार रहना होगा। आरबीआई देश और दुनिया में मैक्रो वित्तीय माहौल में बदलाव को ध्यान में रखकर आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है।

### ई-रूपी से होगा फायदा

विदेशी मुद्रा बाजार में ज्यादा उतार-चढ़ाव पर आरबीआई करता है हस्तक्षेप राव ने कहा, विदेशी मुद्रा बाजार में ज्यादा उतार-चढ़ाव होने पर आरबीआई सरकारी बैंकों के जरिये हस्तक्षेप करता है। यानी अगर रुपया ज्यादा गिरा तो डॉलर बेचा जाता है और



रुपया ज्यादा मजबूत होता है तो डॉलर खरीदा जाता है। अंतरराष्ट्रीयकरण के अपने लाभ हो सकते हैं, लेकिन इसके साथ जोखिम भी है। इसमें मुद्राओं में उतार-चढ़ाव का प्रबंधन करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

राव ने कहा कि भारतीय बैंक विदेशी बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। हालांकि, कुछ देशों के साथ रुपये में कारोबार शुरू हुआ है। इसमें और देशों की भी दिलचस्पी दिख रही है, जिससे फायदा हो सकता है।

### बैंकों में ऑनलाइन धोखाधड़ी की बढ़ती संख्या चिंता का विषय

आरबीआई के कार्यकारी निदेशक अजय कुमार चौधरी ने एक कार्यक्रम में कहा, बैंकिंग प्रणाली में ऑनलाइन धोखाधड़ी की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। समस्या के समाधान के लिए सभी संबंधित हितधारकों और उपभोक्ता जागरूकता पहलों के समन्वित प्रयासों की जरूरत है।

ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए आरबीआई के माध्यम से कई पहल की गई हैं। जानकारी के अनुसार, 27 फरवरी, 2023 से 9 मार्च, 2023 तक मुंबई पुलिस ने सैकड़ों फर्जी बैंक खातों के खोलने पर 80 एफआईआर दर्ज की है।

# 50 साल पुराने ब्रांड कैंपा की बाजार में वापसी, रिलायंस ने नए अंदाज में किया लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

मुकेश अंबानी की रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने भारत के प्रतिष्ठित पेय ब्रांड, कैंपा को एक बार फिर लॉन्च कर दिया है। रिलायंस से समझौते के बाद 50 साल पुराने ब्रांड कैंपा ने भारतीय पेय पदार्थों के बाजार में वापसी की है। शुरुआत में कैंपा कोला, कैंपा लेमन और कैंपा ऑरेंज को बाजार में उतारा जाएगा। कंपनी ने इसे 'द ग्रेट इंडियन टेस्ट' का नाम दिया है।

### पेप्सी और कोका कोला को सीधी टक्कर देगा रिलायंस

इंडियन ब्रांड कैंपा को बाजार में उतार कर रिलायंस इंडस्ट्री ने भारतीय पेय पदार्थों की मार्केट में दुनिया की दो सबसे बड़ी कंपनियों, पेप्सीको और कोका कोला को चुनौती दी है। बाजार के जानकारों का मानना है कि कैंपा सीधे तौर पर पेप्सीको और कोका कोला के मार्केट शेयर सेंध लगाएगी। भारत में अपनी खुद की रिटेल चेन के दम पर रिलायंस इन दिग्गज कंपनियों का मुकाबला करने उतरी है।




### कंपनी को भरोसा- कैम्पा के नए रूप को नई पीढ़ी के उपभोक्ता अपनाएंगे

लॉन्चिंग के मौके पर आरसीपीएल के प्रवक्ता ने कहा, कैम्पा को उसके नए अवतार में पेश करके हम उम्मीद करते हैं कि अगली पीढ़ी के उपभोक्ता इस प्रतिष्ठित ब्रांड को अपनाएंगे। उन्होंने कहा, युवा उपभोक्ताओं को कैम्पा नया स्वाद पसंद आएगा। तेजी से विकसित हो रहे भारतीय बाजार में खपत अधिक होने के कारण कैंपा के लिए अधिक अवसर उपलब्ध है। रिलायंस 200, 500 और 600 मिलीलीटर के पैक के अलावे एक और दो लीटर के फैमिली पैक में भी कैंपा उतार रही है।

# 24 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंची फ्यूल डिमांड: पेट्रोल की बिक्री सालाना आधार पर 8.9प्रतिशत बढ़ी, डीजल की खपत में 7.5प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली ।**

फरवरी में भारत की फ्यूल डिमांड 24 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। सस्ते रूसी तेल से देश में इंडस्ट्रियल एक्टिविटी को भी बढ़ावा मिला है। फरवरी में ईंधन की खपत 5प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 4.82 मिलियन बैरल प्रति दिन (18.5 मिलियन टन) हो गई। इंडियन ऑयल मिनिस्ट्री के पेट्रोलियम पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के रिकॉर्ड किए गए डेटा में ये जानकारी सामने आई है।

**पेट्रोल की बिक्री सालाना आधार पर 8.9प्रतिशत बढ़ी** – फरवरी में पेट्रोल की बिक्री सालाना आधार पर 8.9प्रतिशत बढ़कर 2.8 मिलियन टन हो गई, जबकि डीजल की खपत 7.5प्रतिशत बढ़कर 6.98 मिलियन टन हो गई। आंकड़ों के अनुसार, जेट ईंधन की बिक्री 43प्रतिशत से अधिक बढ़कर 0.62 मिलियन टन हो गई। रसोई गैस या लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की बिक्री 0.1प्रतिशत घटकर 23.9 लाख टन रह गई। मार्च में डिमांड 5.17 मिलियन बीपीडी होगी सड़कों के निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले बिटुमेन की बिक्री जनवरी की तुलना में फरवरी में 21.5प्रतिशत बढ़ी, जबकि फ्यूल ऑयल का इस्तेमाल फरवरी में 5प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा घट गया। केपलर के लीड क्रूड एनालिस्ट विक्टर कटोना ने कहा कि मार्च में मांग 5.17 मिलियन बैरल पर डे होगी, और यह सीजनल मानसून-ड्रिवन स्लोडाउन के कारण अप्रैल-मई में 5 मिलियन बीपीडी तक गिर जाएगी। नर्जी कार्गो ट्रैकर वोरटेक्सा के मुताबिक, दिसंबर में भारत ने हर दिन औसतन 11 लाख 90 हजार बैरल क्रूड ऑयल रूस से खरीदा। इससे एक साल पहले दिसंबर 2021 में भारत प्रतिदिन 36,255 बैरल तेल ही रूस से खरीदता था। यानी एक साल में रूस से तेल की खरीद करीब 32 गुना बढ़ गई। भारत अब अपनी जरूरत का 25प्रतिशत तेल रूस से ही मंगाता है। मार्च 2022 तक भारत अपनी जरूरत का बेहद छोटा हिस्सा ही रूस से खरीदता था।



# सीतारमण-जयशंकर से मिलीं अमेरिकी मंत्री जीना रायमोंडो, सेमीकंडक्टर को लेकर भारत-अमेरिका करेंगे समझौता

**नई दिल्ली ।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मुलाकात की। इस दौरान भारत की जी-20 प्राथमिकताओं और निवेश व व्यापार को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की गई। अमेरिका की वाणिज्य मंत्री ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी मुलाकात की है।

वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा कि सीतारमण और रायमोंडो ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आर्थिक और वित्तीय संबंधों पर केंद्रित ठोस और बहुआयामी संबंधों पर चर्चा की है। रायमोंडो 10 मार्च को भारत-अमेरिका वाणिज्यिक वार्ता और भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की बैठक के लिए यहां आईं हैं। इस बैठक में दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की जाएगी। इससे दोनों देशों के बीच नए व्यापार और निवेश के अवसरों खुलेंगे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी गुरुवार को अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो के साथ बैठक की और कौशल क्षेत्र में दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। प्रधान ने बताया कि दोनों नेता भारतीय कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को अधिक जीवंत बनाने और भविष्य के कार्यबल के निर्माण के लिए संस्थागत तंत्र को मजबूत करने पर सहमत हुए हैं।





वहीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी गुरुवार को अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मिले। दोनो नेताओं ने मुलाकात के दौरान रणनीतिक व्यापार, लचीली और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला के साथ-साथ डिजिटल क्षेत्र में पारदर्शिता पर चर्चा की।

### निवेश समन्वय पर चर्चा करेंगे दोनों देश

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका और भारत सेमीकंडक्टर पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश निवेश समन्वय पर चर्चा करेंगे और निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतियों के बारे में बातचीत जारी रखेंगे। रायमोंडो ने कहा कि दोनों देश सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का एक साथ खाका तैयार करेंगे और संयुक्त उद्यमों और प्रौद्योगिकी साझेदारी के अवसरों की पहचान करेंगे।

### जी20 वर्ष में भारत विश्व के लिए और विश्व भारत के लिए तैयार हो रहा: जयशंकर

इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के जी20 अध्यक्षीय वर्ष में देश दुनिया के लिए तैयार हो रहा है और दुनिया भारत के लिए तैयार हो रही है। जयशंकर ने चांदनी चौक में नवीनीकृत स्वर्ण हवेली का उद्घाटन किया। जयशंकर ने कार्यक्रम की तस्वीरों के साथ ट्वीट किया कि आज स्वर्ण हवेली धरमपुरा का उद्घाटन कर खुशी हुई। इस अवसर के लिए विजय गोयल को धन्यवाद। हमारी संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देना, पर्यटन पैदा करना और रोजगार का विस्तार करना साथ-साथ चलते हैं।

### सोने और चांदी की कीमत हुई कम

**नई दिल्ली ।** सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को सराफा बाजार में गिरावट देखी जा रही है। सोने और चांदी के भाव काफी कम हुए हैं। सोना बंपर सस्ता हुआ है। वहीं चांदी बड़ी गिरावट के सात कल के मुकाबले 2500 रुपये कम पर पहुंच गई है। मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल समेत छत्तीसगढ़ के रायपुर में पिछले कुछ दिनों से दोनों कीमती धातुओं की कीमत या तो कम हो रही है या फिर थम जा रही है। गुरुवार को भी 8 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 544 रुपए गिर गए हैं। वहीं चांदी के भाव में 2,500 रुपए की गिरावट आई है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बड़े बाजारों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग में 24 कैरेट का 8 ग्राम गोल्ड कल के मुकाबले 544 रुपए टूटकर 43,624 रुपए हो गया है। 22 कैरेट का स्टैंडर्ड गोल्ड 1 ग्राम 5,193 रुपए, 22 कैरेट का स्टैंडर्ड गोल्ड 8 ग्राम 41,544 रुपए, 24 कैरेट प्योर गोल्ड 1 ग्राम 5,453 रुपए, 24 कैरेट प्योर गोल्ड 8 ग्राम 43,624 रुपए। वहीं चांदी कल के मुकाबले 2,500 रुपए प्रति किलो की कमी आई है। ऐसे में इसके बाजार भाव 1 ग्राम चांदी की कीमत 67.5 रुपए और 1 किलो चांदी की कीमत 67,500 रुपए है।

# फिल्म भोला का ट्रेलर हुआ रीलिज

**-ट्रेलर देख फिल्म को बताया पठान से बेहतर**




**मुंबई (ईएमएस)।** दर्शक फिल्म भोला को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। । फिल्म का ट्रेलर रीलिज कर दिया गया है। टेलर में भोला के एक्शन सीन से लेकर अजय के धमाकेदार डायलॉग्स ने ऑडियंस के बीच एक अलग ही क्रेज पैदा कर दिया है। वहीं, अब ट्रेलर को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स अपने रिएक्शन दे रहे हैं। ट्विटर पर यूजर्स भोला के ट्रेलर की जमकर तारीफ कर रहे हैं। ट्रेलर पर रिएक्ट करते हुए एक यूजर ने लिखा- बाइक चेज सीक्वेंस और त्रिशूल फाइट सीक्वेंस - ये 2 एक्शन सीन 3डी में देखने में बहुत मजा आएगा। दूसरे यूजर ने लिखा- लास्ट एक्शन सीन कमाल का है, अजय देवगन ने कमाल की फिल्म बनाई है...जबरदस्त ओपनिंग के लिए फिल्म पूरी तरह तैयार है।वहीं, एक यूजर ने तो भोला को ओरिजन फिल्म कैथी से बेहतर बता दिया है। यूजर ने ट्वीट कर लिखा- ट्रेलर देखने के बाद मैं ये कह सकता हूं कि ये ओरिजनल फिल्म से कहीं ज्यादा बेहतर है।

फिल्म के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं अजय देवगन। एक यूजर ने फिल्म के गाने की तारीफ करते हुए लिखा- आज फिर जीने की तमन्ना ने मेरे रोंगटे खड़े कर दिए। ट्रेलर आग लगा देने वाला है...मैं फिल्म को थिएटर में देखने का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। वहीं, एक यूजर ने तो भोला की पठान से तुलना करते हुए लिखा- डायरेक्शन, विजुअल और सिनेमेटोग्राफी देखी जाए तो भोला का ट्रेलर पठान से कहीं ज्यादा बेहतर है। बता दें कि, भोला में अजय देवगन के साथ तब्बू भी नजर आने वाली है। बता दें कि फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अजय देवगन जल्द ही फिल्म भोला लेकर आ रहे हैं।

# होम्बले ने की युवा नामक नाटक की घोषणा

**-नए सितारे के साथ फिल्म का टीजर जारी**





**मुंबई (ईएमएस)।** बीते साल केजीएफ चैप्टर 2 और कंतारा जैसी बैंकरोलिंग परियोजनाओं के बाद, होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस ने अपने नवीनतम उद्यम, युवा नामक एक पारिवारिक नाटक की घोषणा की है। शीर्षक घोषणा टीजर 3 मार्च को अनावरण किया गया था। यह डॉ राजकुमार के पोते, युवा राजकुमार की पहली फिल्म है। नवोदित युवा राजकुमार की विशेषता। फिल्म शक्तिशाली कहानी कहने के साथ गहन एक्शन दृश्यों को दिखाएगी। फिल्म का निर्देशन संतोष आनंदराम ने किया है। हम्बेल फिल्म्स ने रिलीज की तारीख के साथ फिल्म के शीर्षक की घोषणा करने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया। युवा 22 दिसंबर, 2023 को मुख्य रूप से कन्नड़ में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म को अन्य भाषाओं में रिलीज करने की योजना पर विचार किया जा रहा है। उनके साथ, समीक्षकों द्वारा प्रशंसित अभिनेता अच्युत कुमार भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत अजनीश द्वारा तैयार किया जाएगा, जो कंतारा में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। युवा का मुहूर्त शॉट 3 मार्च को हुआ था। बाकी कलाकारों सहित फिल्म के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी।

युवा की घोषणा के बारे में बात करते हुए, हम्बेल फिल्म्स के निमार्ता और संस्थापक, विजय किरागंदूर ने कहा, हम अपनी फिल्म की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं, एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म जो दोनों दुनिया के सर्वश्रेष्ठ को जोड़ती है - तीव्र एक्शन और शक्तिशाली कहानी। नवोदित, डॉ राजकुमार के पोते ने बड़ी क्षमता दिखाई है, और हमें विश्वास है कि वह भूमिका के साथ न्याय करेगा। यह हमारे लिए एक रोमांचक क्षण है क्योंकि हम नई प्रतिभाओं को उद्योग में सबसे आगे लाना जारी रखते हैं। हमें विश्वास है कि फिल्म सभी उम्र के दर्शकों के साथ तालमेल बिठाएगी और एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करेगी। फिल्म के निर्देशक, संतोष आनंदराम ने कहा, एक निर्देशक के रूप में, मेरा उद्देश्य हमेशा एक ऐसी फिल्म बनाने का रहा है जो दर्शकों को बांधे रखे और एक स्थायी प्रभाव छोड़े है।


# वरुण तुर्की अब पर्दे पर नहीं आएंगे नजर

**-टीवी सीरियल कुबूल है फेम एक्टर ने छोड़ी एक्टिंग**



**मुंबई (ईएमएस)।** छोटे परदे के एक्टर वरुण तुर्की अब पर्दे पर नजर नहीं आएंगे। वरुण ने एक्टिंग की दुनिया को अलविदा कह दिया है। 13 साल तक उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम किया और अब इसे छोड़ने का फैसला लेकर उन्होंने फैंस का चौंका दिया है। वरुण अपने कुकिंग के शौक को अपना करियर बनाना चाहते हैं और अब पूरा फोक्स वहीं करेंगे। 33 साल के वरुण तुर्की फिलहाल न्यूजीलैंड के मशहूर कलिनरी कॉलेज ले कॉर्डो ब्लेउ में वरुण कुकिंग की पढाई कर रहे हैं। वरुण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए इंटरव्यू में बताया कि कुकिंग को लेकर उनका पैशन उनकी मां को खाना बनाते हुए देखकर शुरू हुआ था। वरुण मानते हैं कि कोई भी खाना बना सकता है। खाना बनाना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन खाने को यादगार बनाना एक बड़ी बात है। वरुण आगे कहते हैं कि मैंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। इसलिए खाने के साथ मेरा रिश्ता और गहरा होता गया। वरुण तुर्की ने अपनी बात रखते हुए कहा, खाना बनाना हमेशा से मेरा शौक और जुनून रहा है, लेकिन 13 साल से मैं टेलीविजन जगत का हिस्सा रहा हूं। 13 सालों में कई बार में लड़खड़ाया भी और संभला भी। कोरोना के आने के कारण मुझे कई चीजों को नए तरीके से सोचने का मौका मिला और मैंने ये निर्णय ले लिया था कि मुझे अपने पैशन को फॉलो करना है और मैंने कुकिंग इंडस्ट्री जॉइन की। एक्टर ने कहा- मैंने काफी जल्दी पैसे कमाना शुरू कर दिया था। यही वजह से अब मैं अपने पैशन को फॉलो कर रहा हूं। मुझे हमेशा इस बात का दुख रहता था, कि मैं अपने पैशन को फॉलो नहीं कर सका। जब मुझे लगा ये सही वक्त है, तब मैंने एक्टिंग को अलविदा कह दिया।

# बादशाह जिम के अंदर पोज देते आए नजर





रैपर बादशाह ने अपनी नवीनतम तस्वीर के साथ प्रशंसकों को चौंका दिया। बादशाह को अक्सर अपने वजन घटाने के परिवर्तन के बारे में बात करते देखा गया है। हाल ही में बादशाह जिम के अंदर पोज देते नजर आए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जो तस्वीर साझा की, उसमें उन्हें सुगठित फिजिके और अपने बाइसेप्स को दिखाते हुए देखा जा सकता है। बादशाह, ने कैप्शन में लिखा है : आपको अपने पेन गेम पर काम करना चाहिए। उनकी तस्वीर उनके कई प्रशंसकों के लिए प्रेरणा बन गई और उनके पोस्ट के तुरंत बाद, वह उनके शारीरिक परिवर्तन से हैरान रह गए। एक अन्य फैन ने लिखा, 20 रुपे की पेप्सी, बादशाह भाई सेक्सी। वहीं दूसरे सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, सॉलिड बॉडी। उनके एक प्रशंसक ने लिखा, बादशाह सर असली बाजीगर हैं। अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने लिखा : वोहो। खाकी : द बिहार चैप्टर ने भी उनकी सराहना की और उल्लेख किया : वाह। बता दे कि बादशाह कर गई चुल, डीजे वाले बाबू, सैटरडे सैटरडे जैसे अपने हिट ट्रैक के लिए जाने जाते हैं।

# तबस्सुम फातिमा लिखती थीं तब्बू अपना नाम

**-तब्बू के माता-पिता को हो गया था तलाक**



**मुंबई (ईएमएस)।** यूं तो बालीवुड एक्ट्रेस तब्बू की प्रोफेशनल लाइफ के बारे में आप बहुत कुछ ही जानते होंगे, लेकिन इस एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ से जुड़ी बहुत सी ऐसी बातें हैं जिससे शायद आप वाकिफ नहीं होंगे। बता दें कि तब्बू का असली नाम तबस्सुम फातिमा हाश्मी है, लेकिन फिल्मों की दुनिया में इस एक्ट्रेस को तब्बू के नाम से ही जाना जाता है। तब्बू ने सिमी ग्रेवाल के फेमस टॉक शो में बताया था कि स्कूल के दिनों में वह अपना नाम तबस्सुम फातिमा लिखती थीं। फातिमा उनका सरनेम नहीं बल्कि मिडिल नेम था। इस एक्ट्रेस ने कहा था कि उनके माता-पिता के तलाक के बाद वह हमेशा अपनी मां के साथ ही रहीं। ये एक्ट्रेस आगे कहती हैं कि उन्होंने कभी अपने पिता को देखा भी नहीं है और वह देखना भी नहीं चाहती हैं। तब्बू ने बताया था कि उन्हें पिता का नाम इस्तेमाल करना जरूरी नहीं लगता है और वह हमेशा से ही अपनी मां के साथ खुश रही हैं। हालांकि, उनकी बड़ी बहन और एक्ट्रेस फराह नाज कभी-कभी अपने पिता से मिलती थीं तब्बू ने 14 साल की उम्र से ही फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। ये एक्ट्रेस पहली बार साल 1985 में रिलीज हुई फिल्म हम नौजवान में नजर आई थीं। इस फिल्म में तब्बू ने देव आनंद की बेटी का किरदार निभाया था।

दिलचस्प बात तो ये है कि एक फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद तब्बू को फिल्में देखना पसंद नहीं था और न ही वो खुद कभी अभिनय की दुनिया में आना चाहती थीं, लेकिन इस एक्ट्रेस की किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। शायद बहुत ही कम लोग ये बात जानते होंगे कि तब्बू मशहूर एक्ट्रेस फराह नाज की बहन और बिंदु दारा सिंह की एक्स-साली होने के साथ-साथ एक्ट्रेस शबाना आजमी से भी कनेक्टेड हैं। जी हां, तब्बू शबाना आजमी की भतीजी हैं। तब्बू की बहन फराह नाज भले ही फिल्मों से दूर हो चुकी हैं, पर शबाना आजमी और तब्बू का जलवा आज भी कायम है। मालूम हो कि तब्बू आज बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। इस एक्ट्रेस ने भूल भुलैया 2, दृश्यम 2, अंधाधुन, हैदर, चांदनी बार और माचिस जैसी फिल्में कर इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है। तब्बू को फिल्मों में 3 दशक से ज्यादा समय हो चुका है।

# फिल्म चमकीला की शूटिंग पूरी



फिल्म चमकीला में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा पंजाबी गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। अभिनेत्री ने अपनी आगामी फिल्म चमकीला की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया है, जो जब वी मेट, रॉकस्टार और तमाशा जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह फिल्म परिणीति और दिलजीत के बीच सहयोग का प्रतीक है, जो फिल्म में पंजाब के महानतम गायकों को चित्रित करने के लिए तैयार हैं। जहां दिलजीत टिट्युलर चरित्र को चित्रित करने के लिए तैयार हैं, वहीं परिणीति अमरजोत कौर के चरित्र को चित्रित करती नजर आएंगी। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पंजाब में की गई है। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में फिल्म के पूरे क्रू के प्रति आभार व्यक्त किया और अपने अनुभव को सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने लिखा, इम्तियाज सर, दिलजीत, टीम चमक। मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदली हुई है। सबसे स्वर्गीय दल और अनुभव। शांति, खुशी, ध्यान, पंजाब।इसे कभी नहीं भूलूंगी।

# शादी के तुरंत बाद कियारा ने शुरू किया काम

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा अडवाणी ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अपनी शादी के तुरंत बाद काम में गहराई से प्रवेश कर लिया है। सोशल मीडिया पर उनकी शादी की पोस्ट को भारत में किसी भी सेलिब्रिटी की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली शादी की तस्वीर बताया गया। उन्होंने निसंदेह अपना जादू चारों ओर बिखेरा है। वर्ष 2022 के सबसे प्रभावशाली कलाकारों में से एक मानी जाने वाली, बहुमुखी अभिनेत्री ने वर्ष 2021 में शेरशाह से लेकर पिछले साल भूल भुलैया 2, जुगजुग जीयो और गोविन्दा नाम मेरा तक अपनी लगातार हिट फिल्मों के लिए अपार सराहना हासिल की है। बता दें कि कियारा अडवाणी अपने सुपरस्टारडम के उदय के साथ सभी सही बॉक्स को टिक कर रही हैं। सफल फिल्मों की लगातार लिस्ट से लेकर इंटरनेट पर लोकप्रियता के चरम पर पहुंचने और ब्रांडों की एक लंबी सूची पर हस्ताक्षर करने तक।

सुनहरे स्पर्श वाली यह लड़की कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बढ़ते सुपरस्टारडम में जोड़ते हुए अभिनेता को स्लाइस के नए चेहरे के रूप में शामिल किया है।

# नेहा की आवाज पर माही श्रीवास्तव ने उठाई 'पिस्टल'



**मुंबई, (हि.स.)।** भोजपुरी इंडस्ट्री की सुपर सिंगर नेहा राज और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव जब भी साथ आती हैं यो गर्दा ही उड़ा देती है। नेहा और माही की जोड़ी का नया गाना 'पिस्टल' वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इसको नेहा राज ने अपनी आवाज दी है। इसमें माही श्रीवास्तव ने परफॉर्म किया है। दो गाने में माही का गैंगस्टर वाला लुक बेहद ही शंडलाग रह है। उसके ऊपर गाने में उनका गुस्से वाला एटीट्यूड गजब का ही है। वैसे अब से पहले माही ने कभी भी इस तरह का गाना परफॉर्म नहीं किया है। लेकिन इस सांग में उन्होंने दिखा दिया की वे भोजपुरी की दबंग अभिनेत्री है। बीच-बीच मे माही के साथ नेहा राज भी नजर आ रही हैं। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी प्रस्तुत 'पिस्टल' गाने को नेहा राज ने गाया है। इस गीत को पिंकू बाबा ने लिखा है। इसका संगीत विनय विनायक ने दिया है। इस गाने का निर्माण निमार्ता रत्नाकर कुमार ने किया है। गाने के निर्देशक भोजपुरिया हैं। इसकी कोरियोग्राफर गोल्डी-बॉबी हैं। गाने को एडिट पंकज साय और डीआई रोहित ने किया है।

# बेटी वंशिका की सफलता को देखना चाहते थे सतीश कौशिक



दिवंगत दिग्गज अभिनेता और निर्देशक सतीश कौशिक को लोगों ने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दी है।कौशिक के परिवार में उनकी पत्नी शशि कौशिक और बेटी वंशिका कौशिक हैं। सतीश कौशिक के दोस्त और प्रोड्यूसर रूमी जाफरी ने कहा है- "जैसे ही मैंने सतीश की मौत की खबर सुनी, मैं और मेरी पत्नी उनके घर पहुंचे। मेरी पत्नी और सतीश की बेटी का बहुत करीबी रिश्ता है। जब हम वहां पहुंचे तो वंशिका मेरी पत्नी की गोद में आ कर बैठ गई। हमें सतीश की मौत पर विश्वास नहीं हो रहा था। सतीश ने हमें अपनी भविष्य की प्लानिंग के बारे में भी बताया था। उन्हें बहुत कुछ करना था। अनुपम खेर के बर्थडे के मौके पर हम दोनों ने साथ में डिनर किया था। सतीश और मैं 30 साल से भी ज्यादा समय से अच्छे दोस्त थे।" जाफरी ने कहा कौशिक ने अपनी बेटी के लिए कई सपने देखे थे। सतीश अपनी बेटी को सैटल होते देखना चाहते थे। उनकी बेटी के लिए भविष्य की कई प्लानिंग थीं। लेकिन भगवान का कुछ और ही मंजूर था।

# किलर लुक से सबको इम्प्रेस करती दिखीं जूलिया

बीते दिनों हॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल जूलिया फॉक्स को पेरिस फैशन वीक के दौरान डिनर के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने किलर लुक से सबको इम्प्रेस करती दिखीं। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान उर्फी बेज क्रॉप टॉप और लो-राइज लेदर पैंट में अपने टोन्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। हाथों में एक्ट्रेस ने सिल्वर कलर का पर्स कैरी किया और आंखो ब्लैक शेड्स, खुले बाल कर उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया है। अपने लुक से सबको इम्प्रेस करती हुई जूलिया कैमरे के सामने किलर पोज दे रही हैं।

बता दें, लुक्स के अलावा जूलिया फॉक्स सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड पिक्चर्स से फैंस का ध्यान खींचती रहती हैं। बता दें कि हॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल जूलिया फॉक्स अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। लो-राइज जींस हो या कोई क्लासिक लेदर आउटफिट, एक्ट्रेस हर लुक को बड़े सलीके से कैरी करती हैं।

# भोजपुरी फिल्म 'एक परिन्दा' का पोस्टर जारी




**मुंबई, (हि.स.)।** वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के एमडी रत्नाकर कुमार की नई भोजपुरी फिल्म ह्यएक परिन्दाह्न का पोस्टर जारी किया है। इसमें दिग्गज अभिनेता अनिल रस्तोगी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं। फिल्म के बाकी कलाकारों का चयन अभी चालू है। जल्द ही इस फिल्म के बाकी किरदारों से भी पर्दा हटा दिया जाएगा। इस फिल्म को वर्ल्डवाइड चैनल पर जितेंद्र गुलाटी द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। फिल्म के लेखक और निर्देशन की बागडोर अभिनेता से निर्देशक बने अवधेश मिश्रा ने संभाल रखी है। फिल्म के निमार्ता रत्नाकर कुमार और को प्रोड्यूसर निवेदिता कुमार हैं। फिल्म का म्यूजिक अमन श्लोक का है। कॉस्ट्यूम बादशाह खान की है। फिल्म के डीओपी जग्गी पाजी है। निमार्ता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फिल्म की पटकथा, स्क्रीनप्ले और डायलॉग रोमांस म्यूजिक से भरपूर हैं। यह आम फिल्मों से थोड़ा हट कर होगी। हम जल्द ही फिल्म को फ्लोर पर ले जाने वाले हैं।

## सूडोकु नवताल- 6366

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6365 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## शब्दजाल - 7113

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | श | मु | प | रि | णि | ता | प | न | र | टें |
| था | क्रि | दी | ना | द | मु | सा | फि | र | कां | ल |
| स्तु | के | वा | हे | नि | रा | ना | न | व | टि | गे |
| बी | ट | र | न | शा | वा | जू | क | ले | ज | र |
| चो | दा | त | प | ने | तो | हो | चा | गो | ब | हो |
| ब | दु | त | खौ | ग | स | ए | व | चा | वॉ | मु |
| द | प | श्म | न | फ | व | ह | अ | गो | प्ला | न्ना |
| क | र | क | न | क्श | ह | भा | र | चो | आ | भा |
| र | व | त | म | ए | भी | र | क | अ | न | ई |
| रू | द्रा | क्ष | त | र | त | ता | ण | र | ह | ग |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | र | क | प | स्त | ये |

शब्दजाल में संजय दत्त की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

लगे रहो मुन्ना भाई, तथास्तु, परिणिता, मुसाफिर, दीवार, रुद्राक्ष, काटें, राजू चाचा, खौफ, दुश्मन

**शब्दजाल - 7112 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | उ | न | र | क |
| गो | ड | म | द | र | वा | जी | म | इ | अ | ल |
| आ | प | दे | पू | ह | जी | व | रा | का | व | दि |
| ए | ची | तं | श | ट | ज | प | व | पा | ता | र |
| क | त | ई | ग | में | व | खें | जा | भा | र | इ |
| आ | मे | म | दे | दे | व | ता | न | ई | न | ति |
| द | जं | न्स | मे | प | क | ता | या | ज्वा | है | हा |
| मी | म | क | ए | स | र | प | र | ला | म | स |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | व | री | मु | न | क्स |
| त | ह | म | पां | च | बा | त्र | रि | खी | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | श | त | स |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6066

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | | 4 | | 7 | |
| | 30 | 3 | 21 | | 35 | |
| 7 | 5 | | | 4 | 2 | 6 |
| | 33 | 6 | 39 | | 31 | |
| 4 | | | 7 | 6 | 1 | |
| | 33 | 4 | 42 | | 26 | 1 |
| 3 | 1 | | 6 | | 5 | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6065 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 42 | 7 | 33 | 1 | 23 | 3 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 32 | 3 | 38 | 7 | 32 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 24 | 1 | 33 | 5 | 35 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# पीएसजी की हार से बौखलाए एक फैन ने मेसी को की धक्का देने की कोशिश! सुरक्षाकर्मियों ने दबोचा

**बर्लिन।**
अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप जिताने वाले लियोनल मेसी और फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे की मौजूदगी के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन की टीम चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ-16 में हारकर बाहर हो गई है। एम्बाप्पे और मेसी की मौजूदगी भी पीएसजी को चैंपियंस लीग में बायर्न म्यूनिख के खिलाफ जीत नहीं दिला पाई। लीग के प्री-क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में जर्मनी के क्लब ने पीएसजी को 2-0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। पहले चरण का अंतिम-16 का मुकाबला भी बायर्न ने 1-0 से जीता था। लियोनल मेसी भी मैच के दौरान कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके और फैन्स को प्रभावित करने में असमर्थ दिखे। मैच खत्म होने के बाद पीएसजी की हार और टूर्नामेंट से बाहर होने से बौखलाए एक फैन ने मेसी को धक्का देकर गिराना चाहा। हालांकि, वह नाकाम रहा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, एक शख्स ऑन-फील्ड सुरक्षाकर्मियों को चकमा देने में कामयाब रहा और मैदान में घुस आया। म्यूनिख के एलियांज एरिना में जर्मन चैंपियन बायर्न म्यूनिख के खिलाफ पीएसजी की हार के बाद एक फैन मेसी की ओर दौड़ा। हालांकि, मेसी को धक्का देने से पहले ही वह फिसल कर गिर गया। ऐसे में मेसी बाल-बाल बच गए। तभी सुरक्षाकर्मी भी आनन-फानन में मैदान में पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

पीएसजी को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए बायर्न को कम से कम 2-0 से अंतर से पराजित करना था, लेकिन हुआ उल्टा। इस अंतर से उसे खुद पराजय का सामना करना पड़ा। पहले चरण में भी पीएसजी के पूर्व फुटबॉलर किंग्सले कोमेन ने गोल किया था। इस बार भी पीएसजी के ही पूर्व फुटबालर एरिक मैक्सिम चौपो मोटिंग ने बायर्न की जीत में गोल किया। पहला गोल सर्ज गनेबरी ने किया था।

पीएसजी ने पहले हाफ में दबदबा बनाकर रखा। उसे गोल करने का भी अवसर मिला, लेकिन वितिन्हा से शॉट को गोल लाइन से बायर्न के मैथिस डी लिग्ट ने गेंद को शानदार तरीके से बाहर कर दिया। बायर्न के लिए दूसरे हाफ में जीत के रास्ते बनें। चौपो मोटिंग ने खेल के 61वें मिनट में गोल कर बायर्न को बढ़त दिलाई। चोट के कारण नेमार इस मैच में नहीं खेले। पीएसजी के कोच गैटलिएर ने हार के लिए व्यस्त कार्यक्रम और प्रमुख खिलाडियों के चोटिल होना बताया। वहीं, बायर्न के कोच जूलियन नागेल्समैन ने कहा मेसी और एम्बाप्पे को नहीं चलने देने की योजना काम कर गई। पहले मैच में इन दोनों को रोकने के लिए खिलाडियों को जो कहा गया था उसमें वे पूरी तरह सफल नहीं हुए थे, लेकिन आज उन्होंने योजना पर पूरी तरह अमल किया। इटली के क्लब एसी मिलान ने इंग्लैंड के क्लब टॉटेनहेम हॉटस्पर्स को गोलरहित 0-0 से ड्रॉ पर रोककर लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। सात बार लीग का खिताब जीत चुकी एसी मिलान ने पहले चरण में टॉटेनहेम को 1-0 से पराजित किया था। आज उसे 10 खिलाडियों से खेल रही इस इंग्लैंड की टीम को ड्रॉ पर रोकने में कोई परेशानी नहीं हुई।

## न्यूज़ ब्रीफ

### श्रीलंका और न्यूजीलैंड दूसरा दिन: पहली पारी में श्रीलंका 355 पर ऑलआउट, दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड का स्कोर 162/5



**क्राइस्टचर्च।** श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला क्राइस्टचर्च में खेला जा रहा है। श्रीलंका ने दूसरे दिन 305/6 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम 355 रन पर ऑलआउट हो गई। शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने 5 विकेट के नुकसान पर 162 रन बना लिए हैं, और वह श्रीलंका से 193 रन पीछे है। न्यूजीलैंड के लिए टॉम लाथम ने सबसे ज्यादा 67 रन बनाए। डेरिल मिचेल 40 और माइकल ब्रेसवेल 9 रन बनाकर नाबाद हैं। न्यूजीलैंड का पहला विकेट 67 रन के स्कोर पर गिर गया था। ओपनर डेवोन कॉनवे 88 गेंदों पर 30 रन बनाकर असिता फर्नान्डो के गेंद पर आउट हो गए। टीम को चार रन के अंदर ही दूसरा झटका लगा। केन विलियमसन 11 गेंदों पर 1 रन बनाकर लाहिरू कुमारा के गेंद पर दिमुथ करुणारत्ने को कैच थमाकर पवेलियन लौट गए। हेनरी निकोलस के रूप में टीम को तीसरा झटका लगा। हेनरी 6 गेंदों पर 2 रन बना कर आउट हो गए। तीन विकेट पर स्कोर महज 76 रन था। शुरूआती 3 झटके के बाद लाथम ने टीम के लिए बड़ी पारी खेली। उन्होंने 144 गेंदों का सामना कर 67 रन बनाए। श्रीलंका के लिए असिता फर्नान्डो और लाहिरू कुमारा ने 2-2 विकेट लिए, वहीं 1 विकेट कसून रजीथा के हिस्से आया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया था। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 355 रन बनाए। श्रीलंका के लिए कुशल मेंडिस और दिमुथ करुणारत्ने के बीच शतकीय और एंजेलो मैथ्यूज- दिनेश चांदीमल के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। श्रीलंका के लिए कुशल मेंडिस ने सबसे ज्यादा 87 रन बनाए। उनके अलावा दिमुथ करुणारत्ने 50, एंजेलो मैथ्यूज 47 और धनंजय डिसिल्वा ने 46 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

### दिल्ली हाईकोर्ट से पहलवानों को मिली राहत, चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं पांच खिलाड़ी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पांच पहलवानों को भारतीय कुश्ती महासंघ की ओर से आयोजित एशियाई



चैंपियनशिप की चयन ट्रायल स्पर्धा में भाग लेने की अनुमति प्रदान कर दी। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह ने विशेष सुनवाई में याचिकाकर्ता पहलवानों अनुज कुमार, चंदर मोहन, विजय अंकित और सचिन मोर को भाग लेने की अनुमति दी जा सकती है और योग्यता के आधार पर आकलन किया जा सकता है। साथ ही कहा कि चयन के मामले में अंतिम निर्णय चयन समिति का होगा। एशियाई चैंपियनशिप 9 से 14 अपैल तक कजाखस्तान के अस्ताना में होगी। इन पांच पहलवानों ने चयन स्पर्धाओं में शामिल न किए जाने पर कुश्ती महासंघ के निर्णय को चुनौती दी और इसे अनुचित बताया था। खेल मंत्रालय और भारतीय कुश्ती महासंघ की ओर से पेश वकील मनीष मोहन ने कहा कि महासंघ के अधिकारियों के खिलाफ कई आरोप हैं। ऐसे में एक निगरानी समिति गठित की हुई है जिसमें योगेश्वर दत्त और बबीता फोगाट जैसे बड़े पहलवान शामिल हैं। चयन मापदंड उनकी ओर से ही बनाया गया है और ये पहलवान मापदंड के मानकों पर पूरे नहीं उतर रहे हैं। पहलवानों की ओर से कहा कि अनुज कुमार राष्ट्रीय खेल 2022 में अपने भारवर्ग में स्वर्ण पदक विजेता हैं और यह सीनियर नेशनल चैंपियनशिप से ज्यादा महत्वपूर्ण पदक है। कुश्ती महासंघ ने केवल सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को ही चयन स्पर्धा में भाग लेने की अनुमति दी है। यह भी कहा गया है कि जिन पहलवानों को अनुमति दी गई हैं, उनमें से कई को अनुज पहले हरा चुका है।

### दक्षिण अफ्रीका को 73 रन की बढ़त: वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 251 रन बनाए; दूसरी पारी में 4/0 का स्कोर

**जोन्हसबर्ग।** साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच जोहान्सबर्ग में दूसरा टेस्ट खेला जा रहा है। शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 4 रन बना लिए हैं। वहीं वेस्टइंडीज पहली पारी में 251 रन पर सिमट गई। इससे पहले दूसरे दिन साउथ अफ्रीका अपनी पहली पारी में 7 विकेट पर 311 रन से आगे खेलते हुए 9 रन जोड़कर 3 विकेट खो दिए और पहली पारी में 320 रन बनाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अफ्रीका ने 73 रन की बढ़त ले ली है। साउथ अफ्रीका के पहली पारी में 320 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

### ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 480 रन पर ऑलआउट

# ख्वाजा ने सबसे ज्यादा 180 रन बनाए अश्विन को 6 विकेट ; भारत 36/0

**अहमदाबाद।**
ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में भारत से 444 रन से आगे है। शुक्रवार को दूसरे दिन स्टंप्स पर भारत ने बगैर नुकसान के 44 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा 17 और शुभमन गिल 18 रन के निजी स्कोर पर नाबाद हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 480 रन पर ऑलआउट हो गई है। ओपनर उस्मान ख्वाजा ने सबसे ज्यादा 180 रनों की पारी खेली, जबकि कैमरून ग्रीन (114 रन) ने अपना पहला टेस्ट शतक जमाया। ख्वाजा-ग्रीन के अलावा, टॉड मर्फी ने 41, कप्तान स्मिथ ने 38, नाथन लायन ने 34 और ट्रेविस हेड ने 32 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए। मोहम्मद शमी को 2 विकेट मिले। अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा को एक-एक विकेट।



#### ख्वाजा-ग्रीन के बीच 200+ की साझेदारी

ओपनर उस्मान ख्वाजा और कैमरून ग्रीन ने 208 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इस साझेदारी को रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा। उन्होंने ग्रीन को भरत के हाथों कैच कराया। तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 378 रन था।

#### पहली पारी में ऐसे गिरे ऑस्ट्रेलिया के विकेट

पहला: 16वें ओवर की तीसरी बॉल पर जडेजा ने ट्रेविस हेड को कैच किया। हेड अश्विन की इस बॉल पर बड़ा हिट करना चाहते थे। दूसरा : 23वें ओवर की दूसरी बॉल पर मोहम्मद शमी ने मार्नस लाबुशेन को बोल्ड कर दिया। लाबुशेन 20 बॉल पर 3 रन ही बना सके। तीसरा : रवींद्र जडेजा ने स्टीव स्मिथ को बोल्ड कर दिया। चौथा : पीटर हैंड्सकॉम्ब को शमी ने कमाल का बोल्ड किया। पांचवां : आर अश्विन की बॉल ग्रीन के बल्ले का किनारा चूमते हुए भरत के दस्तानों में चली गई। छठा : एलेक्स कैरी को अश्विन ने शार्ट थर्ड मैन पर अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया। सातवां : अश्विन की बॉल पर श्रेयस अय्यर ने मिचेल स्टार्क को शार्ट लेग पर कैच किया। आठवां : तीसरे सेशन की आखिरी बॉल पर अक्षर पटेल ने उस्मान ख्वाजा को आउट कर दिया। नौवां : अश्विन ने टॉड मर्फी को आउट कर दिया।

#### दूसरे दिन का खेल

**पहला : लगातार तीसरा सेशन कंगारुओं के नाम** - दूसरे दिन के पहले सेशन में गेंदबाजों को विकेट से ज्यादा मदद नहीं मिला, नतीजा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हावी रहे। लंच तक ख्वाजा और ग्रीन ने मिलकर टीम का स्कोर 347/4 पहुंचा दिया है। उस्मान ख्वाजा ने 150 रन पूरे कर लिए हैं, जबकि कैमरून ग्रीन 95 रन पर नाबाद लौटे। इस सेशन में 92 रन बने, जबकि भारत को कोई विकेट नहीं मिला। ख्वाजा-ग्रीन ने 255/4 से दिन की शुरुआत की। दोनों बांह में काली पट्?टी बांधकर उतरे, क्योंकि टीम के कप्तान पैट कमिंस की मां का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है।

**दूसरा : अश्विन ने कराई भारत की वापसी** - स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दूसरे सेशन में भारत की वापसी कराई। उन्होंने कंगारू टीम को एक के बाद एक करके तीन झटके दिए। इस सेशन में मेहमान टीम ने 62 रन बनाने में ग्रीन, कैरी और स्टार्क के विकेट गंवाए। पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम को मजबूत शुरुआत मिली। टीम ने पहले दिन चार विकेट पर 255 रन बना लिए हैं। ओपनर उस्मान ख्वाजा 104 और कैमरून ग्रीन 49 रन पर नाबाद लौटे। कप्तान स्टीव स्मिथ 38, ट्रेविस हेड 32, पीटर हैंड्सकम्ब 17 और मार्नस लाबुशेन 3 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को 1-1 विकेट मिला।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, श्रीकर भरत , अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और उमेश यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमन।

# योगी कैबिनेट की बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट और यूपी खेल नीति 2023 मंजूर



**लखनऊ।**
मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकभवन में कैबनिट बैठक हुई। बैठक में कई फैसलों पर मुहर लगी। वहीं नकिाय चुनाव में आरक्षण को लेकर पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को दी भी कैबनिट ने मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को दी मंजूरी। नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार इस रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करेगी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होगी। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश/निर्देश के अनुसार सरकार कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। 2- चार निजी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र जारी करने के प्रस्तावों को मंजूरी। इनमें वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय शाहजहांपुर, टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ, फारुख हुसैन विश्वविद्यालय आगरा और विवेक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय बिजनौर शामिल हैं। 3- राम मंदिर निर्माण के दृष्टिगत अयोध्या में 3 मार्गों को चौड़ा करने और उनके विस्तारीकरण के प्रस्तावों को मंजूरी। इस पर 465 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा रायबरेली-डलमऊ- फतेहपुर मार्ग को 700 मीटर की लंबाई में चार लेन में परिवर्तित किया जाएगा। इससे रायबरेली एम्स को चार लेन कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सकेगी। 4- उत्तर प्रदेश खेल नीति 2023 को मंजूरी। 5 - केंद्र सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को उत्तर प्रदेश में भी लागू करने का निर्णय। 6- बाराबंकी, रायबरेली और मऊनाथ भंजन में बंद पड़ी कताई मिलों की निष्प्रयोज्य भूमि को एमएसएमई पार्क तथा आइटी/आइटीईएस पार्क की स्थापना के लिए उपयोग में लाने का निर्णय। 7- 15 साल से अधिक पुराने पंजीकृत वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए उन पर बकाया कर में छूट देने का निर्णय। 8- उप्र गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धाराओं में संशोधन करते हुए डीएम के अलावा एडीएम, पुलिस कमिश्नर, संयुक्त पुलिस आयुक्त और अपर पुलिस आयुक्त को भी अधिकार देने का निर्णय।

# विमेंस प्रीमियर लीग में बेंगलुरु और यूपी : बेंगलुरु को पहली जीत की तलाश

**मुंबई।**
विमेंस प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और यूपी वॉरियर्ज के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में शुरू होगा। बेंगलुरु ने 3 लगातार मैच हारे हैं, उन्हें लीग में पहली जीत की तलाश है। वहीं यूपी को टूर्नामेंट में एक जीत और एक हार मिली है।

#### यूपी को दिल्ली से मिली थी हार

यूपी वॉरियर्ज का टूर्नामेंट में यह तीसरा मैच होगा। टीम ने अब तक 2 मैच खेले। गुजरात के खिलाफ उन्हें रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से जीता मिली। वहीं दिल्ली ने उन्हें 42 रन के बड़े अंतर से हराया। मैच जीतकर टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच सकती है।

#### बेंगलुरु को पहली जीत की तलाश

विमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन की सबसे महंगी खिलाड़ी स्मृति मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम लीग में अपने तीनों मुकाबले हारी है। यूपी के खिलाफ टीम पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में टीम को अब तक मुंबई, दिल्ली और गुजरात से हार का सामना करना पड़ा है।

#### इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

बेंगलुरु से स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, सोफी डिवाइन, हीथर नाइट और मीगन शट पर नजरें रहेंगी।



वहीं यूपी से एलिसा हीली, ताहलिया मैक्ग्रा, ग्रेस हैरिस और किरण नवगिरे जैसी प्लेयर्स गेमचेंजर साबित हो सकती हैं।

#### वेदर कंडीशन

भारत में इस वक्त गर्मियों का सीजन है, मुंबई में भी गर्मी ही चल रही है। शुक्रवार का मौसम भी साफ नजर आ रहा है। बारिश नहीं होगी। रात का टेम्परेचर 31 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

#### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11...

**यूपी वॉरियर्ज :** एलिसा हीली (कप्तान), श्वेता सेहरावत, किरण नवगिरे, ताहलिया मैक्ग्रा, दीप्ति शर्मा, सिमरन शेख, देविका वैद्य, शबनिम इस्माइल, सोफी एक्लेस्टन, अंजलि सर्वनी और राजेश्वरी गायकवाड़।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** स्मृति मंधाना (कप्तान), सोफी डिवाइन, एलिस पेरी, पूनम खेमनार, रिचा घोष (विकेटकीपर), हीथर नाइट, श्रेयांका पाटिल, कनिका आहूजा, मीगन शट, प्रीति बोस और रेणुका सिंह।

# वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को बांग्लादेश ने टी-20 में हराया: 157 का टारगेट 18 ओवर में हासिल किया; प्लेयर ऑफ द मैच शांतो की फिफ्टी

**चट्टोग्राम।**
बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने टी-20 और वनडे वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को 6 विकेट से टी-20 इंटरनेशनल हरा दिया। चट्टोग्राम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश ने 18 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश से नजमुल हसन शांतो ने 51 रन की पारी खेली। वहीं शाकिब अल हसन 34 अफीफ होसैन 15 रन बनाकर नाबाद रहे और अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड टीम को कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 10 ओवर में 80 रन जोड़े। सॉल्ट 38 रन बनाकर आउट हुए। उनके जाने के बाद बटलर एक एंड पर खड़े रह गए और दूसरे एंड पर



लगातार विकेट गिरने लगे। बटलर 67 रन बनाकर आउट हुए। उनके अलावा बेन डकेट ने 20, डेविड मलान ने 4, सैम करन ने 6 और क्रिस वोक्स ने एक रन बनाया। मोईन अली 8 और क्रिस जॉर्डन 5 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश से हसन मसमूद को सबसे ज्यादा 2 विकेट मिले। वहीं नसुम अहमद, तस्कीन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान और शाकिब अल हसन के खाते में एक-एक विकेट गया। 157 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को लिट्टन दास (12) और रोनी तालुकदार (21) ने तेज शुरुआत दिलाई। चौथे ओवर में रोनी और पांचवें ओवर में लिट्टन दास आउट हो गए। तीसरे नंबर पर आए नजमुल हसन शांतो (51) ने टॉडी ह्दिॉय (24) के साथ तीसरे विकेट के लिए 39 बॉल पर 65 रन की पार्टनरशिप की।

शांतो और ह्दिॉय के आउट होने के बाद शाकिब और अफीफ ने 34 बॉल पर 46 रन की नाबाद पार्टनरशिप कर 12 गेंद बाकी रहते अपनी टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, मार्क वुड और मोईन अली ने 1-1 विकेट लिया। 51 रन बनाने वाले शांतो प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम डिफेंडिंग वनडे और टी-20 वर्ल्ड चैंपियन है। बांग्लादेश ने टीम को पिछले दिनों वनडे मैच हराने के बाद अब टी-20 भी हरा दिया। दोनों देशों के बीच यह टी-20 की पहली ही सीरीज खेली जा रही है। इससे पहले दोनों में एकमात्र टी-20 मैच 2021 के वर्ल्ड कप में खेला गया, जिसे इंग्लैंड ने जीता था। 3 टी-20 की सीरीज का दूसरा मैच 12 और तीसरा 14 मार्च को खेला जाएगा। दोनों ही मैच मीरपुर में होंगे।

### विमेंस प्रीमियर लीग में लगातार तीसरा मैच जीती मुंबई इंडियंस

# दिल्ली को 8 विकेट से हराया, साइका इशाक रहीं प्लेयर ऑफ द मैच

**मुंबई।**
विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हरा दिया। डीवाई पाटिल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली 18 ओवर में 105 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में मुंबई ने 2 विकेट के नुकसान पर 15 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया।

मुंबई से हेली मैथ्यूज, साइका इशाक और इजाबेल वॉन्ग ने 3-3 विकेट लिए। मैथ्यूज ने दूसरी पारी में 32 रन भी बनाए। उन्होंने ओपनर यस्तिका भाटिया के साथ 65 रन की पार्टनरशिप की।

**दिल्ली को मिली पहली हार** - मुंबई इंडियंस की टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है। दिल्ली से पहले टीम ने गुजरात और बेंगलुरु को भी हराया। वहीं, दिल्ली को टूर्नामेंट में पहली हार मिली। दिल्ली ने इससे पहले बेंगलुरु और यूपी को मात दी थी। दोनों ही मैचों में टीम ने 200 से ज्यादा के स्कोर बनाए थे, लेकिन अब पहली बार टीम



ऑलआउट हुई। 105 रन इस टूर्नामेंट का सबसे कम स्कोर है। टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर 223 रन भी दिल्ली के ही नाम है। टीम ने बेंगलुरु के खिलाफ इसे हासिल किया था।

**पावरप्ले में किया आक्रमण** - 106 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी मुबंई को ओपनर यस्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज ने ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावरप्ले के 6 ओवर में बगैर विकेट गंवाए 47 रन जोड़ लिए शुरुआती 3 ओवरों में मैथ्यूज और बाद के ओवरों में यस्तिका ने आक्रामक बैटिंग की। दोनों में 65 रन की पार्टनरशिप हुई। मैथ्यूज ने इसमें 22 रन जोड़े, वहीं यस्तिका 32 बॉल में 41 रन बनाकर आउट हो गईं।

**नाबाद रहीं हरमन-सीवर** - मैथ्यूज के आउट हो जाने के बाद नैटली सीवर ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ पारी आगे बढ़ाई। सीवर 23 और कौर 11 रन के स्कोर पर नाबाद रहीं और 30 गेंद बाकी रहते टीम की जीत सुनिश्चित की। दिल्ली से तारा नोरिस और एलिस कैप्सी को एक-एक विकेट मिला।

#### दिल्ली ने किया एक बदलाव

मुंबई ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया। वहीं दिल्ली ने अरुंधती रेड्डी की जगह मिन्नु मनी को टीम में शामिल किया है। रेड्डी ने दिल्ली के लिए पिछले दोनों मैच खेले, लेकिन बॉलर होने के बावजूद पूरे टूर्नामेंट में एक ही ओवर फेंक सकीं। ऐसे में उनकी जगह ऑलराउंडर मनी को शामिल किया गया है।

#### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लेनिंग (कप्तान), शेफाली वर्मा, मारियन कैप, जेमिमा रोड्रिग्ज, एलिस कैप्सी, जेस जोनासेन, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), मिन्नु मनी, शिखा पांडे, राधा यादव और तारा नोरिस।

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हेली मैथ्यूज, नैटली सीवर ब्रंट, अमीलिया केर, हुमायरा काजी, पूजा वस्त्राकर, इजाबेल वॉन्ग, अमनजोत कौर, जींतिमनी कलिता और साइका इशाक।

# इन टिप्स से यादगार बनेगी शादी





**शादी** हमारे जीवन का वो अनमोल हिस्सा है जिसे हर शख्स यादगार बनाना चाहता है। गुड टाइम्स कांसेप्ट इवेंट्स के संस्थापक आशु गर्ग के सुझावों को अपनाकर आप भी अपनी या अपने करीबी की शादी को यादगार बनाने के लिए तैयार हो जाइए-

- शादी के दौरान आप एक पेंटर को सीधे आपकी शादी से जुड़े यादगार पलों को पेंट करने के लिए रख सकते हैं। इस पेंटिंग को आप दीवार पर लटकाएं। जो हर पल आपको सुनहरी यादों की दुनिया में ले जाएगा।
- अपने बचपन या मजेदार यादगार पलों की तस्वीरों को लगाकर भी आप शादी में शरीक होने आए मेहमानों का ध्यान बरबस ही आकर्षित कर सकते हैं।
- अधिकांश लोग कुछ गोलाकार टेबल के साथ थिएटर स्टाइल में बैठने की व्यवस्था करते हैं। इससे कई लोग सही से दूल्हा-दुल्हन को देख भी नहीं पाते हैं, इसलिए जोड़े के इर्द-गिर्द घूमने वाले सीटिंग स्टाइल को आजमाएं। इससे हर कोई नए जोड़े का दीदार आसानी से कर सकेगा।
- हर कोई शादी के दिन व्यस्त रहता है। ऐसे में मेहमानों को जोड़े के बारे में कुछ खास संदेश कार्ड पर लिखने के लिए कहें, उनका यह विशेष संदेश दूल्हा-दुल्हन को खास महसूस करा सकता है।
- दूल्हा या दुल्हन के खास दोस्त होने के कारण आप उसे उसके यादगार दिन कोई हैरान कर देने वाला यादगार तोहफा भी दे सकते हैं, जिसे यादकर बरबस ही उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।



# इन चाय को पीने के लिये बेचना पड़ सकता है घर



**सर्दियों** के मौसम में चाय पीने की ललक चाय के शौकीनों में और भी बढ़ जाती है। चाय भी कई तरह से बनायी जाती है जैसे अदरक इलायची, सौंफ और तुलसी से बनी स्पेशल चाय। यह सर्दी जुकाम से हमें बचाती है साथ ही अपने स्वाद के कारण पीने में भी स्वादिष्ट लगती है। गजबपोस्ट के अनुसार हम आपको एक ऐसी स्पेशल चाय के बारे में बताने जा रहे हैं जिसे अगर आप रोज पीना चाहते हैं तो शायद आपको अपना घर बेचना पड़े।

### 1. पांडा डंग टी

इस चाय को तैयार करने के लिए एक खास तरह की खाद का इस्तेमाल किया जाता है। इसके स्वाद और अरोमा से ही इस चाय का पता लग जाता है।

### 2. विंटेड नार्किसस

इस चाय का संबंध चीन से है। इस चाय से जुड़े कई मिथ और कहानियां इसकी खासियत को बयां करती है। आखिरी बार जब यह चाय बिकी थी तो इसकी कीमत 6500 डॉलर्स थी।

### 3. डॉ. हॉन्ग पाओ टी

चाइना के शहर फूजियान वूईसन एरिया में पाई जाने वाली चाय सेहत के लिए काफी लाभदायक मानी जाती है। यह खास पेड़ से तैयार की गई हैं और इसे डॉ. होंग पाओ टी को जीवनदायिनी भी माना जाता है।

### 4. पीजी टिप्स डायमंड टी

यह दुनिया की सबसे महंगी चाय में से एक हैं। पीजी टिप्स के 75वें जन्मदिन के मौके पर इस टी बैग को तैयार किया गया था। इस टी बैग में 280 डायमंड लगे हुए होते हैं। साथ ही एक टी बैग बनाने में कम से कम 3 महीने का समय लगता है। डायमंड के पैकेट में बिकने वाली इस चाय की कीमत 13000/. है, जिसका उद्देश्य लोगों को दान के लिए पैसे इकट्ठा करना।

### 5. तैगुआनयिन टी

बौद्ध गुरु तैगुआनयिन के नाम पर रखी गई इस चाय का रंग और दाम आपके होश उड़ा सकता है। कई बार उबलने की वजह से यह चाय रंगहीन होती है। वहीं इसका स्वाद भी सब चायों से अलग सा होता है।

### 6. सिल्वर टिप्स इम्पीरियल

भारत में बिकने वाली इम्पीरियल चाय की खासियत पूर्णिमा के दिनों में इसकी खेती का होना है, जिसकी वजह से यह इतनी महंगी है। इसकी पत्तियों पर सिल्वर रंग के धब्बों की वजह से ही इसे सिल्वर टिप्स कहा जाता है।

### 7. येलो गोल्ड बड्स

सिंगापुर में इस चाय की खेती साल में बस एक बार होती है, जिसे गोल्ड के साथ मिला कर सिर्फ सिंगापुर में ही बेचा जाता है। गोल्ड मिला होने के कारण इसकी कीमत भी गोल्ड से कम नहीं है।

# घर या दुकान में रोज जलाएं धूपबत्ती, नहीं रहेगी पैसों की कमी



अक्सर हम अपने घरों में देवी-देवताओं की पूजा के लिए धूपबत्ती जलाते हैं। लेकिन धूप को जलाने के फायदों के बारे में आज तक नहीं जान पाए हैं। धूनी यानि धूप का प्रयोग भारत में प्राचीन काल से भगवान को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। अक्सर हम अपने घरों में देवी-देवताओं की पूजा के लिए धूपबत्ती जलाते हैं। लेकिन धूप को जलाने के फायदों के बारे में आज तक नहीं जान पाए हैं। आइए जानते हैं कि कैसे धूप आपकी समस्याओं को खत्म कर सकती है। जानिए क्या है धूप के फायदे...

**दूर होगी धन की कमी :** आपके पास या घर में धन की कमी हो तो यह समस्या दूर हो सकती है। कभी-कभी लोगों के पास पैसे तो आते हैं, लेकिन वह टिक नहीं पाते। यदि ऐसा आपके साथ ही हो रहा है तो पूर्वजों की मान्यता के अनुसार आप शुक्रवार के दिन मां काली के मंदिर में जांए और वहां मांता के आगे एक धूप जरूर जलाएं। संभवतः यह समस्या दूर हो सकती है

**वास्तुदोष खत्म करने के लिए :** यदि घर का वास्तुदोष खराब हो तो घर पर कभी भी शांति नहीं आती है। नीम की पत्तियों की धूप को सप्ताह में एक बार जरूर जलाएं। इससे न सिर्फ वास्तुदोष खत्म होगा अपितु घर का वातावरण भी शांत होगा।

**गायत्री केसर :** आपको बाजार में आसानी से मिल जाती है गायत्री केसर से बनी धूप। यह धूप घर पर किए हुए तंत्र मंत्र को दूर करती है। इस धूप को आप गाय के उपले के साथ मिलाकर रोज शाम को धूप दें। ऐसा 21 दिनों तक करें।

**गुग्गल की धूप :** यदि आप गुग्गल की धूप को नियमित घर पर जलाते हैं तो इससे घर का क्लेश शांत होता है और घर में सकारात्मक उर्जा आती है। इसके अलाव घर का माहौल सुगंधित होता है।

**धन समृद्धि के लिए :** हर शनिवार के दिन शाम के समय में पीपल के पेड़ के नीचे शाम को पानी और धूप जरूर जलाएं। ऐसा करने से घर में धन के रास्ते खुलते हैं।

धूप न केवल घर को सुगंधित करती है अपितु यह आपको कई प्रकार के रोगों से बचाकर आपके अंदर सकारात्मक उर्जा का प्रभाव भी करती है। इससे घर के सभी लोगों का मूड़ भी अच्छा रहता है। लेकिन एक बात का जरूर ध्यान रखें कि अधिक धूप को नहीं जलाना चाहिए। इससे सांस संबंधी रोग हो सकता है।

## जरूरत के अनुसार सेट करे

# माउस की स्पीड



कंप्यूटर पर काम करने के दौरान कई यूजर को महसूस होता है कि उनके माउस की स्पीड कम है जबकि बहुत से यूजर को यह स्पीड ज्यादा भी लगती है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर की सेटिंग में बदलाव कर माउस की स्पीड अपने मनमुताबिक सेट की जा सकती है।

### वकंप्यूटर पैनल में है सेटिंग

इसके लिए पहले कंप्यूटर के स्टार्ट बटन पर जाएं जो बाईं ओर नीचे की तरफ मिलेगा, उस पर क्लिक करने के बाद 'कंप्यूटर पैनल' में जाएं। इसके अंदर हार्डवेयर का विकल्प मिलेगा, उसपर क्लिक करें। हालांकि विंडोज-7 यूजर को माउस वाले विकल्प पर जाना होगा। इसके बाद माउस का डायलॉग बॉक्स खुलेगा। माउस की स्पीड कम या ज्यादा करने के लिए 'प्वाइंटर ऑप्शन' के विकल्प को खोलें, उसके अंदर यूजर को 'सिलेक्ट प्वाइंटर स्पीड' मिलेगी। 'स्लो' की तरफ करने से माउस का प्वाइंटर (कर्सर) धीमा हो जाएगा जबकि 'फास्ट' की तरफ ब?ाने से माउस का प्वाइंटर तेजी से काम करने लगेगा। साथ ही टाइपिंग के दौरान प्वाइंटर नहीं देखना चाहते हैं तो बॉक्स में नीचे की तरफ दिए गए 'हाइड प्वाइंटर व्हाइल टाइपिंग' के बॉक्स को अनचेक कर दें। नहीं तो माउस का प्वाइंटर दिखता रहेगा।

### कर्सर का निशान बदलें

माउस का प्वाइंटर तीर के ऊपरी भाग की तरह होता है मगर यूजर चाहें तो उसे बदल सकते हैं। विंडोज-7 यूजर इसके लिए पहले कंप्यूटर पैनल में जाएं, वहां दिए गए माउस के विकल्प पर क्लिक करें। ऐसा करने से नई विंडो खुलेगी जिसमें ऊपर प्वाइंटर का विकल्प मिलेगा उस पर क्लिक करें। इसके बाद कई चिन्ह दिखाई देंगे जो कंप्यूटर के हैंग होने की स्थिति बताते हैं। प्वाइंटर के तीर का निशान बदलने के लिए उसमें नीचे दी गई सूची में किसी एक का चयन करें और अप्लाई पर क्लिक कर दें। इसके अलावा भी और चिन्ह के विकल्प हैं जो ब्राउज पर क्लिक करने के बाद मिलेंगे।

**फोल्डर खोलने वाला डबल क्लिक भी करें सेट :** फोल्डर खोलने के लिए उस पर 'डबल क्लिक' करते हैं उन दोनों क्लिक के बीच का समय कम व ज्यादा भी किया जा सकता है। घर के बुजुर्ग कंप्यूटर के किसी फोल्डर को खोलने के लिए उस पर तेजी से 'डबल क्लिक' नहीं कर पाते हैं, उनके फायदे के लिए डबल क्लिक की स्पीड को घटाया जा सकता है। इसे नियंत्रित करने के लिए माउस के डायलॉग बॉक्स के अंदर 'बटन्स' कैटेगरी का चयन करें। इसमें 'स्लो' की तरफ करने से फोल्डर पर धीरे-धीरे दो बार क्लिक करने से फोल्डर खोला जा सकता है वहीं 'फास्ट' की तरफ बढ़ाने से फोल्डर खोलने के लिए उस पर तेजी से लगातार दो बार क्लिक करना जरूरी होगा।

### डबल क्लिक से बंद करें वर्ड फाइल

एमएस वर्ड की फाइल को झट से बंद करने के लिए वर्ड फाइल में ऊपर की ओर बाईं तरफ दिए गए आइकन पर दो बार क्लिक करने से वह तुरंत बंद हो जाएगा। अक्सर लोग वर्ड फाइल बंद करने के लिए 'क्लोज' के बटन पर क्लिक करके बंद करते हैं।

# खेल खिलाकर बनाएं करियर, ऐसे बनें गेम डेवलपर

**कम्प्यूटर्स, मोबाइल्स और लैपटॉप्स पर गेम्स खेलना किसे पसंद नहीं है? इन गेम्स की खूबी ही यह है कि एक बार इन्हें खेलने के बाद कोई भी खुद को दोबारा खेलने से रोक नहीं पाता। मगर क्या आपने कभी सोचा है कि इतने रोचक और रोमांचक गेम्स को डिजाइन कौन करता है? इन गेमिंग सॉफ्टवेयर्स को गेम डेवलपर्स डिजाइन करते हैं। अगर आप भी क्रिएटिविटी के साथ अपनी टेक्निकल स्किल्स को शार्प करना चाहते हैं, तो गेम डिजाइनिंग में करियर बना सकते हैं।**



दुनियाभर में कम्प्यूटर और मोबाइल की बढ़ती मांग के कारण वीडियो गेम्स के प्रति लोगों का क्रेज तो बड़ा ही है, इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के कारण भी ऑनलाइन गेम्स खेलने वालों की संख्या बढ़ी है। आलम यह है कि आज गेमिंग सेग्मेंट एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सबसे बड़ा सेग्मेंट बन चुका है। यही कारण है कि युवाओं का रुझान गेमिंग इंडस्ट्री में करियर बनाने की ओर बढ़ रहा है। अगर आपको भी गेम्स पसंद हैं और नई टेक्नोलॉजी को जानने व उसे विकसित करने की क्षमता है, तो गेम डिजाइनिंग आपके लिए आदर्श फील्ड है।

### क्या है गेम डिजाइनिंग?

गेम डिजाइन करना एक लंबी और बहुआयामी प्रक्रिया है, जिसमें टीम के प्रोफेशनल्स अपनी क्रिएटिव और टेक्निकल स्किल्स के जरिए गेमिंग सॉफ्टवेयर तैयार करते हैं। गेम डेवलपमेंट में कई प्रक्रियाएं शामिल होती हैं,

जैसे कॉन्सेप्ट की आउटलाइनिंग करना, रूल्स और प्रिंसिपल्स का डॉक्यूमेंटेशन, ग्राफिक्स डेवलपमेंट आदि। अब नई तकनीक के चलते वीडियो गेम्स भी 3डी प्लेटफॉर्म पर डिजाइन किए जाने लगे हैं।

### जरूरी कोर्स

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए इंटर में कम्प्यूटर विषय लें। कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग के लिए बीसीए, एमसीए या इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बीटेक या बीई करें। ग्रेजुएशन के बाद आप डिप्लोमा इन गेम डिजाइन एंड गेमिंग, वीडियो गेम डिजाइन एंड डेवलपमेंट सर्टिफिकेशन, एडवांस्ड डिप्लोमा इन गेम डिजाइन जैसे कोर्स कर सकते हैं। आप 2डी और 3डी दोनों में से कोई भी एक प्लेटफॉर्म चुन सकते हैं और उसके बाद उससे जुड़ी एप्लिकेशंस पर काम कर सकते हैं।

### वर्क प्रोफाइल

गेम डिजाइनिंग में कई स्टेप्स पर काम होता है। इसके शुरुआती चरण में आर्ट्स डिजाइनिंग व क्रिएशन पर काम किया जाता है। इसके बाद कॉम्प्रिहेन्सिव स्टोरी लाइन तैयार की जाती है, जिसमें स्क्रिप्टिंग, कैरेक्टर स्केचिंग व ऑब्जेक्ट्स, लेवल्स और बैकग्रांउड डिजाइनिंग शामिल हैं। इसके बाद कम्प्यूटर पर इसकी त्रि-आयामी (3 डी) डिजाइन तैयार की जाती है। इस स्टेज में डिजाइनर्स को कैरेक्टर्स के फेशियल एक्सप्रेशंस व फीचर्स पर खास ध्यान देना होता है। इसके बाद साउंड एफेक्ट्स, वीडियो रिकॉर्डिंग्स और बैकग्राउंड म्यूजिक तैयार किया जाता है। इसके बाद प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की मदद से गेमिंग सॉफ्टवेयर तैयार किया जाता है।

### वांछित स्किल्स

जहां तक स्किल्स का सवाल है, सबसे पहली जरूरत तो यह है कि आपको वीडियो गेम्स पसंद होने चाहिए। इसके अलावा आपका इनोवेटिव, क्रिएटिव, सिस्टेमैटिक और काम के लिए समर्पित होना बहुत जरूरी है। आपके पास कॉमन गेम मैकेनिक्स और गेम प्ले थ्योरी की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। आपको स्केचिंग, ड्रॉइंग, मनुष्यों, पशुओं व पक्षियों की एनॉटमी तथा उनके बॉडी मूवमेंट्स की जानकारी और लाइटिंग इफेक्ट्स के बारे में भी पता होना चाहिए।

### भविष्य की संभावनाएं

आप बड़े गेमिंग ऑर्गनाइजेशंस में बतौर गेम डेवलपर, गेम डिजाइनर, गेम आर्टिस्ट, गेम एंड नेटवर्क प्रोग्रामर,

स्क्रिप्ट राइटर व गेम टेस्टर काम कर सकते हैं। ट्रेनी के तौर पर आपकी सैलरी 10,000 रुपए के आसपास होगी,

जो अनुभव के साथ 80,000 रुपए तक पहुंच सकती है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडियन स्कूल ऑफ गेमिंग
- जी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट्स
- एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गेमिंग एंड एनिमेशन
- माया अकेडमी ऑफ एडवांस्ड सिनेमेटिक्स
- ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ गेमिंग एंड एनिमेशन
- आईसीएटी डिजाइन एंड मीडिया कॉलेज
- पिकासो एनिमेशन कॉलेज

# करते हैं घरेलू उपचार तो, संभल जाएं वरना...



अक्सर हम सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का समाधान किचन में मौजूद मसालों, जड़ी बूटियों या सब्जियों से कर लेते हैं। हालांकि आयुर्वेद इन जड़ी बूटियों के उपयोग को सही मानता है लेकिन वैज्ञानिक और कई डॉक्टर इस बात से पूरी तरह सहमत नहीं। उनका मानना है कि हर आयुर्वेदिक नुस्खा शरीर के लिए फायदेमंद ही हो, इस बात को सच नहीं माना जा सकता है।

साथ ही उनका यह भी कहना है कि अति हर चीज की बुरी होती है। सेहत को दुरुस्त रखने वाली जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल करते समय हमें उसकी सही मात्रा के बारे में जानकारी नहीं होती और ज्यादा सेवन हमारे लिए नुकसानदायक हो सकता है।

घरेलू उपचार और आयुर्वेदिक दवाओं में इस्तेमाल होने वाली इन चीजों के नुकसान के बारे में जानते हैं?

### करेले का रस ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में मदद करता है।

**साइड-इफेक्ट :** क्या आप जानते हैं कि करेले का ज्यादा सेवन पाचन तंत्र को खराब कर सकता है और इससे एलर्जी भी हो सकती है।

### जामुन हाजमे में नुकसानदेह

ज्यादातर लोग डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए जामुन की गुठली के चूर्ण का सेवन करते हैं। इसमें कई तरह के मिनरल जैसे कैल्शियम, आयरन, पोटैशियम और विटमिन सी अच्छी मात्रा में होते हैं। इसकी वजह से यह हड्डियों के लिए फायदेमंद तो है ही, साथ ही प्रतिरोधी क्षमता को भी बढ़ाता है।

**साइड-इफेक्ट :** इसका ज्यादा सेवन करने से पाचन तंत्र कमजोर हो सकता है, क्योंकि इसे पचने में बहुत समय लगता है।

### पाचन में नुकसानदेह गिलोय

गिलोय में डायबिटीज से लड़ने के गुण होते हैं और यह चीनी खाने की इच्छा को कम करता है।

**साइड-इफेक्ट :** क्या आप जानते हैं कि गिलोय के ज्यादा सेवन से यह शुगर लेवल प्रभावित हो सकता है और पाचन तंत्र को नुकसान पहुंच सकता है?

### लिवर को नुकसान पहुंचाए

दालचीनी का इस्तेमाल वजन कम करने, पाचन तंत्र बेहतर बनाने में किया जाता है।

**साइड-इफेक्ट:** इसमें 5त्न कॉमरिन पाया जाता है, इसलिए इसके ज्यादा सेवन से लिवर को नुकसान होता है।

### सूजन का कारण मेथीदाना

इसका उपयोग हाई बीपी और पेट संबंधी समस्या में फायदेमंद है।

**साइड-इफेक्ट :** मेथी का स्वभाव गर्म होता है। ज्यादा मात्रा में खाने से पित्त बढ़ती है इससे गैस, सूजन की समस्या होती है।

आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर अमिताभ पांडेय के अनुसार, किचन में मौजूद मसालों, जड़ी बूटियों या सब्जियों में कई बीमारियों का इलाज मौजूद है। हालांकि सेहत को दुरुस्त रखने वाली जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल करते समय हमें उसकी सही मात्रा के बारे में पता होना जरूरी है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**